✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 212 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 29 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



रांची पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन


सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

### भारत की माननीय राष्ट्रपति

# का वीर भूमि झारखण्ड में अभिनंदन और जोहार

दिनांक: 28, 29 एवं 30 दिसंबर, 2025







PR-369547 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# पूर्व मध्य रेल के लिए उपलब्धियों से भरा रहा वर्ष 2025

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के दिसंबर माह तक पूर्व मध्य रेल द्वारा प्राप्त की गयी कुछ मुख्य उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार है - मालगाड़ी के परिचालन को और अधिक सुगम बनाने हेतु टोरी से बीराटोली (6.5 किमी) लाइन के दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने के साथ ही शिवपुर-टोरी तीसरी लाइन 41.5 किमी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया तथा उस पर परिचालन किया जा रहा है। इस लाइन के निर्माण कार्य पूर्ण होने से झारखण्ड स्थित चतरा एवं लातेहार कोल माइन्स से कोयले के लदान में काफी इजाफा हुआ है जो कि देश के विभिन्न पावर प्लान्टों में कोयले की आपूर्ति को अधिक सुगमता प्रदान करता है। इसके फलस्वरूप रेलवे के राजस्व में काफी वृद्धि होगी। बिहार शरीफ-अस्थावां (12.66 किमी), अस्थावां-बरबीघा (13.5 किमी) एवं बरबीघा-शेखपुरा नई रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही दनियावां से जट डुमरी तक 22 किमी लंबे रेलखंड का कार्य भी पूर्ण हो जाने से 123 किमी लंबे नेउरा-दनियावां-बिहारशरीफ-बरबीघा-शेखपुरा नई लाईन परियोजना का अधिकांश भाग पूर्ण हो चुका है तथा मात्र 20 किमी लंबे जट डुमरी से नेउरा रेलखंड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अब इस परियोजना के तहत शेखपुरा से जटडुमरी तक ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ हो गया है। इसके पूर्ण होने से माल ढुलाई एवं पैसेन्जर गाड़ियों के परिचालन में सुगमता होगी जिससे रेलवे की आय में वृद्धि होगी । इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों का भी विकास होगा। सोन नगर-पतरातू (291 किमी) तीसरी लाइन




परियोजना के तहत रिचीगुटा-बेंडी-कुमेंडी (27.249 किमी) एवं सिगसिगी-उंटारी रोड-मुहम्मदगंज (22.24 किमी) का कार्य पहले ही पूर्ण कर लिया गया था। इस वर्ष बेंडी-कुमंडी (6.74 किमी) तथा उंटारी-सतबहनी-मोहम्मदगंज (11.77 किमी) का कार्य पूर्ण किया गया। इससे गाड़ियों के परिचालन एवं रेल के राजस्व में वृद्धि एवं समय की बचत हुई है।

नवादा-तिलैया खण्ड (17.747 किमी) के दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने से किऊल-गया (122.88 किमी) दोहरीकरण परियोजना का कार्य सम्पन्न हो गया है। इस खण्ड में अब रेल का परिचालन निर्बाध रूप से हो रहा है। गढ़वा आर0 ओ0 आर0 फेज-1 (5.10 किमी) का कार्य मार्च-2025 में पूर्ण किया गया। इसके शुरू हो जाने से चोपन की ओर से आने वाली गाड़ियों का परिचालन गढ़वा रोड स्टेशन में बिना सतही क्रॉसिंग के टोरी की ओर निर्वाध रूप से होने लगा है। इससे समय की काफी बचत हुई है एवं रेल का राजस्व भी बढ़ा है। सिन्द्री मार्शलिंग यार्ड (3.00 किमी) दोहरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां पर चार अतिरिक्त लूप लाइन का निर्माण किया गया है तथा यात्रियों के सुविधा हेतु हाई लेवल प्लेटफार्म एवं शेड का निर्माण किया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने से रेल परिचालन में काफी सुगमता होगी। हजारीबाग-बानाडाग खण्ड में (4.80 किमी) दोहरीकरण कार्य पूर्ण किया गया। इस परियोजना के पूर्ण होने से एन0 टी0 पी0 सी0 खानों से कोयले की आपूर्ति में वृद्धि होगी जिससे रेलवे राजस्व को बढ़ावा मिलेगा। मुगलसराय मंडल में अवस्थित रेल समपार संख्या 56 पर आर0 ओ0 बी0 के निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इससे पुसौली पावर ग्रीड एवं इसके आस-पास अवस्थित गांव तक गया-मुगलसराय जी.टी. रोड से पहुंच सुगम हो गया है। अब इन गांवों तथा पावर ग्रिड तक जाने के लिए रेल समपार पार कर पहुंचने में होने वाली समय की क्षति में गुणोत्तर सुधार होगा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी काफी बेहतर होगा। खगड़िया-कुशेश्वरस्थान नई रेल लाईन परियोजना (44 किमी लंबे) के तहत लगभग 19 किमी लंबे खगड़िया-अलौली रेलखंड का कार्य पूर्ण करते हुए इस पर ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ कर दिया गया है। अररिया-सुपौल नई रेल लाईन परियोजना (92 किमी लंबे) के तहत मार्च, 2025 में 22 किमी लंबे सुपौल-पिपरा रेलखंड का तथा इसी वर्ष लगभग 10 किमी लंबे पिपरा-त्रिवेणीगंज रेलखंड का भी निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे में इस वित्तीय वर्ष में 77 रूट किलोमीटर पर कवच का कार्य पूर्ण करते हुए लोको ट्रायल परीक्षण किया जा चुका है। विदित हो कि दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) और प्रधानखूंटा (पीकेए) के बीच कवच का परियोजना 243 करोड़ रुपये की लागत से 417 रूट किलोमीटर रेलखंड शामिल है। इस परियोजना कि निविदा प्रदान कर दी गई है तथा अब तक 253 रूट किलोमीटर का लोको ट्रायल परीक्षण हो चुका है। इसके साथ ही इस वर्ष पूर्व मध्य रेलवे के 502 और 607 रूट किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर कवच की दो परियोजना 288 करोड़ रुपये और 264 करोड़ रुपये की लागत से कि निविदा प्रदान कर दी गई है, तथा सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस वर्ष अलग-अलग सेक्शन में 127 किलोमीटर के लिए ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है जिससे लाइन कैपेसिटी बढ़ने से ट्रेनों के समय पालन में मदद मिली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11 रोड ओवर ब्रिज और 04 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण किए गए। साल 2025 में पांच गति शक्ति कार्गो टर्मिनल चालू किए गए -पकड़ी बरवाडीह बनाडाग, हजारीबाग, आर.के. ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, सिंगरौली, लीप एग्री (खगड़िया) लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, पसराहा, सतलुज जल विद्युत निगम थर्मल प्राइवेट लिमिटेड, चौसा, एनसीएल का निगाही न्यू साइलो, शक्तिनगर, यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 36 नई ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया गया है। इनमें 02 जोड़ी वंदे भारत, 01 जोड़ी नमो भारत रैपिड रेल तथा 10 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इनके साथ ही 05 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनें तथा 18 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का भी परिचालन प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चालू वित्तीय वर्ष में 11 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों तथा 04 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों सहित कुल 15 जोड़ी ट्रेनों का मार्ग विस्तार भी किया गया है।

### कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर कांग्रेसजनों ने लिया लोकतंत्र की मजबूती का प्रण

## पांच जनवरी से मनरेगा बचाओ अभियान की होगी शुरूआत : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 141वीं स्थापना दिवस एवं कांग्रेस सेवा दल का 102वां दल दिवस प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कांग्रेस का ध्वज फहराया तथा कांग्रेस सेवा दल को नया ध्वज सौंप, झंडे की सलामी ली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मौजूद सभी कांग्रेसजनों को लोकतंत्र की मजबूती और संरक्षण के लिए प्रतिज्ञा दिलवाया। साथ ही कांग्रेस का संकल्प दोहराया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि प्रदेश कांग्रेस आगामी 5 जनवरी से प्रदेश भर में 'मनरेगा बचाओ अभियान' की शुरुआत करेगी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के बारे में उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि भारत के संविधान से प्राप्त काम का



अधिकार है जिसकी रक्षा हर हाल में की जाएगी। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजनों को शपथ दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीण मजदूरों के सम्मान, रोजगार, मजदूरी तथा समय पर भुगतान के अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगी और मांग-आधारित रोजगार व ग्राम सभा के अधिकारों की रक्षा करेगी। साथ ही मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम मिटाने तथा मजदूरों के अधिकारों को खैरात में बदलने की किसी भी साजिश का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गांधी मूर्ति गांधी मैदान में कहा कि संविधान और लोकतंत्र पर पूर्ण विश्वास रखते हुए कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाने, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करने और गांव-गांव तक अपनी आवाज़ बुलंद करने का संकल्प लेती है। मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी एवं सेवा दल द्वारा पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम से गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, बिहार के सह प्रभारी शाहनवाज आलम एवं कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष डॉ. संजय यादव ने किया।

### दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार

## रांची-हटिया-बालसिरिंग रेल मार्ग पर दो नई लाइनें बनाने की प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए प्रमुख शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार किया जा रहा है ताकि भीड़भाड़ कम हो और यात्री सुविधाओं में सुधार हो। यह पहल रेलवे नेटवर्क को उन्नत करेगी और देशव्यापी संपर्क को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ करेगी। अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, यात्रा की मांग में तीव्र और निरंतर वृद्धि को देखते हुए अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों की नई ट्रेनों को प्रारंभ करने की क्षमता को वर्तमान स्तर से दोगुना किए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान अवसंरचना को आगामी वर्षों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है। वर्ष 2030 तक इन शहरों में ट्रेनों की प्रारंभिक क्षमता को दोगुना करने के लिए निम्नलिखित कार्य किए जाएंगे। मौजूदा टर्मिनलों का विस्तार-अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, स्टेबलिंग लाइन, पिट लाइन एवं पर्याप्त शंटिंग सुविधाएं, शहरी क्षेत्र के भीतर एवं आसपास नए टर्मिनलों की पहचान एवं विकास, रखरखाव सुविधाएं जिनमें मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। विभिन्न स्थानों पर बढ़ती ट्रेनों को संभालने हेतु ट्रैफिक सुविधाओं, सिग्नलिंग उन्नयन एवं मल्टी-ट्रैकिंग के माध्यम से सेक्शन क्षमता में वृद्धि, टर्मिनल क्षमता बढ़ाने की योजना बनाते समय, टर्मिनलों के आसपास के स्टेशनों को भी सम्मिलित किया जाएगा। ताकि क्षमता का संतुलित वितरण सुनिश्चित किया जा सके। 48 प्रमुख शहरों के लिए एक व्यापक योजना विचाराधीन है। इस योजना में लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करने हेतु नियोजित, प्रस्तावित या स्वीकृत कार्य सम्मिलित होंगे। वर्ष 2030 तक क्षमता दोगुनी करने की योजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में चरणबद्ध रूप से क्षमता बढ़ाई जाएगी ताकि इसके लाभ तत्काल यात्रियों को मिल सके। इससे आगामी वर्षों में यातायात की आवश्यकताओं को क्रमिक रूप से पूरा करने में सहायता मिलेगी। योजना के अंतर्गत कार्यों को तीन श्रेणियों-तत्काल, अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक-में वर्गीकृत किया जाएगा। प्रस्तावित योजनाएं स्पष्ट समय-सीमा एवं परिभाषित परिणामों के साथ विशिष्ट होंगी। यद्यपि यह पहल कुछ चयनित स्टेशनों पर केंद्रित है, फिर भी प्रत्येक जोनल रेलवे को अपने मंडलों में ट्रेन हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने की योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि टर्मिनल क्षमता के साथ-साथ सेक्शन क्षमता एवं परिचालन बाधाओं का भी समाधान किया जा सके। उपर्युक्त के अंतर्गत दक्षिण पूर्व रेलवे में निम्नलिखित शहरों की पहचान की गई है। कोलकाता, टाटानगर, रांची।

**रांची मंडल में बालसिरिंग**

हटिया कोचिंग यार्ड में परिचालन संबंधी सीमाएं तथा स्थान की कमी है जिसके कारण भविष्य की ट्रेनों के लिए अतिरिक्त रखरखाव आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन है। इसकी भौगोलिक संरचना तथा घंटी-आकार का यार्ड लेआउट भविष्य के विस्तार हेतु अनुपयुक्त है। वर्तमान में उपलब्ध आठ वॉशिंग पिट केवल हटिया आधारित मौजूदा ट्रेनों के रखरखाव की आवश्यकताओं को ही किसी तरह पूरा कर पा रहे हैं। हटिया कोचिंग डिपो पर भार कम करने एवं भविष्य की ट्रेनों के लिए एक अत्याधुनिक आधुनिक कोचिंग डिपो विकसित करने के उद्देश्य से एक वैकल्पिक टर्मिनल विकसित किए जाने की आवश्यकता है। हटिया से 6 किलोमीटर दूर स्थित समीपवर्ती स्टेशन बालसिरिंग इस भूमिका के लिए उपयुक्त है। इस स्टेशन की सड़क संपर्क व्यवस्था अत्यंत उत्कृष्ट है। रांची रिंग रोड स्टेशन से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है। बालसिरिंग, हटिया से लगभग 6 किमी, रांची एयरपोर्ट से 8 किमी तथा रांची शहर केंद्र से लगभग 13 किमी दूर स्थित है। सभी दक्षिण एवं पश्चिम दिशा की ट्रेनें हटिया या रांची के स्थान पर बालसिरिंग से प्रारंभ की जा सकती है। वैकल्पिक रूप से उत्तर एवं पूर्व दिशा की ट्रेनें बालसिरिंग से प्रारंभ होकर हटिया एवं रांची में यात्रियों के चढ़ने-उतरने हेतु लगभग 10-10 मिनट का ठहराव कर सकती हैं और तत्पश्चात अपनी आगे की यात्रा टाटीसिलवे-बरकाकाना, मूरी-बरकाकाना, मूरी-बोकारो अथवा मूरी-चांडिल मार्गों से विभिन्न रूट, दिशाओं, भौगोलिक क्षेत्रों एवं यात्री वर्गों की आवश्यकताओं के अनुरूप जारी रख सकती हैं।

### कारीगरी हाट में लोकसुरों की गूंज, बिहार की सांस्कृतिक विरासत का उत्सव

## बिहार की सांस्कृतिक परंपरा अत्यंत समृद्ध : नीतू नवगीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आम्रपाली संस्था द्वारा गांधी मैदान, पटना में आयोजित कारीगरी हाट रविवार की संध्या बिहार की लोकसंस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। लोकगीतों और लोकधुनों से सजी सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम में बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत की सशक्त प्रस्तुति ने समां बांध दिया। उन्होंने पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से बिहार की




सांस्कृतिक आत्मा को जीवंत कर दिया जिसे सुन श्रोता घंटों झूमते रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन कारीगरी हाट की आयोजक अर्चना सिंह, नाबार्ड के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक अवधेश कुमार, सेक्शन ऑफिसर जैकी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कारीगरी हाट में नेशनल जूट बोर्ड, एनसीडीसी, डब्ल्यूडीसी नई दिल्ली, बिहार डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन अनुसंधान संस्थान सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी रही। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गणेश वंदना 'घर में पधारो गजानन जी' से हुई। इसके बाद डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने 'राम जी से पूछे जनकपुर की नारी', 'पटना से बैदा बुलाईद', 'सिया जी बहिनियां हमार हो', 'बिहार गौरव गान', 'कैसे खेले जईबू सावन में कजरिया', सामा-चकेवा पर आधारित गीत, 'मांगिला हम वरदान हे गंगा मइया', 'कहे तोसे सजना', 'कजरा मोहब्बत वाला' और 'पनिया के जहाज' जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। राजेश केशरी ने 'ओढ़नी के रंग पीयर' सहित कुछ फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। संगत में संजय मिश्रा ने कैसियो), अशोक कुमार ने बैंजो, प्रिंस कुमार ने पैड और अमरनाथ ने ढोलक पर उत्कृष्ट भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक परंपरा अत्यंत समृद्ध है और यहां के लोकगीत देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं। लोकगीतों के माध्यम से ही हम अपनी लोकपरंपराओं को संरक्षित कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं।

## सुशील मोदी की जयंती में शामिल होंगे सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 5 जनवरी 2026 को स्थानीय श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना में आयोजित सुशील कुमार मोदी जयंती समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन एवं कुम्हरार से भाजपा के विधायक संजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति




दी। आयोजकों के अनुसार जयंती समारोह में स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी के सामाजिक, राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और समाज के अलग-अलग वर्गों की भागीदारी होगी।

## चित्रांश एकता मंच महिला समिति ने किया नववर्ष महोत्सव 2026 का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चित्रांश एकता मंच महिला समिति ने नव वर्ष महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया। पूरी दुनिया नए साल 2026 के स्वागत के लिए तैयार है। दुनिया के पूर्वी कोने से नए साल का आरंभ होगा। इससे पूर्व चित्रांश एकता मंच महिला समिति ने नर्व वर्ष महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में फिल्मी गानों पर लोगों ने महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। उत्साह एवं उमंग के साथ नव वर्ष के कार्यक्रमों में लोग शामिल हुए। गीत-संगीत की महफिलें सजी। कार्यक्रम का महिलाओं ने खूब लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में शिरकत करने वाली सभी महिलाओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सभी लोगों ने एक दूसरे को आने वाले वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर खुशियों, उल्लास और आपसी मेल-जोल का माहौल बना रहा। रंगारंग प्रस्तुतियों और संगीत ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

## कड़ाके की ठंड में डॉ. सुभाष कुमार की मानवीय पहल

### जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों के बीच ऊनी टोपी, मफलर व मोजे वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए मधुमेह एवं मोटापा रोग चिकित्सा केंद्र में एक सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. सुभाष कुमार के नेतृत्व में जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को ऊनी टोपी, मफलर एवं मोजे वितरित किए गए। इस सेवा कार्य से दर्जनों बुजुर्गों को ठंड से राहत मिली। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुभाष कुमार ने कहा कि ठंड के मौसम में वरिष्ठ नागरिकों का विशेष ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, ऐसे में ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े बेहद आवश्यक




होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सेवा और संवेदना ही सच्चा मानव धर्म है और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्य निरंतर किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व वाणिज्य कर अधिकारी गोपाल प्रसाद ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। डॉ. गीता जैन एवं डॉ. सुमिता कुमारी ने भी जरूरतमंदों की सेवा को चिकित्सकों का नैतिक दायित्व बताया। कार्यक्रम में उपस्थित डाइटीशियन ने वरिष्ठ नागरिकों को ठंड के मौसम में संतुलित आहार और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी। प्रभु आहार फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि संस्था सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यों में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहती है। एमपी जैन ने बताया कि इस वितरण कार्य में विद्या देव प्रसाद, प्रभु आहार फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार, डॉ गीता जैन, डॉ सुमिता कुमारी, डायटीशियन, आदित्य राज, जितेंद्र कुमार सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही। सभी ने मिलकर अनुशासित एवं सुव्यवस्थित तरीके से सामग्री वितरण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में लाभान्वित वरिष्ठ नागरिकों ने डॉ. सुभाष कुमार एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन ठंड में यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

## श्री सालासर बालाजी परिवार, पटना ने निकाली भव्य ध्वज शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री सालासर बालाजी परिवार, पटना के तत्वावधान में आज प्रातः एक भव्य एवं श्रद्धामय ध्वजा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नागाबाबा के ठाकुरबाड़ी से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप भवन तक निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु सालासर बालाजी के जयकारों और भजनों के साथ भक्तिभाव में चलते रहे। वातावरण 'जय सालासर बालाजी' के उद्घोष और भक्ति संगीत से गुंजायमान हो उठा। महिलाएं गा रही थी -सालासर वाले ने कमाल कर दिया जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया। मेंहदीपुर वाले ने कमाल कर दिया, जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया। संध्या काल में महाराणा प्रताप भवन में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका मोना मेहता (फतेहाबाद, हरियाणा) एवं सुप्रसिद्ध भजन गायक राम कुमार लख्खा (गाजियाबाद) ने अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

## पटना में 'रन फॉर स्वच्छ भारत' मैराथन का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हरी कृष्णा ग्रुप की अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने किसना डायमंड मैराथन के 10वें ऐतिहासिक संस्करण के अंतर्गत पटना में पहले संस्करण का सफल आयोजन किया। 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' थीम पर आधारित इस मैराथन में पटना एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पटना में आयोजित इस मैराथन में 5 किमी एवं 10 किमी दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं, महिलाओं और




फिटनेस प्रेमियों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। दौड़ के समापन के पश्चात 5 किमी और 10 किमी श्रेणी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ा। यह मैराथन देशभर के 57 शहरों में एक साथ आयोजित की गई जिसे 'एक साथ सबसे अधिक शहरों में 5 किमी दौड़ के समन्वित आयोजन' श्रेणी के अंतर्गत गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास के रूप में आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया है।

## लघुता में है प्रभुता : बलराम

### 30वें लघुकथा सम्मेलन के विभिन्न चार सत्रों में तीन दर्जन से अधिक शोध पत्र पढ़े गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चर्चित लघुकथाकार- संपादक बलराम ने कहा है कि लघुकथा को पूरी दुनिया में अन्य साहित्यिक विधाओं की तरह खूब प्रतिष्ठा मिल रही है और अब लघुकथा विश्वविद्यालयों और विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हों, यह प्रयास जरूरी है। वे रविवार को किलकारी बिहार बाल भवन में अखिल भारतीय



प्रगतिशील लघुकथा-मंच के तत्वावधान में लघुकथा सम्मेलन के दूसरे दिन लघुकथा की रचना और सिद्धांत विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने लघुकथा के क्षेत्र में सतीशराज पुष्करणा के योगदान की चर्चा करते हुए उन्होंने कुछ मित्रों के साथ मिलकर 1980 के दशक में लघुकथा को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मैंने पुष्करणा जी के साथ मिलकर लघुकथा के संवर्धन के लिए काम किया। प्रथम सतीशराज पुष्करणा लघुकथा शिखर सम्मान से सम्मानित श्री बलराम के योगदान पर आयोजित विशेष सत्र '75 के बलराम' की अध्यक्षता अध्यक्षता करते हुए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा उन्होंने विश्व लघुकथा कोश और हिंदी लघुकथा कोश संपादित कर अभूतपूर्व कार्य किया है।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 212 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 29 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की नौसेना की पनडुब्बी आइएनएस वाघशीर की यात्रा

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व नक्सली कमांडर की गोली मारकर हत्या

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चरका पत्थर थाना के चिल्काखार गांव निवासी नक्सली कमांडर रहे लखन यादव की अज्ञात हमलावरों ने शनिवार देर शाम बाराटांड गांव में गोली मारकर हत्या कर दी है। चरका पत्थर पुलिस ने लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये जमुई भेज दिया है। मारा गया नक्सली झाझा जीआरपीएफ रेल हथियार लूट कांड समेत कई नक्सली कांडों में आरोपित बताया गया है।

### संदिग्ध परिस्थिति में लापता महिला कृषि अधिकारी बरामद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** परिस्थिति में लापता हुई महिला कृषि अधिकारी को पुलिस ने सारण के मशरख से ढूंढ़ निकाला है। सहेली के जन्मदिन पर उसे सरप्राइज देने वह मशरख गईं थी। कृषि विभाग की अधिकारी अर्यमा दीप्ति की सकुशल बरामदगी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। अपहरण की आशंका को लेकर पटना पुलिस पिछले चौबीस घंटे से हलकान रही। घर लौटने के दौरान महिला अधिकारी का मोबाइल बंद हो गया था। पति ने अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए बख्ति यारपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल लोकेशन के आधार पर सारण जिल े के मशरख में पहुंची जहां वह सहेली के घर मिली।

### कट्टा व कारतूस के साथ इनामी अपराधी गिरफ्तार

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** सेमापुर थाना पुलिस ने लूटकांड का उदभेदन करते हुए छापेमारी कर 20 हजार के इनामी अपराधी को एक कट्टा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। 20 नवंबर को वादी सूरज कुमार ने आवेदन में बताया था कि दो बाइकों पर सवार कुल छह अज्ञात अपराधियों ने उसका पीछा किया तथा फायरिंग कर भय दिखाते हुए उससे रसीद, फिंगरप्रिंट मशीन एवं 65,169 लूट कर फरार हो गया। आवेदन के आलोक में बरारी थाना कांड संख्या-333/24 धारा 310(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी।

### अल्पसंख्यक विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति से होगी शिक्षकों की तैनाती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई वाले जिन अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नये शैक्षिक सत्र से पढ़ाई शुरू होगी, उनमें शिक्षकों की तैनाती प्रतिनियुक्ति के आधार पर होगी। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधी आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। शिक्षा विभाग के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों से प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति को लेकर पहल की गई है। शिक्षा विभाग के मुताबिक प्रतिनियुक्ति से भरे जाने पदों को लेकर शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन 25 जनवरी तक मांगे गए हैं।

# बिहार की 24 औद्योगिक इकाइयों में होगा 2255 करोड़ रुपये का निवेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज लागू होने के बाद देश-दुनिया के निवेशक बिहार के प्रति तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। बीते कुछ महीनों में राज्य सरकार को निवेश के 143 निवेश प्रस्ताव मिले। इसके माध्यम से 27 हजार करोड़ का निवेश होना है। इन प्रस्तावों में 65 प्रस्तावों को लेकर एमओयू भी हो चुका है। इनमें 15 हजार करोड़ से अधिक का निवेश होगा। पिछले तीन महीनों में राज्य में निवेश के 2255 करोड़ के 24 प्रस्तावों का एमओयू किया गया है। राज्य सरकार ने उद्योग को रफ्तार देने के लिए जिन योजनाओं पर काम शुरू किया है, उसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से जमीन पर दिखने लगा है। पिछले दिनों राज्य में इथेनॉल, सीमेंट, टेक्सटाइल, बैग, जूता-चप्पल, सॉफ्ट ड्रिंक, पेपर, रिसाइकिल पेपर, रबड़, प्लास्टिक, वाटर सप्लाई सामग्री, नमकीन-मिक्सचर, फ्लावर मिल्स, राइस मिल्स, सरिया, गुड़ की फैक्ट्रयां लगी हैं। इसके अलावा खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग, ऊर्ज़ा, टेक्सटाइल, आईटी, आईटीईएस, लघु विनिर्माण, पर्यटन एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से निवेश आ रहा है। बिहार के उत्पाद दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना तक जा रहे हैं। कुछ उत्पाद यूरोपीय देशों के अलावा, अमेरिका, नेपाल भी पहुंच रहे हैं। अब बिहार यूरोपीय संघ के विभिन्न देशों में निर्यात बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। राज्य में एक दर्जन से अधिक सामग्री का न केवल उत्पादन हो रहा है बल्कि वे राज्य के बाहर के बाजारों में भी अपनी धमक दिखला रहे हैं। राज्य के उत्पाद विदेशों में भी अपनी मौजूदगी का अहसास करा रहे हैं। बिहार के उत्पादों को अन्य राज्यों में पसंद भी किया जा रहा है। यही नहीं कई उत्पाद के लिए तो बिहार के अंदर भी अच्छा बाजार उपलब्ध है। पिछले दिनों राज्य में 346 औद्योगिक इकाइयां शुरू हुईं। इनमें उद्यमियों ने लगभग 4500 करोड़ का निवेश किया है। इनके माध्यम से लगभग 20 हजार नौकरियां दी गयी हैं। इसके अलावा राज्य सरकार ने 354 इकाइयों को वित्तीय सहमति प्रदान कर दी है।

## आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा हैं सीएम नीतीश कुमार : राजीव रंजन प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा हैं। विरासत में मिले बदहाल राज्य को उन्होंने विकास के जिन ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, वह पूरे देश में एक मिसाल बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की गंगा बह रही है। आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विकास, रोज़गार और नौकरियां, औद्योगीकरण एवं निवेश का वातावरण संभव हुआ है। 2025 से 2030 के बीच राज्य को विकसित बिहार बनाने के संकल्प के साथ सीएम निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

## दम घुटने से नाना और नाती की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दी से बचने के लिए लोग आग जलाकर ताप रहे हैं लेकिन यह जानलेवा साबित हो रहा है। नवादा में बोरसी की आग ने नाना और नाती की जिंदगी छीन ली। बोरसी की धुएं से दम घुटने से यह दर्दनाक हादसा हुआ है। अन्य तीन लोग गंभीर हालत में विम्स पावापुरी में भर्ती हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के त्रिलोकी बिगहा गांव में शनिवार रात जब परिवार के पांच सदस्य एक कमरे में सो रहे थे। कमरे को गर्म रखने के लिए बोरसी में आग जलाई गई थी। कमरा पूरी तरह बंद होने के कारण उसमें धुआं भर गया। जिस वजह से कमरे में मौजूद लोगों का दम घुटने लगा और सभी बेहोश हो गए। सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के अन्य सदस्यों ने दरवाजा खोला। अंदर सभी लोग बेहोशी की हालत में पड़े मिले। तत्काल सभी को पावापुरी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान 50 वर्षीय नाना और एक साल के नाती (आशीष कुमार) की मौत हो गई। आशीष अपनी मां के साथ ननिहाल आया हुआ था। कमरे में आशीष की मां और नानी समेत तीन लोग सोए थे। सभी को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि दो लोग पावापुरी में भर्ती हैं जबकि एक को पटना रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि रात के समय कमरे में अंगीठी जलाकर नहीं सोए।

## तीन नक्सलियों ने डीजीपी के सामने किया समर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुंगेर।** जिले के हवेली खड़गपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार के समक्ष तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें जोनल कमांडर नारायण कोड़ा, सब जोनल कमांडर बहादुर कोड़ा और सक्रिय सदस्य विनोद कोड़ा शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नारायण कोड़ा और बहादुर कोड़ा पर सरकार ने तीन-तीन लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। नारायण कोड़ा के खिलाफ 23 मामले, बहादुर कोड़ा के खिलाफ 24 मामले और विनोद कोड़ा के खिलाफ तीन मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। तीनों ने पुलिस के समक्ष हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। नारायण कोड़ा धरहरा प्रखंड अंतर्गत अजीमगंज पंचायत के पैसरा का निवासी है जबकि बहादुर कोड़ा हवेली खड़गपुर प्रखंड के बघेल का रहने वाला है। विनोद कोड़ा लखीसराय जिले के कजरा थाना क्षेत्र स्थित शीतला कोड़ासी से है। सरकार की पुनर्वास नीति के तहत इन माओवादियों को 9.10 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्हें 36 महीने तक प्रति माह 10-10 हजार रुपए, हथियार जमा करने के लिए 11,1509 रुपए, पांच-पांच डिसमिल जमीन, जन वितरण प्रणाली की दुकान, रोजगार, वृद्धावस्था पेंशन और सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जैसी सुविधाएं मिलेंगी। बच्चों की शादी, गाय या बकरी पालन, चापाकल और शौचालय जैसी अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि माओवाद उन्मूलन के क्षेत्र में सभी राज्यों ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। बिहार में इस दिशा में तेजी से काम हुआ है जिसके परिणामस्वरूप 23 अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवादियों की उपस्थिति अब शून्य हो गई है। लिगेसी एंड थ्रस्ट वाले चार जिलों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि माओवाद प्रभावित इलाकों में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में सड़कें, एक्सप्रेस-वे, नेशनल हाईवे, कौशल विकास केंद्र, स्कूल और कॉलेज खोले जा रहे हैं। इसका उद्देश्य उन युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाना है जो उग्रवाद की ओर अग्रसर हो गए थे।

## इज ऑफ लिविंग पर नीतीश सरकार ने जनता से मांगे सुझाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ईज ऑफ लिविंग (जीवन की सुगमता) को लेकर नीतीश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने के लिए सूबे की आम जनता से सुझाव और राय मांगी है। जिससे न सिर्फ प्रशासनिक सुधार हो बल्कि आम आदमी के जीवन में भरोसे और भागीदारी की भावना को भी मजबूती मिले। राज्य के हर नागरिक के जीवन को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से सरकार ने 'सात निश्चय-पार्ट 3' के अंतर्गत निश्चय-7ः सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत कार्यक्रम शुरू किया है। नीतीश सरकार ने वर्ष 2025 से 2030 के लिए बिहार को देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने रोज़मर्रा के अनुभव साझा करें। वो अनुभव जो अक्सर फाइलों में दर्ज नहीं हो पाते। सरकार चाहती है कि लोग अपने गांव, टोला, मोहल्ला या शहर की उन समस्याओं की पहचान करें, जो उनकी ज़िंदगी को मुश्किल बनाती हैं और साथ ही उनके व्यावहारिक समाधान भी सुझाएं। इसके लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है, साथ ही वो पता भी बताया गया है जिस पर लोग अपने सुझाव भेज सकते हैं। आगामी 4 जनवरी 2026 तक क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन या पत्र द्वारा इस अपर सचिव, 4 देशरत्न मार्ग, मुख्यमंत्री सचिवालय, पटना-800001 के पते पर सुझाव भेज सकते हैं। इसके बाद सरकार को प्राप्त हर सुझाव की समीक्षा की जाएगी और उन्हीं के आधार पर आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से उसका क्रियान्वयन किया जाएगा ताकि बदलाव कागज़ों तक सीमित न रहे, बल्कि लोगों की जिंदगी में साफ दिखे। यह पहल बताती है कि बिहार में विकास का मतलब अब केवल योजनाएं नहीं बल्कि लोगों की मुस्कान, उनकी सुविधा और उनका सम्मान है। जब सरकार और जनता साथ चलती है तभी सच्चे अर्थों में सुशासन और मानवीय विकास संभव होता है। नीतीश सरकार की यह पहल इसलिए ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि लोकतंत्र के इतिहास में यह एक दुर्लभ और अनूठा प्रयोग है, जहां सरकार खुद जनता से कह रही है– 'समस्या आप बताइए, समाधान हम करेंगे'।

## जयंती पर स्व. अरूण जेटली को किया नमन




**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. अरूण जेटली के जन्मदिवस पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग स्थित सेक्टर-ए, पार्क संख्या-31 में किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. अरूण जेटली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री राम कृपाल यादव, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व विधायक अरूण कुमार सिन्हा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. अरूण जेटली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

## बिहार के 14 जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में लोगों को ठंड का टॉर्चर अभी और सहना पड़ेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार इस मौसम में सबसे ठंडा रहा। ऐसे में मौसम विभाग की तरफ से बड़ी चेतावनी जारी की गई है। बिहार के अधिकांश जिलों में अगले पांच दिनों तक घना और मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है। साथ ही ठंडी हवा के कारण दिन में कनकनी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक नये साल के पहले दिन एक जनवरी और दूसरे दिन दो जनवरी को भी राज्य के अधिकतर जिलों के कुछ जगहों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। एक जनवरी को पटना, गया, भागलपुर, दरभंगा, पूर्णिया, बेगूसराय, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, बांका, जमुई में लोगों को अधिक कनकनी महसूस होगी। साथ ही अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अनेक जगहों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो, अगले दो दिनों तक पटना, भोजपुर, बक्सर, भभुआ, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, बेगूसराय, शेखपुरा, गया और जमुई में कोल्ड डे का अलर्ट किया गया है। जबकि पश्चिम और पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, शिवहर, सीवान, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा और सीतामढ़ी में घना कोहरा का अलर्ट जारी किया गया है।

## महिला यात्रियों की सुरक्षा बिहार सरकार की प्राथमिकता : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

### औरंगाबाद में 19 महिलाओं को दिया जा रहा पिंक बस चलाने का प्रशिक्षण




**औरंगाबाद।** बिहार के परिवहन एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को औरंगाबाद के आईडीटीआर में पिंक बसों की महिला चालकों के उत्साहवर्धन सह प्रोत्साहन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्री कुमार ने कहा कि बिहार सरकार महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है और इस दिशा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर पूरे राज्य में 100 पिंक बसों का संचालन किया जा रहा है। इन पिंक बसों में सिर्फ महिला यात्री ही यात्रा कर सकती हैं। इस बस के सभी कर्मचारी महिलाएं ही होंगी। इन बसों में चालक और कंडक्टर भी महिला रखने के लिए अधिकारियों को कहा गया था जिसके बाद 2025 में नई सरकार के शपथ ग्रहण के 1 माह के अंदर ही 19 बेटियों को पिंक बस के चालक के रूप में औरंगाबाद के आईडीटीआर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह सभी महिला चालक यहां पर एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न जिलों में पिंक बस चलाएंगी। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं। सभी सरकारी नौकरियों या संस्थानों मे 35 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सरकार ने सुनिश्चित की है जो प्रशंसा के योग्य है। श्री सिंह ने कहा कि बिहार के लिए गौरव की बात है कि बिहार सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इतना बड़ा कदम उठाया है और उनके सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिला चालकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। आईडीटीआर में प्रशिक्षण ले रही महिलाओं ने बस चलाया जिस पर मंत्री ने सवारी की। बिहार की पहली महिला कैब चालक अर्चना पांडेय व प्रशिक्षण ले रही रागनी कुमारी ने बारी-बारी से बस का संचालन किया जिसकी सवारी मंत्री, विधायक व अधिकारियों ने किया। जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही में एक करोड़ 56 लाख जीविका दीदियों के खाते में दस-दस हजार रुपये भेज कर सरकार ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस पहल के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए सरकार बधाई के पात्र है। वहीं विधायक ने परिवहन मंत्री को औरंगाबाद में महिलाओं को बस चलाने के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए बधाई दी। मौके पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के मुख्य प्रशासन सुभाष नारायण, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, पिंक बस की नोडल पदाधिकारी ममता कुमारी, आईडीटीआर के प्रशिक्षक गौरव, अभिषेक, विद्यासागर, रितेश आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### छत से गिरकर किशोर घायल, रेफर

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के उतरवारी धमनी गांव में रविवार को छत पर से गिरकर एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उतरवारी धमनी गांव निवासी सत्येंद्र साव ने बताया कि उनका पांच वर्षीय पुत्र अर्णव कुमार ने मुहल्ले के कुछ बच्चों के साथ अपने घर के बिना रेलिंग के रहे छत के उपर खेल रहा था, उसी क्रम में वे छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में पीएचसी कौआकोल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उसे नवादा रेफर कर दिया है।

### उर्स-ए-ख़्वाजा श्रद्धा व सौहार्द के साथ संपन्न

**नवादा (नरहट)।** नवादा ज़िले के नरहट प्रखंड अंतर्गत ग्राम शेखपुरा में 14 रज्जब, 4 जनवरी को सूफ़ी संत ख़्वाजा अब्दुल्ला चिश्ती रह.अ. का वार्षिक उर्स पूरे अकीदत, अनुशासन और शांति के माहौल में संपन्न हुआ। उर्स के अवसर पर बड़ी संख्या में ज़ायरीन पहुंचे और फातिहा, दुआ तथा ख़िदमत-ए-ख़ल्क़ के माध्यम से अमन-ओ-मोहब्बत का संदेश दिया। स्थानीय बुज़ुर्गों के अनुसार, प्रारंभ में मजार खुले स्थान पर थी, जिसे 1970 के दशक में गौसपुर मोहल्ला की समिति द्वारा ढलाई कर सुरक्षित किया गया। इसके बाद उर्स आयोजन को स्थायित्व मिला और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती गई। ढलाई के कुछ वर्षों बाद ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्ति ज़मीर उद्दीन अंसारी के प्रयासों से उर्स में गैस लाइट की व्यवस्था और क़व्वाली कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिससे आयोजन को क्षेत्रीय पहचान मिली।

### महिला शराब कारोबारी गिरफ्तार

**कौआकोल।** कौआकोल पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के गुड़ीघाट गांव स्थित ट्रांसफार्मर के पास नाला पर डेली में शराब बेच रही महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार महिला गुड़ीघाट गांव निवासी कामेश्वर मांझी की पत्नी ममता देवी बताई जाती है। जिसे पुलिस ने शराब बेचते रंगेहाथ डेली में अलग अलग प्लास्टिक में लगभग 10.25 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### आठ आरोपित गिरफ्तार, रायफल जब्त

**नारदीगंज, नवादा।** थाना क्षेत्र के कुझा गांव में रविवार को पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान आठ आरोपित को गिरफ्तार किया। साथ में एक देशी रायफल को भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कांड संख्या 453/25 के आर्म्स एक्ट के आरोपित धीरेंद्र कुमार, अंजली देवी, धर्मेंद्र चौहान, प्रमिला देवी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कांड संख्या 455/20 25 अंकित कुमार, रामप्रीत चौहान, धर्मराज कुमार, सुशीला देवी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपित को न्यायालय में भेज दिया गया है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा।** प्रिंसिपल क्रिकेट क्लब नारदीगंज द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन हुआ। इंटर विद्यालय नारदीगंज खेल मैदान में रविवार को पीसीसी ब्लू महिला क्रिकेट क्लब,यूपी व पीसीसी रेड महिला क्रिकेट क्लब बिहार के बीच क्रिकेट मैच हुआ। आयोजक बबलू वर्मा ने कहा पीसीसी रेड क्रिकेट क्लब बिहार ने जीत हासिल किया। यह टीम 29 ओवर चार बाल में दस विकेट खोकर 240 रन बनाया। इसके जबाब में टीम ब्लू ने 25 ओवर तीन गेंद में 83 रन बनाकर आल आउट हो गई। रेड टीम ने 157 रन से जीत हासिल किये। मैन आफ द मैच रेड टीम के कप्तान मुस्कान वर्मा बनी। उन्होंने कहा तीन मैचों का सीरीज का पहला मैच शुरु हुआ है। यह मैच 37 ओभर का है। मुख्य अतिथि मुखिया अमिता देवी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा, जागरण पंचायत क्लब हंड़िया के अध्यक्ष दीपू कुमार बाला जी, वीमेंस क्लब के अध्यक्ष रेखा वर्मा, समाजसेवी विकास कुमार समेत अन्य ने फीता काटकर विधिवत उदघाटन किये। पीसीसी ब्लू महिला क्रिकेट क्लब ,यूपी की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

### कपड़ा कारखाने में हादसाः युवक की मौत

**रजौली।** थाना क्षेत्र के इमलियाटांड़ गांव निवासी एक युवक की सूरत स्थित कपड़ा कारखाने में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद रविवार सुबह जब उसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घर के आंगन से लेकर गांव की गलियों तक सन्नाटा पसरा रहा, हर आंख नम और हर दिल बोझिल नजर आया। मृतक की पहचान इमलियाटांड़ निवासी विनोद मालाकार के 32 वर्षीय पुत्र आकाश मालाकार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, आकाश बीते 27 नवंबर को रोज़गार की तलाश में सूरत गया था, जहां वह एक कपड़ा फैक्ट्री में कार्यरत था। बीते 25 दिसंबर की रात करीब आठ बजे फैक्ट्री परिसर में वह सीढ़ी से गिर पड़ा। उसके साथ काम कर रहे सहकर्मियों ने तत्काल उसे उठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के गवर्नर चुने जाने पर डॉ. अजय कुमार का सम्मान समारोह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 के लिए वर्ष 2026–27 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद पर डॉ. अजय कुमार के चयन से रोटरी परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में राजगीर स्थित इंडो हॉकी परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ नवादा द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अजय कुमार को अंगवस्त्र और सम्मान चिह्न भेंट कर उनके सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण, सशक्त नेतृत्व क्षमता और रोटरी आंदोलन में निरंतर योगदान की सराहना की गई। अपने संबोधन में रोटरी क्लब ऑफ नवादा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि डॉ. अजय कुमार का डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुना जाना जिले के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में रोटरी की सेवा गतिविधियों को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में प्रभावी कार्य होंगे।

# राजगीर में विकास कार्यों की मंत्री ने की समीक्षा

## पर्यावरण संरक्षण व पर्यटन सुविधाओं पर दिया जोर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने अधिकारियों के साथ राजगीर का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। राजगीर पहुंचने पर मंत्री ने जयप्रकाश उद्यान पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पार्क परिसर में स्थित मगध सम्राट जरासंध स्मारक का अवलोकन किया और इसके संरक्षण व सौंदर्याकरण को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। मंत्री ने पार्क में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण के अनुकूल विकास कार्यों को प्राथमिकता देने तथा पर्यटकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यान की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए। इसके बाद मंत्री ने वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम. से राजगीर क्षेत्र में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और पर्यटन से जुड़े कई कार्य प्रगति पर हैं। इस पर मंत्री ने योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया। डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राजगीर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संतुलन बनाए रखा जाए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि राजगीर को स्वच्छ, हरित और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सभी योजनाओं को प्रभावी तरीके से धरातल पर उतारा जाए।

# अज्ञात बदमाशों का तांडव दो घरों को बनाया निशाना

## पिस्टल की नोक पर घर से नकदी व जेवरात की लूट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत गनीपुर गांव में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए दो घरों को निशाना बनाया। यह सनसनीखेज घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है, जब बदमाशों ने गनीपुर गांव निवासी उमेश रविदास के घर में घुसकर पिस्टल की नोक पर नकदी समेत कीमती सामान लूट लिया, जबकि पास के एक अन्य घर में चोरी का प्रयास किया गया। पीड़ित परिवार के अनुसार, उमेश रविदास अपनी पत्नी और बीमार बच्ची के इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच में थे। घर में केवल छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे। इसी दौरान रात करीब दो बजे अज्ञात बदमाश घर में घुस आए। हथियार दिखाकर बच्चों को डराया-धमकाया गया और उनके सामने ही अलमारी व बक्सों की तलाशी ली गई। बदमाश नकद रुपये, जेवरात और अन्य घरेलू सामान लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। इधर, बदमाशों ने पास के एक अन्य घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन लोगों के जाग जाने पर वे वहां से भाग निकले। घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। यह वारदात इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है—एक ऐसा सन्नाटा, जिसमें डर की आवाज़ साफ सुनाई दे रही है।

# रोटरी क्लब ऑफ नालंदा ने किया डीजीएनडी डॉ. अजय कुमार का अभिनंदन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब ऑफ नालंदा द्वारा आज डीजीएनडी आरटीएन डॉ. अजय कुमार के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीओएल प्रतिनिधि पीडीजी आरटीएन योगेश गंभीर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। क्लब अध्यक्ष आरटीएन डॉ. अवधेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन रोटेरियन डॉ. अजित कुमार ने किया। डीजी आरटीएन नम्रता ने अपने संबोधन में रोटरी के उद्देश्यों और सेवा भावना पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर पीडीजी आरटीएन बिंदु सिंह और पीडीजी आरटीएन अजय छाबड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए डीजीएनडी डॉ. अजय कुमार का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में डीजीएनडी आरटीएन डॉ. अजय कुमार ने सभी रोटेरियन साथियों का आभार जताया और कहा कि उन्हें जो बड़ी जिम्मेदारी मिली है, उसे वे रोटरी परिवार के सहयोग से पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह दिन नालंदा के रोटेरियन के लिए विशेष महत्व रखता है। सीओएल प्रतिनिधि पीडीजी आरटीएन योगेश गंभीर ने उपस्थित सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए रोटरी के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस मना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 141वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के झंडे का ध्वजारोहण कर कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा और संघर्षों को याद किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह ने किया। स्थापना दिवस समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। पार्टी ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज को मजबूती से उठाया है। नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। जिला अध्यक्ष सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की जड़ें जनता से जुड़ी हैं और आज भी पार्टी आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने, बूथ स्तर तक पार्टी को सक्रिय करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया। वहीं मंटन सिंह ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास त्याग, बलिदान और सेवा से भरा हुआ है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पार्टी के जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# क्रिकेट टूर्नामेंटः खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त जोश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा (नालंदा)।** रामबाबू हाई स्कूल मैदान में रविवार को प्रीमियर लीग (एचपीएल) सीजन–3 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार तथा मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिलसा के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां के ऊर्जावान युवाओं द्वारा लगातार तीसरी बार इस भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं का मनोबल बढ़ता है और क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है। अतिथियों ने भरोसा दिलाया कि खेलों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उद्घाटन मैच बाढ़ और सरथुआआ की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। टूर्नामेंट के आयोजक चुन्नू प्रकाश धोनी ने बताया कि प्रतियोगिता 28 दिसंबर से 18 जनवरी तक चलेगी। 18 जनवरी को फाइनल मुकाबले के बाद विजेता टीम को 50 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर चुन्नू प्रकाश धोनी, दीपक कुमार, प्रेम कुमार, राजकुमार, आर्यन, छोटू वर्मा, राहुल कुमार, शुभम, राकेश कुमार, राजन, सुधांशु, दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# काम के दौरान छत से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के छज्जू मोहल्ले में काम के दौरान हुए हादसे में एक युवा राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहम्मद अलाउद्दीन के पुत्र मोहम्मद गोल्डन (27) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गोल्डन मोहल्ले के ही एक घर में दीवार लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दीवार के साथ नीचे गली में गिर पड़ा। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे तत्काल बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए उसे अपने साथ ले जाने का निर्णय लिया। वहीं, इस मामले पर बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि उन्हें घटना की औपचारिक सूचना नहीं मिली है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अरावली–हिमालय बचाने को भाकपा माले का 'पर्यावरण बचाओ' मार्च



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** अरावली और हिमालय पर्वत श्रृंखला को बचाने तथा पर्यावरण संरक्षण की मांग को लेकर भाकपा (माले) की ओर से रविवार को राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत नवादा में पर्यावरण बचाओ मार्च निकाला गया। यह मार्च नगर थाना के समीप से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए भगत सिंह चौक पहुंचा, जहां यह एक सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कॉमरेड भोला राम ने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला लगभग 970 किलोमीटर में फैली हुई है और राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली सहित कई राज्यों के लिए जीवनदायिनी है। अरावली को नष्ट करने से थार की रेत हिमालयी ग्लेशियरों पर जम सकती है, जिससे देश को गंभीर प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर प्राकृतिक संपदाओं को अपने पूंजीपति मित्रों के हाथों बेच रही है। उन्होंने बिहार की डबल इंजन सरकार पर भी नदियों, तालाबों और पहाड़ों पर अतिक्रमण तथा खनन माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया। मार्च में जिला सचिव कॉम अजीत कुमार मेहता, सुदामा देवी, सावित्री देवी, श्रीकांत महतो, रमेश पासवान, सुधीर राजवंशी, मंटू कुमार, श्यामदेव विश्वकर्मा, सुगिया देवी, अनुज प्रसाद सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मन की बात में पीएम ने कहा विकसित भारत का संकल्प निश्चित रूप से होगा पूरा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को रविवार को भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला कार्यालय में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस मौके पर प्रधानमंत्री के बचपन पर आधारित प्रेरक फिल्म "चलो जीते हैं" का भी सामूहिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उनके जीवन और विचारों पर आधारित संगोष्ठी एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रप्रेम, दूरदर्शी नेतृत्व और प्रेरक व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन से सीख लेते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नालंदा जिले में अटल जी के साथ कार्य कर चुके प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह एवं पूर्व जिला महामंत्री ललन जी ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अटल जी की प्रसिद्ध पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि उनका विचार और दर्शन आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने आगामी 5 जनवरी को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. सुशील कुमार मोदी की जयंती समारोह में नालंदा जिले से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता का आह्वान किया।

# परिश्रम और अनुशासन से मिलती है कामयाबी : डीडीसी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार, नवादा में रविवार को विद्यालय के 1995 बैच के द्वारा पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला विकास आयुक्त नीलिमा साहू, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामानंद तिवारी एवं रेनेसा के अध्यक्ष रविचंद्र प्रभाकर, कार्यक्रम आयोजन के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी तथा बान के सचिव रामबाबू पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उप-विकास आयुक्त ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से ही कामयाबी मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा से बड़ा पद प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य ने छात्रों को कैरियर परामर्श देकर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एलुमनाई डॉ. शैलेंद्र कुमार प्रसून, रैंबो एवं विद्यालय के वर्तमान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रेनेसा के द्वारा विद्यालय के पूर्व शिक्षकों, वर्तमान शिक्षकों सहित विद्यालय के 2025 की बोर्ड परीक्षा में वर्ग दशम एवं द्वादश में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र चौधरी, रविचंद्र प्रभाकर, डॉ. नीरज कुमार, महेश कुमार, सौरभ कुमार, ओमप्रकाश तथा अन्य छात्रों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन और उद्घोषक का कार्य विद्यालय के शिक्षक राम एकबाल कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के मीडिया प्रभारी हरेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# केरल एसोसिएशन बिहार ने इंटर स्कूल खो खो चैंपियनशिप का किया आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सेंट जोसेफ एकेडमी में एक इंटर स्कूल खो खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 14 टीमों ने हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट 16 साल से कम उम्र के लड़के और लड़कियों दोनों के लिए था। हिस्सा लेने वाले स्कूल बिहार के अलग-अलग जिलों के थे। टीम में सेंट मैरी स्कूल, बरबीघा, सेंट जोसेफ एकेडमी बिहारशरीफ, सेंट पॉल इंग्लिश स्कूल हरनौत, सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल गया, सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल लखीसराय, सेंट टेरेसा इंग्लिश हाई स्कूल वारिसलीगंज, सेंट टेरेसा इंग्लिश स्कूल चंडी शामिल थे।

टूर्नामेंट में सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल बरबीघा के लड़के और लड़कियां दोनों चैंपियन बने और लड़कों के डिपार्टमेंट में सेंट पॉल इंग्लिश स्कूल हरनौत रनर अप रहा और लड़कियों के डिपार्टमेंट में सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल लखीसराय रनर अप रहा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि अब यह टूर्नामेंट हर साल आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से छात्रों को एक्सपोजर पाने का मौका मिलता है। और यह बिहार के अलग-अलग जिलों को एक जगह लाता है। जिससे बिहार के अलग-अलग हिस्सों के बच्चों के बीच अच्छे रिश्ते बनेंगे। विजेताओं को चैंपियन ट्रॉफी और मेडल और मेरिट सर्टिफिकेट दिए गए। हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिए गए। खो खो एसोसिएशन नालंदा के सेक्रेटरी और अन्य सदस्य रेफरी थे।

# डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा की स्थापना, सामाजिक कार्यकर्ता हुए सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा के लाईन पार मिर्जापुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। यह प्रतिमा उमाशंकर रजक के आवास पर समाजसेवी पड़कन चौधरी के निर्देशन में स्थापना किया गया। रविवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर डॉ॰ अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में आगत अतिथियों को अंगवस्त्र ,बुके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्री रजक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ॰ अम्बेडकर ने दलित-महादलित और अल्पसंख्क तथा पिछड़े वर्ग के लिए जो संविधान में अधिकार दिए हैं। उससे लोगों को सम्मान और अधिकार में बराबरी का हक मिला। सामाजिक भेदभाव, ऊंच-नीच तथा प्रताडऩा भरी जिंदगी से उबरने के लिए समानता का अधिकार देकर वे दबे कुचले लोगों को को पटल पर लाने का जोर दिया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा डॉ. अंबेडकर एक महान नेता, सामाजिक सुधारक और भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नगर में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया।

# 'हम भारत के लोग' नागरिक संप्रभुता का मूल कथन : शशि प्रताप शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भुवनेश्वर।** 62वें अखिल भारतीय राजनीति विज्ञान सम्मेलन एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन का आयोजन 'हम भारत के लोग' विषय पर केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में किया गया। यह आयोजन केआईआईटी विश्वविद्यालय और भारतीय राजनीति विज्ञान संघ (आईपीएसए) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश से आए प्रख्यात शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रख्यात राजनीति विज्ञान विशेषज्ञ शशि प्रताप शाही ने 'समकालीन भारत में अधिकारों की राजनीति' विषयक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'हम भारत के लोग' भारतीय लोकतंत्र में नागरिक संप्रभुता का मूल कथन है। समकालीन भारत में अधिकारों की राजनीति इसी कथन की व्यवहारिक अभिव्यक्ति है जहां अधिकार अब केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं रह गए हैं, बल्कि समानता, असहमति, पहचान और न्याय से जुड़े सक्रिय राजनीतिक दावे बन चुके हैं। नागरिक अधिकारों और सामाजिक-आर्थिक न्याय के प्रश्न आज राज्य और नागरिकों के संबंधों को निरंतर पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। शशि प्रताप शाही ने कहा कि डिजिटल युग में निजता, अभिव्यक्ति और आंकड़ा-सुरक्षा जैसे नए अधिकार इस राजनीति को और अधिक ठोस बनाते हैं। ऐसे में 'हम भारत के लोग' की सार्थकता तभी बनी रह सकती है जब अधिकारों की राजनीति समावेशी, संवैधानिक नैतिकता पर आधारित और संवादोन्मुख हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की मजबूती अधिकारों के संकुचन में नहीं, बल्कि उनके संरक्षण में निहित है। केआईआईटी विश्वविद्यालय के आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक आयोजन विद्यार्थियों और शोधार्थियों को वैचारिक रूप से समृद्ध करते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सुदृढ़ बनाते हैं। सम्मेलन के समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और आयोजन की सफलता के लिए सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय से अंजनी कुमार घोष, शमशाद अंसारी, धर्मेंद्र कुमार, अविनाश कुमार, अशोक कुमार और पंकज कुमार उपस्थित रहे। यह सम्मेलन शैक्षणिक उत्कृष्टता, लोकतांत्रिक मूल्यों और बौद्धिक विमर्श को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



## मगध पुस्तक मेला में नन्हे तीरंदाजों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

### तीरंदाजों को पुस्तक देकर किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** शहर के गांधी मैदान में नन्हे तीरंदाजों के अचुक निशाना देख लोग अचंभित हुये। मगध पुस्तक मेला में रविवार को मगध आरर्ची फाउंडेशन के तीरंदाजों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया जहां इन तीरंदाजों के अचूक निशाना देख लोग अचंभित हुये। इस दौरान नन्हें तीरंदाज, शिवांशिका, काव्या, सक्ष्म, आदर्श, आरूष, प्रसिद्धि भास्कर, दीया, अराध्या, नमन, आर्यन, सतीश, रणवीर, सलोनी, ब्यूटी, मानसी, छोटी सहित अन्य तीरंदाजों के तीरंदाजी करने का तरीका देख लोग अचंभित हुये। लोगों ने खूब तालियां बजा इनका हौसला अफजायी किया। इस दौरान पुस्तक मेला के आयोजकों की ओर से मालवीय सर ने इन बच्चों को पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मगध आरर्ची फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह, अनंत धीश अमन, अखिलेश कुमार, सतीश कुमार, राकेश कुमार, श्याम कुमार, भारस्कर जी, नवनीत प्रिय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आरर्ची कोच जयप्रकाश ने तीरंदाजों के हौसला बढ़ाने के लिए पुस्तक मेला के आयोजकों को धन्यवाद दिया।

## धूमधाम से मना हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच का प्रथम वार्षिकोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** वजीरगंज के दखिनगांव में रविवार को हिन्दी मगही साहित्यिक मंच ने अपना प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। उत्सव समारोह का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। बीडीओ प्रभाकर सिंह ने मंच की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए साहित्य एवं संस्कृति पर प्रकाश डाला और आयोजन को सराहते हुए कहा कि आज के युवाओं को ऐसे ही मंच की आवश्यकता है जो उनके बौद्धिक क्षमता का विकास करे तथा संस्कृति को बचाया रखा जा सके। समारोह को अरूण हरलिवाल, सुरेन्द्र सिंह सुरेन्द्र, पियूष प्रणव, विन्देश्वरी प्रसाद सिंह, रंजीत दुधु, धनंजय श्रोत्रीय, लालमणि विक्रांत, मगही लोकगायिका हर्षिता एवं उनकी मंडली सहित अन्य कवियों एवं रचनाकारों ने मंच को अपनी प्रस्तुति से बांधे रखा तथा श्रोताओं एवं दर्शकों की तालियां बटोरी। इसी बीच माउंट लिट्रा जी के बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति भी दी जिसके बाद सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ऐ वजीरगंज तुझको, है शत-शत नमन हमारा, कविता नहीं वरन, यह श्रद्धा-सुमन हमारा सहित अन्य हास्य एवं व्यंग रचनाओं ने खूब वाहवाही बटोरी। मंच संरक्षक कृष्णचंन्द्र चौधरी ने समारोह के दरम्यान पूरे एक वर्ष के कार्यकाल को रखा तथा अध्यक्ष पंकज कुमार संजय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मंच अपने उद्देश्यों की पूर्ति में जुटा हुआ है। इसमें संरक्षक शम्भुशरण शर्मा, उपेन्द्र पथिक एवं उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र, आंनद मिलिंद जी व अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही है। समारोह को वजीरगंज के पूर्व थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिनव कुमार, थानाध्यक्ष नीरज कुमार, दिलीप कुशवाहा, बच्चू शर्मा सहित अन्य ने संबोधित किया एवं रचनाएं सुनाई। वही मंच का संचालन महेश कुमार सुमन ने किया।



## रेलवे गुमटी के पास हाइवा ट्रक पलटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबुर पंचायत अंतर्गत डुमरा रेलवे गुमटी के समीप हाइवा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे गुमटी के पास पुल निर्माण कार्य चल रहा है जिस कारण आवागमन के लिए अस्थायी बाईपास मार्ग बनाया गया है। बाईपास मार्ग नया होने के कारण मिट्टी पूरी तरह से सुदृढ़ नहीं थी। इसी दौरान डस्ट लदा हाइवा ट्रक मिट्टी के किनारे से गुजरते समय धंस गई जिससे ट्रक पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही कोंच थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। कोंच पुलिस ने बताया कि हादसे में ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## शेरघाटी में पासवान उत्थान मंच की समीक्षा बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** रविवार को शेरघाटी में शेरघाटी अनुमंडलीय पासवान उत्थान मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सौरभ राज ने की। बैठक में नौ प्रखंड के प्रखंड अध्यक्षों सहित संगठन से जुड़े बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार पासवान ने किया। बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल अध्यक्ष बबन पासवान, सचिव दिलीप पासवान, कोषाध्यक्ष कपिलदेव पासवान, सतीश भारती, अमरेश पासवान, नरेश पासवान सहित शेरघाटी अनुमंडल के पासवान समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक का समापन शाम 4 बजे किया गया।

## बरनवाल समाज ने मनाया अहिबरन जयंती सह मिलन समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** वजीरगंज में रविवार को बरनवाल समाज ने बरनवाल धर्मशाला में समाज के पितामह महाराजा अहिबरन की जयंती एवं मिलन समारोह का आयोजन किया। सबसे पहले उन्होंने महाराजा अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं दीपक जलाकर पूजा-अर्चना की। उसके बाद मिलन समारोह का आयोजन आरंभ हुआ। बिनय कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में गया-हिसुआ एवं अन्य स्थानों से आए समाज के वरिष्ठ लोगों ने मंच से संबोधन किया तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजु बरनवाल, पूनम बरनवाल, गया के प्रेम प्रकाश पवन, डॉ. विनोद कुमार, सुबोध लाल, जीतु कुमार, संगीता कश्यप, चितरंजन भारती सहित अन्य आगत अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया जिसके बाद सभी ने समाज उत्थान के लिए मंच से अपना-अपना सुझाव दिया। मौके पर समाज के बच्चों एवं युवक-युवतियों ने देर रात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह में बरनवाल सेवा समिति, महिला मंडल एवं युवा मंच के सभी कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। इसके अलावे राजेश लाल, शशि वर्णवाल, शशि रंजन, सुनील वर्णवाल, दिलीप लाल, नागेन्द्र लाल, मदन लाल, खुशबु बरनवाल, सरिता वर्णवाल एवं अन्य ने निर्देशन किया।

## एक नजर

### सीयूएसबी में मगही की पढ़ाई शुरू करने पर होगा विचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** साहित्यकार व सामाजिक कार्यकर्त्ता हिमांशु शेखर ने सीयूएसबी, गया जी के भारतीय भाषा विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश चंद्र को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' का तैलीय चित्र भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में इस क्षेत्र की मातृभाषा मगही की पढ़ाई शुरू कराने का आग्रह किया। प्रो. सुरेश चंद्र ने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस दिशा में गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है और शीघ्र ही मगही भाषा की पढ़ाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ स्थानीय विद्यार्थियों को अकादमिक लाभ मिलेगा। श्री शेखर ने कहा है कि मातृभाषा में सीखने की क्षमता अधिक होती है। मातृभाषा को अपनाकर बिहार फिर से विश्वगुरु बन सकता है। इस भेंट में शामिल शिक्षाविद अबरार आलम ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में मगही भाषा की पढ़ाई शुरू होने से इस अंचल की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी और शोध व रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### 3 जनवरी को हसनपुर में मनाई जाएगी सावित्रीबाई फुले जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर आगामी 3 जनवरी 2026, शनिवार को ग्राम हसनपुर, प्रखंड कोंच, जिला-गया में जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ज्योति राव विचार मंच एवं सह नवयुवक क्लब हसनपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार समारोह के दौरान विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसका मुख्य विषय सामाजिक एकता एवं शिक्षा का बढ़ावा रहेगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा जिसमें क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, युवा एवं ग्रामीणों की भागीदारी की संभावना है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर सावित्रीबाई फुले के विचारों को आत्मसात करने की अपील की है।

### अवैध गिट्टी लदा हाइवा जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** अवैध रूप से गिट्टी लदे एक हाइवा को पुलिस ने जब्त किया। बहेरा थाना क्षेत्र के धीरजा पुल के समीप वाहन जांच के दौरान बिना वैध कागजात के गिट्टी परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई। बहेरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हाइवा चालक मंटू कुमार यादव (उम्र लगभग 30 वर्ष), पिता खीरू यादव, निवासी महगाई, थाना धनगई, जिला-गया को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### इटहरी झाड़ी से देसी कट्टा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** पुलिस ने गश्ती के दौरान इटहरी के झाड़ी से देसी कट्टा बरामद किया। घटना से आसपास के गांव में हड़कंप मच गया है। गुरुआ थाना की पुलिस पदाधिकारी मनेश कुमार ने बताया कि इटहरी झाड़ी से पुलिस को देसी कट्टा बरामद हुई है। पुलिस इसकी सभी बिंदुओं को जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी है।

## राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस गया जिला में प्रांतीय अध्यक्ष, सक्षम डॉ अभय सिम्बा, उपाध्यक्ष डॉ महेंद्र प्रसाद, प्राणदा प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ मनोज त्रिपाठी तथा गया जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, सचिव डॉ रामानुज महाराज, कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद के संयुक्त प्रयास से बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद सक्षम का गीत गाकर किया गया। दिव्यांजनों से जुड़ी हुई बहुत सी जानकारियां सभा में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं लोगों को दी गई। डॉ अभय सिम्बा, प्रांतीय अध्यक्ष, सक्षम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष सक्षम के प्रयास से 650 लोगों को दृष्टि प्राप्त हुई। सक्षम पूरे देशभर में 12 माधव नेत्र बैंक संचालित करता है तथा करीब उतने ही कॉर्निया संग्रहण केंद्र है। वहीं प्रो मनोज कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष, प्राणदा प्रकोष्ठ, दक्षिण बिहार ने कहा कि सक्षम दिव्यांगों की योग्यता, क्षमता व प्रतिभा के विकास के अवसर तथा उन्हें स्वावलंबी बना राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ महेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष, सक्षम, दक्षिण बिहार प्रांत ने अपना विचार रखते हुए कहा कि हम सभी दिव्यांगजनों को समाज से जोड़ने के लिए सूरदास जयंती, अष्टावक्र जयंती, नेत्र पखवाड़ा दिवस जैसे कई कार्यक्रम का आयोजन समाज हित के लिए करते हैं।

## फरार चल रहे पांच वारंटी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाने की पुलिस ने शनिवार रात दो गांवों में छापेमारी कर पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। ये सभी वारंटी न्यायालय के आदेश पर लंबे समय से फरार चल रहे थे। स्थानीय थाना प्रभारी सुदेह कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने डोमन ठाकुर को ग्राम बरियावां से गिरफ्तार किया। वहीं डोमन पासवान, रमेश पासवान, विनय पासवान और नीतीश कुमार को डबुर गांव, थाना-कोंच, जिला-गया से उनके घरों पर छापेमारी कर पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद सभी वारंटियों का मेडिकल जांच कराया गया। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद कोर्ट के आदेश पर उन्हें रविवार को जेल भेज दिया।

## हर नागरिक के लिए प्रेरणा की स्रोत पीएम के 'मन की बात' : डॉ मनीष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के वर्ष 2025 के अंतिम 129वें 'मन की बात' कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय, नूतन नगर में सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकाग्रता के साथ प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुना और उसपर चर्चा की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वर्ष भारत के लिए गौरव और आत्मविश्वास का प्रतीक रहा है। उन्होंने देश में आयोजित कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और सफल आयोजन बताते हुए उसकी भव्यता एवं व्यवस्थाओं की सराहना की। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए देश की सुरक्षा व्यवस्था और सशस्त्र बलों के साहस को नमन किया। प्रधानमंत्री ने खेल जगत में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों का भी जिक्र किया। पुरुष क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रॉफी विजेता बनने और महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व स्तर पर परचम लहराने को उन्होंने नारी शक्ति और युवा प्रतिभा का प्रतीक बताया। इसके अतिरिक्त तमिल भाषा और भारतीय संस्कृति के दुबई एवं फिजी जैसे देशों में बढ़ते प्रभाव को भारत की सॉफ्ट पावर की सफलता बताया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' हर नागरिक के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार राष्ट्र निर्माण, एकता और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, गोपाल प्रसाद यादव, नागेंद्र प्रसाद शर्मा, अधिवक्ता एस राजेश आनंद, अधिवक्ता विनय सिंह, हीरा यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



## आंती थाना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना कांड संख्या 125/25 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जीतन चौधरी (उम्र 43 वर्ष), पिता स्वर्गीय राजेंद्र चौधरी उर्फ चौधरी, ग्राम-काबर, थाना-आंती, जिला-गया के रूप में की गई है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने कहा कि पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थापन हेतु रविवार को भेज दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी टिकारी के कार्यकर्ताओं ने हर माह की भांति इस माह भी माह के अंतिम रविवार को आजाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 129 एपिसोड जगह-जगह पर कही मोबाइल पर, कही टेलीविजन पर तो कही रेडियो पर समय 11 बजे दिन में आधा घंटा के लिए कई बूथों पर सुनी गई। मन की बात कार्यक्रम सुनने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो वेंकटेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी शिवबल्लभ मिश्र, जिला महामंत्री किसान मोर्चा निरंजन सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील सिंह, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा देवेंद्र शर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य शशि प्रियदर्शी, अर्जुन सिंह, गणेश प्रसाद, राजकिशोर सिंह, रामचंद्र सिंह, भोला सिंह, अनिल पासवान, संजय गुप्ता, संजीत यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, ललन शर्मा, बिनोद सिंह, कृष्णा सिंह, मृगेंद्र सिंह, पिंटू कुमार, नवीन पाण्डेय, सुमित कुमार, पंकज शर्मा, सुरेद्र शर्मा सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है।

## लेखन के प्रति रुचि बढ़ाएगी-पुस्तक 'अल्फाज का सफर': प्रो. सुरेश चंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** लोकप्रिय शिक्षाविद एवं रामेश्वर प्लस टू विद्यालय, बेलागंज के प्राचार्य अबरार आलम ने अपनी लिखित पुस्तक 'अल्फाज का सफर' दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गयाजी के केंद्रीय पुस्तकालय एवं भारतीय भाषा विभाग के पुस्तकालय को भेंट की। उन्होंने यह पुस्तक भारतीय भाषा विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश चंद्र के माध्यम से दोनों पुस्तकालयों के लिए समर्पित की। इस अवसर पर प्रो. सुरेश चंद्र ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि 'अल्फाज का सफर' विद्यार्थियों में लेखन के प्रति रुचि विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी तथा भाषा-संवेदना को सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी पुस्तकों से छात्रों को रचनात्मक सोच की प्रेरणा मिलती है। भेंट वार्ता के दौरान शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में पुस्तकालय की स्थापना होनी चाहिए। पुस्तकालयों के विकास से समाज में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा और राष्ट्र प्रगति के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर होगा। इस अवसर पर शहर में शैक्षणिक एवं साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।



## राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में बड़ा संगठनात्मक बदलाव, डॉ लालदेव प्रसाद यादव बने कार्यकारी अध्यक्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** राष्ट्रीय जनता दल बिहार के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में संगठनात्मक बदलाव किया गया है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में 26 दिसंबर को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कोंच प्रखण्ड के ग्राम गरारी निवासी प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लालदेव प्रसाद यादव को राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राजद की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता को भाजपा में शामिल होने के बाद पद रिक्त हो गया था। इसके बाद प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. लालदेव प्रसाद यादव के नाम पर मुहर लगाई गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए डॉ. लालदेव प्रसाद यादव को तत्काल प्रभाव से कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाए। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि डॉ. लालदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। श्री यादव कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर प्रखण्ड, जिला सहित प्रदेश के नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।

## नाई समाज के लोगों की राजनीति में समुचित भागीदारी हो : आनंद

### जिलास्तरीय सम्मेलन में कर्पूरी ठाकुर की जयंती को लेकर बनी रणनीति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** नाई समाज का राष्ट्रीय संगठन नंदवंशी चेतना मंच के जिला कमिटी के द्वारा स्थानीय कर्पूरी भवन गया में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह बैठक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कुमार नंदवंशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस एक दिवसीय जिला सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये नंदवंशी चेतना मंच के सैकड़ों प्रखंड व जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कुमार नंदवंशी ने कहा कि पूरे बिहार ने नाई समाज की आबादी 25 लाख से भी अधिक है, लेकिन राजनीतिक भागीदारी शून्य है जबकि हमारे समाज से कम आबादी वाले जाति समुदाय लोगों की भागीदारी व्याप्त है। राजनीति में समुचित भागीदारी को लेकर आगामी 31 जनवरी को भारी संख्या में पटना में पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई जाएगी जिसमें पूरे बिहार से हजारों की संख्या में नंदवंशी समाज पटना पहुंचकर अपनी ताकत का एहसास दिलाएंगे। इसके अलावे आगामी 24 जनवरी को सभी प्रखंडों में भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गया में सम्मेलन के उपरांत बिहार के सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर पटना में होने वाली जननायक की जयंती भव्य रूप से मनाने की रणनीति तैयार की जाएगी। इस मौके पर मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक नंदवंशी सहित प्रखंड एवं जिला से आये सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



संपादकीय

# अपने गिरेबां में भी झांकें

पड़ोसी बांग्लादेश में जारी अराजकता के बीच एक और हिंदू युवक की निर्मम हत्या के बाद भारत में उसकी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है, लेकिन इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से भुनाने में लगी भाजपा पर विपक्षी दलों ने यहकर तगड़ा प्रहार किया है कि वो पहले अपने गिरेबां में तो झांकें। अगर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं का नरसंहार हो रहा है तो खुद भारत में अल्पसंख्यकों के साथ क्या हो रहा है? दो दिन पहले विश्व हिंदू परिषद ने देश भर में बांग्लादेश ने एक हिंदू युवक दीपूचंद्र दास की हत्या के विरोध में व्यापक प्रदर्शन किए थे। इस दौरान कोलकाता स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के ऑफिस पर प्रदर्शन के दौरान वहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भी बरसाईं। इस प्रदर्शन में बांग्लादेश सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की थी। तभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद दिग्विजयसिंह ने कहा था कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह भारत में अल्पसंख्यकों के दमन की प्रतिक्रिया है। हालांकि दिग्विजयसिंह के बयान पर बहुत से लोगों ने नाराजी भी जताई, लेकिन उन्होंने जो कहा उसकी पुष्टि दो ही दिन में हो गई। क्रिसमस पर ईसाइयों पर हमले हुए और ओडिशा में एक युवक को बांग्लादेशी होने के शक में पीट-पीट कर मार डाला गया। जबकि वह बिहार का निकला। इस हत्या का जिम्मेदार कौन है? उधर दिल्ली में ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने बांग्लादेश में जारी अशांति और हिंसा के संदर्भ में कहा कि किसी भी तरह की हत्या गलत है और इस्लाम किसी की जान लेने की इजाजत नहीं देता, लेकिन बांग्लादेश की घटनाओं को 'नरसंहार' कहना गलत और दोहरे मापदंड का उदाहरण है। मौलाना रशीदी ने सवाल उठाते हुए कहा, अगर बांग्लादेश में हो रही हत्याओं को नरसंहार कहा जा रहा है, तो फिर गाजा में जो हुआ, उसे क्या कहा जाएगा? भारत के संदर्भ में उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में 'जय श्री राम' के नारे लगाकर 52 लोगों की मॉब लिंचिंग हुई, लेकिन उसे भी नरसंहार नहीं कहा गया। जब 50 लोगों की हत्या को आप नरसंहार नहीं मानते, तो फिर यह दोहरा रवैया और दोहरी मानसिकता क्यों? यही नहीं, 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व पर कुछ ईसाई चर्चों और त्यौहार मना रहे ईसाइयों पर बजरंग दल द्वारा बेखौफ हमले इसी बात की पुष्टि करते हैं कि भारत में भी कुछ तत्व अल्पसंख्यकों के साथ वही कर रहे हैं, जो आज बांग्लादेश में हो रहा है। हालांकि यह भी सही है भारत में ईसाई पादरी बड़े पैमाने पर धर्मांतरण में लगे हैं और यह धर्मांतरण मुख्यतः प्रलोभन और लोगों को गुमराह करने पर आधारित है, जिसका विरोध किया जाना चाहिए। लेकिन चर्च पर हमले और त्यौहार मना रहे लोगों पर हमला कतई सहन नहीं किया जाना चाहिए फिर सरकार चाहे जिस पार्टी की हो। दुख की बात यह है कि ऐसी घटनाएं भाजपा शासित राज्यों में ही हो रही है और ज्यादातर मामलों में पुलिस मूक दर्शक ही बनी रही है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि अब हर जगह भीड़तंत्र को हवा दी जा रही है। भीड़ चाहे जिसे अपराधी मानकर सजा ए मौत दे रही है। यह नैसर्गिक न्याय के भी विरूद्ध है, क्योंकि इसमें आरोपी को अपना पक्ष रखने का मौका भी नहीं मिलता। ऐसे में मामलों में किसी को जिम्मेदार ठहराना भी मुश्किल है। इस भीड़तंत्र को हर हाल में रोकना जरूरी है। सभी सरकारों और प्रशासन की यह संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वो अपने यहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और कानून के हिसाब से राज चलाएं ताकि सभी नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास कायम रहे।

# ग्रामसभा तय करे कि क्या बचेगा और क्या नहीं

**वर्तमान में 10 राज्यों-आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना में 'पांचवीं अनुसूची' क्षेत्र घोषित किए गए हैं। 'पेसा अधिनियम, 1996' 'अनुसूचित क्षेत्रों' में ग्रामसभाओं (गांव की विधानसभाओं) को स्वशासन की शक्तियां प्रदान करता है। इसके तहत ग्रामसभाएं स्थानीय मामलों पर निर्णय लेने के लिए सक्षम हैं, जिसमें शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। कई आदिवासी बहुल क्षेत्रों, जैसे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, महिलाओं ने इस कानूनी प्रावधान का लाभ उठाया है। उन्होंने शराब के सेवन के कारण होने वाली घरेलू हिंसा और आर्थिक बर्बादी से तंग आकर एकजुट होकर ग्रामसभाओं में शराबबंदी का प्रस्ताव रखा और उसे पारित करवाया।**

**राजकुमार सिन्हा**

देश की 10.4 करोड़ यानि 8.6 फीसदी आदिवासी आबादी के लिए 'पेसा' कानून उनकी स्वभाविक स्वायत्तता को बरकरार रखने की संवैधानिक पहल माना जाता है। बड़े, क्रांतिकारी बदलावों को छोड़ भी दें तो रोजमर्रा के नशे-पत्ते भी 'पेसा' की मदद से सुलझाए जा सकते हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में दो-दिवसीय 'पेसा महोत्सव' 23 एवं 24 दिसंबर को आयोजित किया। गौरतलब है कि 24 दिसंबर 1996 को भारत की संसद ने संविधान की 'पांचवीं अनुसूची' के क्षेत्रों में 'स्व-शासन' की स्थापना के लिए 'पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996' यानि 'पेसा' पारित किया था। 'अनुसूचित क्षेत्र' राष्ट्रपति द्वारा घोषित किए जाते हैं जिनमें संविधान के अनुच्छेद 244(1) और 'पांचवीं अनुसूची' के मुताबिक स्वायत्त सरकार संबंधी प्रावधान रहते हैं।

वर्तमान में 10 राज्यों-आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना में 'पांचवीं अनुसूची' क्षेत्र घोषित किए गए हैं। 'पेसा अधिनियम, 1996' 'अनुसूचित क्षेत्रों' में ग्रामसभाओं (गांव की विधानसभाओं) को स्वशासन की शक्तियां प्रदान करता है। इसके तहत ग्रामसभाएं स्थानीय मामलों पर निर्णय लेने के लिए सक्षम हैं, जिसमें शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। कई आदिवासी बहुल क्षेत्रों, जैसे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, महिलाओं ने इस कानूनी प्रावधान का लाभ उठाया है। उन्होंने शराब के सेवन के कारण होने वाली घरेलू हिंसा और आर्थिक बर्बादी से तंग आकर एकजुट होकर ग्रामसभाओं में शराबबंदी का प्रस्ताव रखा और उसे पारित करवाया। इसी तर्ज पर मध्यप्रदेश की कई ग्रामसभाओं ने 'पेसा' के तहत शराब बिक्री के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए हैं और अवैध ठेकों का विरोध किया है। इससे शराब की उपलब्धता में कमी, घरेलू हिंसा और कर्ज घटा है एवं महिलाओं और बुजुर्गों की सामाजिक



भूमिका बढ़ी है। यह दिखाता है कि ग्रामसभा केवल विकास नहीं, सामाजिक सुधार का मंच भी है। 'पेसा अधिनियम' की कंडिका - 4(ड)(द्व) में पंचायतों और ग्रामसभा को किसी मादक पदार्थ की बिक्री और उपभोग पर प्रतिबंध लागू करने या विनियमित करने या प्रतिबंधित करने की शक्ति दी गई है। 'मध्यप्रदेश पेसा नियम, 2022' के अध्याय - 7 की धारा (23)(1) में भी कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा 'अनुसूचित क्षेत्रों' में मादक पदार्थों के संबंध में निषेधाज्ञा जारी करने पर, ग्रामसभा अपनी सीमाओं के भीतर इसे लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। दूसरे, 'मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915' की धारा -16 के आधीन मादक पदार्थों की व्यक्तिगत आधिपत्य की सीमा को कम कर सकेगी।

ब्रिटिश शासन में शराब पर लाइसेंस, कर और ठेकेदारी व्यवस्था लागू हुई थी और परंपरागत उत्पादन को 'अवैध' घोषित किया गया था। मंडला एक आदिवासी जिला है और यहां 'पेसा' कानून लागू है, जिसके तहत ग्रामसभाओं को शराब के ठेकों पर नियंत्रण का अधिकार है। कई ग्राम पंचायतों ने इस कानून का उपयोग करके शराबबंदी के प्रस्ताव पारित किए हैं और प्रशासन से इन्हें लागू करने की मांग की है। मंडला जिले में महिलाओं द्वारा चलाया गया शराब-बंदी अभियान कई स्थानीय स्तरों पर सफल रहा है, जिससे कई गांवों में शराब की बिक्री और सेवन पूरी तरह बंद हो गया है। हालांकि, यह सफलता पूरे जिले में एक समान नहीं है और व्यापक स्तर पर पूर्ण शराबबंदी के लिए प्रयास अभी भी जारी हैं।

मंडला के महुआटोला (ग्राम पंचायत-सतपहरी, विकासखंड-निवास) जैसे कई गांवों में महिलाओं की पहल ने तस्वीर बदल दी है। इन गांवों को अब शराब मुक्त घोषित कर दिया गया है, जहां शराब बेचना या पीना पूरी तरह से दंडनीय है। यहां घरेलू कलह, विवाद और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। मंडला जिले के मोहगांव विकास खंड के कौआडोंगरी ग्राम पंचायत के सकरी और खैरी रैयत जैसे गांवों में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से शराब बनाने या पीने वालों पर भारी जुर्माना (25,000 रूपए तक) लगाने का फैसला किया है। इसी वर्ष जनपद पंचायत मोहगांव की 38 और घुघरी की 46 पंचायतों सहित कुल 84 पंचायतों ने सर्वसम्मति से शराबबंदी के प्रस्ताव पारित किए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि गांवों में शराब के सेवन और विक्रय से सामाजिक जीवन पर नकारात्मक असर पड़ रहा है, जिससे विशेष रूप से युवाओं और बच्चों का भविष्य खतरे में है।

महिलाएं अक्सर जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में हिस्सा लेती हैं और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रशासन व आबकारी विभाग से सहयोग की मांग करती हैं। कुछ दिन पहले मंडला जिले के भपसा गांव की महिलाएं मंगलवार की जनसुनवाई में बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचीं। उन्होंने गांव में बढ़ रही अवैध शराब और गांजा बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन दिया। महिलाओं ने शिकायत की कि भपसा गांव में कई जगहों पर अवैध रूप से शराब का निर्माण और बिक्री होती है। इसके कारण गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि नशाखोरी के चलते गलियों और मोहल्लों में आए दिन विवाद, मारपीट और गाली-गलौज जैसी घटनाएं बढ़ गई हैं और स्थिति अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। महिलाओं की लगातार शिकायतों पर आबकारी टीम और पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की, जिससे कई अवैध दुकानें बंद हुईं।

आदिवासी समाज विशेषकर गोंड और बैगा समुदाय में महुआ पारंपरिक रूप से अनुष्ठानों, पर्वों, सामुदायिक मेलों का हिस्सा रहा है। अधिकांश आदिवासी समाजों में शराब मनोरंजन या पलायन का साधन नहीं, बल्कि अनुष्ठान और सामुदायिक जीवन का अंग रही है। महुआ से बनी शराब देवी-देवताओं को अर्पित की जाती है जो पूर्वजों की स्मृति से जुड़ी होती है और प्रकृति के साथ संबंध का प्रतीक होती है। यहां शराब पवित्रता और सहभागिता से जुड़ी है, न कि लत से। गोंड, बैगा, भील, कोरकू जैसे समुदायों में जन्म, विवाह, फसल कटाई और मृत्यु आदि के अवसरों पर सीमित मात्रा में शराब का प्रयोग होता है। 'पेसा' आधारित शराबबंदी का अर्थ यह है कि यह संस्कृति का निषेध नहीं, बल्कि संस्कृति की रक्षा है। महिलाओं के नेतृत्व में हुआ आंदोलन कहता है ङ्क 'महुआ हमारी परंपरा है, ठेका हमारी तबाही।' यह शराबबंदी उपभोग की मात्रा और संदर्भ को नियंत्रित करती है, न कि सांस्कृतिक पहचान को मिटाती है।

कानून बाहर से नहीं, समाज के भीतर से आता है। मंडला की शराबबंदी राज्य के आबकारी राजस्व मॉडल को चुनौती देती है। आबकारी विभाग राजस्व कानून से चलता है और 'पेसा कानून' को परामर्शात्मक मान लिया गया है। ग्रामसभा के निर्णयों को अक्सर 'सामाजिक अपील' कहकर खारिज कर दिया जाता है। मंडला की शराबबंदी एक नीति नहीं, एक विमर्श है। यह विमर्श कहता है कि अगर नशे से समाज टूट रहा हो, तो ग्रामसभा को तय करने दो कि क्या बचेगा और क्या नहीं। मंडला यह साबित करता है कि जब अधिकार, भरोसा और सामूहिक चेतना मिलते हैं, तो 'पेसा' कानून नहीं, जन-संस्कृति बन जाता है। अगर ग्रामसभा को अधिकार और भरोसा मिले, तो 'पेसा' कागज से उतरकर ज़मीन पर आ सकता है।

अध्यात्म

## जीवन बहुमूल्य है, इसके हर एक पल को उत्साह और खुशी के साथ जीना चाहिए



पुराने समय में एक राजा अपने मंत्री की किसी बात से बहुत नाराज हो गया। उसने मंत्री को फांसी पर चढ़ाने की सजा दे दी। राजा ने सैनिकों से कहा कि जाओ आज शाम मंत्री को फांसी पर लटकाना है, इसकी सूचना मंत्री को दे आओ।

राजा के सैनिक मंत्री के घर के पहुंचे। सभी ने घर को चारों ओर से घेर लिया और कुछ सैनिक घर के अंदर गए। वहां मंत्री और उसके रिश्तेदार, मित्र उत्सव मना रहे थे। क्योंकि मंत्री का जन्मदिन था।

सैनिकों ने मंत्री और वहां सभी लोगों को राजा का आदेश बताया। ये सुनते ही सभी उदास हो गए। लेकिन, मंत्री ने सभी को समझाया कि हमारे आज शाम तक का तो समय है ही, हमें हर एक पल को उत्साह के साथ जीना चाहिए।

मित्र और परिवार के लोग निराश थे, लेकिन मंत्री की बात मानकर फिर से उत्सव मनाने लगे। ये बात सैनिकों ने राजा को बताई तो राजा भी आश्चर्यचकित रह गया। उसने तुरंत ही मंत्री को बुलवाया।राजा ने मंत्री से कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो, आज शाम तुम्हें फांसी पर लटका दिया जाएगा और तुम उत्सव मना रहे हो। मंत्री ने कहा कि राजन् आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे शाम तक समय तो दिया। अब मैं शाम तक अपने परिवार के साथ रह सकूंगा। अगर मैं निराश होकर बैठ जाऊंगा तो परिवार के साथ रहने का ये समय बर्बाद हो जाएगा। इसीलिए मैं शाम तक का एक-एक पल उत्साह और खुशी के साथ ही बिताना चाहता हूं। ये बात सुनकर राजा बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि जो व्यक्ति जीवन के हर एक पल की कद्र करता है, उसे मृत्युदंड देना उचित नहीं है। उसने मंत्री की सजा माफ कर दी।

**सीख**

हमें जीवन के पल-पल का मूल्य समझना चाहिए। निराशा से बचें और खुश होकर जीवन जीना चाहिए।

# भ्रांति का इकोसिस्टम सबके लिए विनाशकारी

**कई बार हमारे देश में विवाद ऐसे होते हैं जो होने नहीं चाहिए।राष्ट्रीय स्वयं शसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसाबोले का यह वक्तव्य कि मुस्लिम भाई भी पर्यावरण की दृष्टि से नदी की पूजा करें, सूर्य नमस्कार करें तो उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा भी ऐसा ही है। पर्यावरण संरक्षित करने की दृष्टि से भारतीय संस्कृति में प्रकृति के हर सृजन की उपासना का उदाहरण देने के पीछे मूल उद्देश्य यही है कि नदी, धरती,वृक्ष की हम पूजा करते हैं इसलिए उसकी रक्षा का भाव अपने आप पैदा होता है। इसे स्वाभाविक और सही अर्थों में लिया जाना चाहिए। होसाबोले ने यह नहीं कहा कि हिंदू कर्मकांडों की तरह मुसलमान भी पूजा करें। वे अपने अनुसार कर सकते हैं और करना चाहिए। उनकी पंक्ति देखिए- पर्यावरण और स्वच्छता की दृष्टि से अगर हम नदी की पूजा करते हैं, स्वास्थ्य लाभ के लिए सूर्य नमस्कार करते हैं, यह सब मुस्लिम समाज के लोग करेंगे तो उनका क्या बिगड़ जाएगा। यह सच है कहीं भी ऐसा करने वाले को इफ्तार या मस्जिद में जाने से नहीं रोका जाएगा।**

**अवधेश कुमार**

हमारे यहां एक बहुत बड़ा वर्ग हमेशा किसी सकारात्मक और लोक हितकारी वक्तव्य को भी गलत मोड़ देकर नकारात्मक और विवादास्पद बनाने में महारत हासिल कर चुका है। उनकी यही भूमिका है और रहेगी। आप इस समय राजधानी दिल्ली के शहर में प्रदूषण को लेकर छाती पीट रहे हैं पर कोई स्थाई समाधान की दृष्टि से आचरण की बात करें तो उसे सांप्रदायिक घोषित कर देंगे।

यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ शताब्दी वर्ष में राजनीतिक और अन्य शोरों से परे भारत और संपूर्ण विश्व की दृष्टि से आवश्यक पांच बिंदुओं पर समाज के बीच जा रहा है। ये बिंदु हैं,कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी की भावना, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता। सामाजिक समरसता की दृष्टि से हिंदू सम्मेलन हर राज्य में अलग-अलग तिथियों को है। उत्तर प्रदेश में हिन्दू सम्मेलन 14 दिसंबर से 11 जनवरी तक आयोजित हो रहे हैं। होसाबोले गोरखपुर में आयोजित ऐसे ही हिंदू सम्मेलन में बोल रहे थे। किसी तरह का सम्मेलन हो तो उनमें ये पांचों बिंदु आ ही जाते हैं। वस्तुतः ये पांचों विषय एक-दूसरे से जुड़े हैं। सामाजिक समरसता का अर्थ है कि सब एक दूसरे में घुल मिलकर जिएं। यानी हिंदू समाज में जातीय भेद समाप्त हो, पूरा समाज हिंदू और भारतीय के रूप में स्वयं को देखे तथा व्यवहार करे। इसी तरह हिंदू और मुसलमान के बीच भी परस्पर विश्वास और सहकार का संबंध बना रहे। इसी से देश सशक्त होगा, समुन्नत होगा और इसकी एकता अखंडता सुरक्षित रह सकती है। यह सच है कि भारतीय संस्कृति से उत्पन्न योग और आयुर्वेद आदि में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई किसी भी धर्म- वर्ग का भेद नहीं होता। योग, प्राणायाम आदि को अपनाकर विश्व में भारी संख्या में मुसलमान और ईसाई भी स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। वस्तुतः हिंदू धर्म ऐसा है जिसमें किसी प्रकार के भेदभाव की गुंजाइश नहीं और सबके प्रति समभाव से सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। इन्हें किसी धर्म विशेष का मान अस्वीकार करना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। भारत की समस्या है कि यहां मुस्लिम समुदाय का बड़ा तबका योग और प्राणायाम को भी मजहबी बताकर उसके विरुद्ध आचरण कर रहा है। कट्टरपंथियों ने इस अतार्किक भावना को पैदा और गहरा किया है। होसाबोले ने इसी बिंदु को रेखांकित किया। सऊदी अरब , संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने स्वयं जमीन देकर मंदिर बनवाये और रूस जैसे देश में चर्च ने मंदिर के लिए जमीन दिया। क्या ऐसा करने से वे अपने मजहब के विरुद्ध हो गए? भेद पैदा करने वालों का निहित स्वार्थ था और है चाहे अंग्रेज हों या कोई और।

हालांकि संघ और स्वयं होसाबोले के वक्तव्य को देखें तो वे कह रहे हैं कि सब कुछ का दायित्व हिंदुओं पर ही है क्योंकि हिंदुओं के जागृत होने से विश्व जागृत होगा तथा मानव-मानव के बीच परस्पर विश्वास की स्थिति बनेगी। इसमें क्या गलत है? हमारे धर्म शास्त्रों से लेकर ऋषि मुनियों मनीषियों ने एक हिंदू के जीवन का लक्ष्य ही



ब्रह्मांड के साथ एकाकार या विश्व कल्याण बताया है। वस्तुतः हिंदू होने का अर्थ हिंदू के समान आचरण है। अगर हमको विश्व गुरु बनना है या दुनिया को रास्ता दिखाना है तो पहले हमें ठीक होना पड़ेगा। हमारा आचरण ठीक होगा तभी हम दुनिया को रास्ता दिखा सकेंगे या दुनिया हमसे सीख सकती है। इसलिए हमारे धर्म में जिसे पाप कहा गया है स्वयं उनसे बचें। आप सोचिए, भारत में कौन संगठन इस तरह पूरे समाज को व्यापक दृष्टि से व्यवहार का सिद्धांत दे रहा है? दिन रात संघ की आलोचना करने वाले जाति, मजहब, पंथ, क्षेत्र भाषा-इसी के आधार पर भेद पैदा कर अपना निहित स्वार्थ साधने की कुचेष्टा में लगे हुए हैं। संघ समग्र रूप में हिंदू समाज सोच और आचरण में व्यापकता लाये इसका सुनियोजित अभियान चला रहा है तो इससे अन्यों को सीख लेनी चाहिए और कम से कम ऐसे मामलों में साथ आना चाहिए। आप थोड़ा निष्पक्ष होकर होसाबोले के साथ संघ के अन्य अधिकारियों के वक्तव्य पर दृष्टि डालिए तो साफ दिखेगा कि वह सबसे अधिक हिंदुओं के व्यवहार में बदलाव की बात करते हैं और मुसलमान या इसाई की चर्चा प्रसंग के अनुसार ही की जाती है। उदाहरण के लिए हम देखते हैं कि आज छोटे-छोटे बच्चे भी जन्म तिथि पर हैप्पी बर्थडे बोलते हैं लेकिन जन्मदिवस की शुभकामना शब्द का प्रयोग नहीं करते। संघ ध्यान दिला रहा है कि हमारी संस्कृति में दीपक जलाकर प्रकाश फैलाने का आचरण है और इसी से बच्चे सीख सकते हैं। हम मोमबत्ती जलाकर बुझाकर उनको कैसी शिक्षा दे रहे हैं ? इसी तरह हिंदू के नाते हमारी सोच ऐसी है कि बच्चे अगर अंग्रेजी बोलते हैं तो हम प्रसन्न होते हैं लेकिन संस्कृत का एक श्लोक नहीं बोल पाने पर हमें पीड़ा नहीं होती। होना विपरीत चाहिए। किसी भाषा को जानने, सीखने में समस्या नहीं है लेकिन वही सम्मान का विषय हो जाए और जो हमारी अपनी भाषा हैं, जिसमें ज्ञान के प्रचुर भंडार हैं और हमारे आचरण के सुचिंतित परीक्षित आधारस्तंभ हैं उसे हीन और छोटा माना जाए तो ऐसा समाज कभी भी दुनिया के लिए प्रेरणादायी नहीं बन सकता।

समय की विकृतियों ने हमारे आचरण पर ऐसा कुप्रभाव डाला है कि हम अपने बच्चों को भगवद्गीता या हनुमान चालीसा तक पढ़ने के लिए प्रेरित करने नहीं करते जबकि यह किया जाना चाहिए। इसी में एक बिंदु सामाजिक एकता का है। हिंदू सम्मेलन हो या परिवार प्रबोधन या फिर युवा सम्मेलन सबमें यह विषय रखा जा रहा है कि हम काम को छोटा या बड़ा न मानें। गांव की सफाई करने वाला अछूत नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने वाला है और सेवा करने वाला कभी अछूत नहीं हो सकता। जरा सोचिए, अगर कोई संगठन समाज के अंदर कार्य, जाति, परिवार आदि को छोटा बड़ा मानने के घटक भाव से बाहर लाने का अभियान चला रहा है और भारत राष्ट्र के नाते सोचता है तो उसमें मुसलमानों, ईसाइयों या किसी अन्य समुदाय की आचरण की चर्चा नहीं होगी? होगी ही।

कुल मिलाकर कहने का तात्पर्य कि ऐसे विवादों में स्वयं सच्चाई जानने की कोशिश करनी चाहिए। अब तो वक्तव्य के अधिकतर अंश आपको किसी ने किसी साइट पर या कई साइटों को मिलाकर मिल जाते हैं। उनके आधार पर अपना मत बनाइए और फिर व्यवहार करिए। आपको स्पष्ट हो जाएगा कि किस तरह एक सशक्त इकोसिस्टम के माध्यम से लोगों के बीच झूठ और भ्रांतियां फैलायीं जाती रहीं हैं। इस तरह का व्यवहार किसी व्यक्ति या समूह के शायद निजी संकुचित स्वार्थ की पूर्ति का कुछ क्षण के लिए कारण बन सकता है पर देश के लिए ,हमारे आपके लिए यह पूरी तरह विनाशकारी है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके ऊपर आज काम का अधिक दबाव रहेगा जिससे आप कार्यक्षेत्र में आज उलझ सकते है।

**वृषभ**

वृषभ राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको आज अपने काम में भाग्य सफल बनाएगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है ।

**मिथुन**

आज भाग्य का सपोर्ट मिलेगा। आप अपने काम को बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगे इसमें आपको साथी सहकर्मियों और कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा।

**कर्क**

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। मन आज किसी वजह से उलझन और दुविधा में रहेगा। कोई महत्वपूर्ण काम अटक सकता है।

**सिंह**

कोई पुरानी समस्या चल रही है तो उसका भी समाधान निकलेगा। सहकर्मियों के साथ ही साथ आज अधिकारियों से भी आपको सहयोग मिलेगा।

**कन्या**

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक होगा। आपको कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ और अनुभवी लोगों से सहयोग मिलेगा।

**तुला**

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको आज भाग्य कोई सरप्राइज भी दिला सकता है।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के जातकों को आज अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। मानसिक भटकाव की वजह से आज आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**धनु**

धनु राशि के लिए आज का दिन मानसिक रूप से उलझन भरा रह सकता है। आपको विचारों के सागर में गोते लगाएंगे और आपको यह समझना मुश्किल होगा कि आप किस राह चलें।

**मकर**

मकर राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन चंद्रमा के गोचर से शुभ रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा। नौकर में आपको आज भाग्य सफलता प्रदान करेगा।

**कुंभ**

आप चतुराई और कार्यकुशलता से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे लेकिन आपका अहित नहीं कर पाएंगे। आपको सरकारी काम में सफलता मिलेगी।

**मीन**

आपको भाग्य कार्यक्षेत्र में सफलता प्रदान करेगा। कोई बड़ा मौका आज मिल सकता है। अगर आप कार्यक्षेत्र मे बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो कामयाबी मिल सकती है।

# लापता 10 वर्षीय आदित्य का शव कुंए से बरामद, विरोध में सड़क जाम

### सात दिनों बाद मिला शव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़का लौहर गांव निवासी 23 दिसंबर से लापता 10 वर्षीय आदित्य पांडेय का शव रविवार सुबह 8:30 बजे बड़का लौहर-छपरा पर गांव के बीच मंगधोवनी कुंआ से 7 वें दिन बरामद हुआ। मृतक रजनीकांत पांडेय का पुत्र है। शव मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही लोग उग्र होकर सड़क पर उतर गये। आरा-बड़हरा मुख्य सड़क के फरना काली मंदिर, बड़का लौहर सर्वेश्वर पांडेय द्वार, फरना सूर्य मंदिर और बखोरापुर रोड को 8 घंटा तक जाम रखा। जाम 9 बजे सुबह से कर दिया था। लोगों ने सड़क पर आगजनी भी किया। उग्र लोग बड़हरा विधायक, स्थानीय बड़हरा थाना के खिलाफ नारे बाजी करने लगे। शाम 5 बजे तक जाम लगा रहा। एसपी मिस्टर राज के आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया। कड़ाके की ठंड में जाम कर रहे लोगों ने पूरी तरह मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। बाद में डीएसपी आरा 2 रंजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएस सह सहायक समाहर्ता, बीडीओ मोहित भारद्वाज, अंचलाधिकारी अंशू प्रसुन्न, बड़हरा थानाध्यक्ष रविकांत, राजद नेता राम बाबु सिंह, जदयू नेता विश्वनाथ सिंह समेत अन्य पहुचें। अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन जाम कर रहे लोग हत्यारे की गिरफ्तारी करने, मुआबजे व नौकरी की मांग पर अड़े हुए थे। वही प्रशासन द्वारा एसएफएल टीम को घटना स्थल पर बुलाकार जांच शुरु कर दिया है। बताया जा रहा कि बड़का लौहर गांव में श्री हरिनारायणाचार्य जी महाराज के सानिध्य में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ हो रहा था। आदित्य पांडेय 23 दिसम्बर को यज्ञ घुमने गया था। यज्ञ स्थल से ही वह लापता हो गया था।

**बच्चों ने शव को पहली बार देखा**

रविवार सुबह कुछ छोटे छोटे बच्चें क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान गेंद मंगधोवनी कुंआ के समीप चला गया। बॉल की खोजने के दौरान कुंआ से सड़ांध जैसा गंध आ रहा था। सब बच्चें कुंआ में भीतर झांकने लगे। एक शव उपलाते हुए देखा गया। शव को देखते ही बच्चें शोर मचाते गांव की ओर गये। उसके बाद ग्रामीण जुटे और शव को बाहर निकाला। शव आदित्य पांडेय का था।

**23 दिसंबर से था लापता**

बड़का लौहर निवासी रजनीकांत पांडेय का पुत्र आदित्य पांडेय भकुरा में एक प्राईवेट स्कूल में दूसरे वर्ग का छात्र था। पिता आरा शहर के वी टू मॉल में सेल्स मैन का काम करता है। 23 दिसम्बर को आदित्य यज्ञ देखने गया था। परिजन उस वक्त से लगातार खोजबीन करते रहे। बड़हरा थाना में लिखित सूचना दिया था। स्थानीय विधायक के पास भी मदद के लिए गये थे। यहां तक कि ऑटो द्वारा क्षेत्र के गांवों में लापता छात्र की प्रचार-प्रसार किया गया। आज उसका शव बरामद हुआ। शव मिलते ही मां ट्विंकल देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया था।

# शैक्षणिक समस्याओं के विरूद्ध संघर्ष करेगी एबीवीपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बलिया का बैठक रविवार को एक निजी विद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने बताया कि 3 जनवरी, 4 जनवरी एवं 5 जनवरी को विद्यार्थी परिषद उत्तर बिहार का प्रांतीय अधिवेशन गोपालगंज में आयोजित हो रहा है। जिसमें उत्तर बिहार के सभी प्रतिनिधि भाग लेंगे। बलिया से भी कार्यकर्ता प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेंगे। यह अधिवेशन संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें संगठनात्मक समीक्षा के साथ-साथ छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा। अधिवेशन के दौरान प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, उसमें सुधार की संभावनाएं, विद्यार्थियों की समस्याएं, राष्ट्रनिर्माण में छात्र शक्ति की भूमिका तथा आगामी सत्र के लिए संगठन की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही परिषद के कार्यों को और प्रभावी एवं व्यापक बनाने के लिए ठोस निर्णय लिए जाने की संभावना है। एबीवीपी बलिया के नगर मंत्री श्रीराम एवं नगर सह मंत्री अमन गुप्ता एवं सुमन कुमार ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी शैक्षणिक समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता संघर्ष करेंगे। एबीवीपी कार्यकर्ता डिग्री कलेज को इस सत्र से शुरू करवाने के लिए संघर्ष करेंगे। बैठक में एबीवीपी बेगूसराय के खेलो भारत जिलासह संयोजक धनंजय प्रियांशु, कार्यालय मंत्री मिथिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष रौशन कुमार, खेलो भारत संयोजक मोनू मिश्रा, नीतीश कुमार, प्रियांशु कुमार, अभिनंदन कुमार, गौरव कुमार,रविश कुमार, तेंदुलकर कुमार आदि मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई ट्रेनिंग

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड मडल पंचायत नूरजामापुर में परदान संस्था के द्वारा आंगनबाडी सेविका दीदियों का एक दिवसिय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण बलिया सीडीपीओ कार्यालय में दिया गया।प्रशिक्षण में परदान संस्था टीम के समन्वयक सौम्या श्रीराय ने खाद समुह के बारे में चर्चा करते हुए समुह के सदस्यो को अवगत कराया। प्रशिक्षण के क्रम में उन्हें गर्भवती महिलाओं और बच्चों को संतुलित आहार वाली थाली के बारे में कैसे समझेंगे, इसके लिए कई गतिविधि करते हुए सेविका दीदियों को प्रशिक्षित किया गया। बताया गया गर्भवतियों की विशेष देखभाल जरूरी है। संस्था की मास्टर ट्रेनर शबनम कुमारी ने आईसीडीएस और इंडसइंड बैंक की मदद से आंगनबाडी से जुड लाभुकों तक कैसे पहुंचें पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में सेविका वंदना कुमारी, कुमारी पिंकी, चंदन देवी, सुनीता देवी, नूतन कुमारी, रीता कुमारी, पूनम कुमारी, अमला देवी, संजू कुमारी आदि शामिल थीं।

# पड़रिया खेल मैदान में बदमाशों ने क्रिकेट खेल रहे बच्चों को पीटा, दो रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के पड़रिया खेल मैदान में क्रिकेट खेल रहे लड़को के साथ 20 की संख्या में आये बदमाशों ने हरवे हथियार के बल पर मारपीट कर जख्मी कर दिया। जिसमें दो लड़के आरा रेफर किये गये हैं। इस संबंध में पीड़ित के पिता पड़रिया निवासी राजकुमार सिंह ने बड़हरा थाना में आवेदन दिया है। बताया है कि मेरा लड़का सुमित कुमार सिंह गांव के लड़को के साथ क्रिकेट खेलने के लिए पड़रिया खेल मैदान में गया हुआ था। गांव के सभी बड़े क्रिकेट खेल रहे थे इसी दौरान लाला टोला निवासी विमल राय उर्फ चिंटू राय अपनी बाइक लेकर खेल मैदान में घुस गया। तेज और अनियंत्रित गति से खेल मैदान में चलाने लगा। इस बात को लेकर मेरा पुत्र समेत गांव के बच्चे विरोध करने लगे। तब विमल राय उर्फ चिंटू राय धमकी देते हुए चला गया की तुमलोगों को 10 मिनट में बताते हैं। 10 मिनट के बाद सुनियोजित तरीके से विमल राय उर्फ पिंटू राय ने सीटू यादव, टिंकु यादव, आकाश गुप्ता, अरुण यादव समेत 20 की संख्या में नामजद व अज्ञात खेल मैदान पहुंचे। अपने हाथो में लाठी, भाला, लोहे के रॉड लिए थे। आकाश गुप्ता और सीटू यादव अपने हाथ में पिस्तौल लिए हुए खेल मैदान में आ गए तथा दारा यादव इनलोगों को मारपीट करने के लिए ललकारने लगे। तब ये लोग बच्चो को मारने लगे तथा मारपीट कर कई बच्चों को अंदुरुनी रूप से घायल कर दिए और बोलने लगे की हमलोग रंगदार यादव है। तुमलोगों को इस खेल मैदान में खेलने नहीं देंगे। इस दौरान मेरे पुत्र सुमित कुमार सिंह के गले से विमल राय उर्फ पिंटू राय ने सोना का लॉकेट और सिकरी जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपया नोच लिया और बेरहमी पूर्वक मारपीट कर अधमरा कर दिए। आकाश गुप्ता और सुमित उर्फ सीटू यादव अपने हाथ में लिए पिस्तौल लहराते हुए बोलने लगा कि अगर इस सम्बन्ध में कोई भी केस करेगा तो अंजाम भुगतने को तैयार रहना। मेरे पुत्र सुमित कुमार सिंह और कुणाल कुमार को लेकर आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा गए। दोनों की चिंताजनक स्थिति देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वे आरा सदर अस्पताल में भर्ती है तथा इलाजरत है। जिनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाया है कि ये लोग अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति है। जिनका पहले से अपराधिक इतिहास रहा है।

# शिवाजीनगर में कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस कांग्रेस कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराया और जय कांग्रेस के नारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश की आज़ादी की लड़ाई में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। कांग्रेस के नेतृत्व में देश को स्वतंत्रता मिली और आज़ादी के बाद राष्ट्र निर्माण, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक न्याय और विकास के क्षेत्र में पार्टी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा आज भी देश को आगे बढ़ाने की दिशा दिखाती है इस अवसर पर प्रखंड के कांग्रेस जनों ने संकल्प लिया कि वे कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों और जनकल्याणकारी विचारधारा को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे तथा आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, युवा विधानसभा अध्यक्ष सूरज पासवान, डॉ. सरजीत दास, छेदी दास, बलेश्वर सदा, विजय कुमार सिंह, अमरजीत तांती, जितेंद्र महतो, राजेश महतो, राजीव कुमार, उदय नारायण चौधरी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।

# भवन की उपेक्षा का दंश झेल रहा आयुर्वेदिक औषधालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड के नावकोठी स्थित आयुर्वेदिक औषधालय प्रशासनिक उदासीनता के कारण भूत बंगला में तब्दील हो गया है। आयुर्वेदिक औषधालय नावकोठी की स्थापना नावकोठी के जमींदार ठाकुर प्रसाद की धर्म पत्नी लाखो कुंवरी ने अपनी ही हवेली में 1966 ई में की थी। इसे लाखो कुंवरी दातव्य चिकित्सालय के रूप में स्थापित किया गया था। प्रशासन के द्वारा इस चिकित्सालय को 1972 में आयुर्वेदिक औषधालय में परिणत कर दिया गया। औषधालय संचालन हेतु जिला के विभिन्न मौजे में 49 बीघा 14 क्या 16 धूर जमीन राज्यपाल के नाम दान रजिस्ट्री की थी। जिसका राजस्व भी विभाग को नियमित रूप से मिल रहा है। स्थापना काल में दो चिकित्सक, एक कंपाउंडर, एक ड्रेसर, एक आदेशपाल, एक सफाई कर्मी सहित 12 कर्मचारी कार्यरत थे। प्रखंड क्षेत्र के सभी नौ पंचायतों से लगभग 200 रोगियों का इलाज प्रतिदिन किया जाता था। कर्मियों के स्थांतरण के फलस्वरूप अभी मात्र तीन कर्मियों की तैनाती अभी है। औषधालय का भवन जर्जर होकर बरसात में पानी टपकता रहता है। इस औषधालय में पंचायत समिति अंश से वित्तीय वर्ष 2003-04 में लगभग चार लाख रुपए की लागत से तीन कमरे का निर्माण किया गया था। आगे का खपरैल वाला हिस्सा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से टीन का चदरा लगाकर दुरूस्त करवाया। पदस्थापित चिकित्सक का सप्ताह में दो दिन आयुर्वेदिक कॉलेज बेगूसराय में प्रतिनियुक्ति कर दिए जाने के फलस्वरूप शेष दो दिन ही मंगलवार, शुक्रवार को ही इस औषधालय में ओपीडी का संचालन कर रोगियों का इलाज करते हैं। औषधालय में आवश्यक दवा के किल्लत के कारण रोगियों की संख्या नगण्य रहती है। औषधालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण तशेड़ियो, नशेडियो और अन्य असामाजिक तत्वो का अड्डा बन गया है। औषधालय के बरामदे पर इनका जमावड़ा लगा रहता है। औषधालय के जीर्णोद्धार के लिए न तो जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासनिक पदाधिकारी ही सुधि ले रहे हैं। पूर्व सांसद, विधान पार्षद, विधायक से इसके जीर्णोद्धार की कई बार गुहार लगाई गई, पर आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला। इस औषधालय को 30 बेड के अस्पताल में परिणत करने की स्वीकृति मिले तीन वर्ष के बाद भी फाइल किसी ठंडे बस्ते में पडा है। नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, जदयू जिला महासचिव हरिनंदन जायसवाल, धर्मवीर कुमार, राकेश कुमार आदि ने बताया कि राज्य आयुष समिति पटना से इस अस्पताल के जीर्णोद्धार हेतु 50 शय्या युक्त आयुष अस्पताल में उत्क्रमित करने की स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग विभागीय पत्रांक 1387, 19 दिसम्बर 2024 के आलोक में मिल गई है। जिससे पूरे इलाके में लोगों में एक तरफ खुशी की लहर दौड़ गई।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

## दो कोर्ट वारंटियों को भी पुलिस ने दबोचा

**सख्ती**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडारी।** थानाध्यक्ष ने बलहा गांव से 10 लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जिस दौरान थाना क्षेत्र के बलहा गांव से एक कारोबारी को 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार कारोबारी की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलहा गांव के वार्ड संख्या 7 निवासी महेंद्र बिंद का पुत्र गोरेलाल बिंद के रूप में बताया गया। वहीं उन्होंने कहा उक्त अभियुक्त के खिलाफ डंडारी थाना कांड संख्या 168/25 शराब मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए रविवार को न्यायिक हिरासत के लिए बेगूसराय जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर दो कोर्ट वारंटी को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया। वहीं वारंटी की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बलहा गांव के वार्ड संख्या 7 निवासी महेंद्र बिंद का पुत्र बिंदुल बिंद एवं दूसरे की पहचान डंडारी गांव के वार्ड संख्या 2 निवासी नरेश यादव का पुत्र नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय हेतु प्रस्तुति के लिए न्यायिक हिरासत में बेगूसराय भेज दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय नाट्य समारोह के लिए बेगूसराय की नाट्य संस्था का चयन

## प्रयागराज में चर्चित 'नाटक कथा' का होगा मंचन

**25 फरवरी को होगा कार्यक्रम**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अंतरराष्ट्रीय नाट्य समारोह में जिले की नाट्य संस्था द फैक्ट आर्ट एण्ड कल्चर सोसाइटी का चर्चित नाटक कथा का चयन किया गया है। 25 वां भारत रंग महोत्सव के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली में आयोजित की। जिसका लेखन सुधांशु फिरदौस व निर्देशन ख्याति प्राप्त रंग निर्देशक प्रवीण कुमार गुंजन ने किया है। ज्ञात हो कि उक्त नाट्य महोत्सव दुनिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय थिएटर फेस्टिवल है। जिसमें देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अलावे दुनिया के अलग-अलग देशों के नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। लगभग माह भर चलने वाले इस महोत्सव में 200 नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। बेगूसराय रंगमंच एवं फैक्ट रंगमंडल के कलाकारों में काफी खुशी है की नाटक कथा का चयन हुआ है। जिसकी प्रस्तुति 13 फरवरी को प्रयागराज उत्तर प्रदेश में होगा। वहां से वापसी के बाद 16 फरवरी 2026 को स्थानीय दिनकर कला भवन के प्रेक्षागृह में नाटक कथा की प्रस्तुति की जायेगी। नाटक के निर्देशक प्रवीण कुमार गुंजन वर्तमान में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बनारस केन्द्र के निदेशक हैं। विदित हो कि भारत रंग महोत्सव में इससे पहले भी इनके द्वारा निर्देशित नाटकों का मंचन इस अंतराष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में हो चुका है। जिसमें 2010 में अंधा युग, 2011 में मैकबेथ, 2012 समझौता, 2013 जर्नी फॉर फ्रीडम, 2016 गबरघिचोर, 2018 थियेटर ओलंपिक, 2025 राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय बनारस केन्द्र के द्वारा नाटक उत्तर रामचरित शामिल हैं। जिले के बुद्धिजीवियों एवं रंग प्रेमियों ने बधाई व शुभकामनाऐं प्रेषित किया है। जिसमें फैक्ट के अध्यक्ष विश्वरंजन सिंह (राजू), शिक्षाविद् अशोक कुमार सिंह (अमर), चिंटू मुनि, वरिष्ठ रंगकर्मी दीपक सिन्हा, रंगकर्मी इम्तियाजुल हक डब्लू, फैक्ट के चंदन वत्स, संतोष कुमार राही, देवानंद सिंह, लाल बाबू, दीपक कुमार, अमरेश कुमार, रविकांत, चंदन कश्यप, वैभव कुमार, जितेन्द्र चौधरी आदि लोग शामिल हैं।

# गोल्डन जुबली समारोह में सम्मानित हुए डा. बी.के. तिवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 50 वें वर्षगांठ पर आयोजित गोल्डन जुबली समारोह में जिले के चिकित्सक डा. बीके तिवारी को सम्मानित किया गया। इस समारोह में देश एवं विदेश से आए हुए विख्यात चिकित्सक, रिसर्च-पर्सन, एवं मोलेक्यूल साइंटिस्ट एवं व्याख्याताओं-वक्ताओं के द्वारा रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया गया। इसी कडी में बिहार ब्रांच के महासचिव ड बीके तिवारी एवं अध्यक्ष डा. संजीव कुमार सिंह को संगठन एवं होम्योपैथी चिकित्सा में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 50वें वर्षगांठ गोल्डन जुबली समारोह में लगभग 2200 चिकित्सकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्व बांग्ला कनवेंशन सेंटर न्यू टाउन कोलकाता पश्चिम बंगाल में आयोजित की गई। जिसमें हमाइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. श्यामल मुखर्जी पूर्व सीसीएच अध्यक्ष डा. रामजी सिंह, राष्ट्रीय महासचिव डा. एके गुप्ता, डा. पियुष जोशी, होम्योपैथी के महान विद्वान डा. एम के साहनी, जीडी मेमोरियल मेडिकल कलेज के एसोशिएट प्रोफेसर एवं होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया बिहार शाखा के उपाध्यक्ष डा. रजत द्विवेदी एवं बिहार ब्रांच के उपाध्यक्ष डा.ओमप्रकाश गुप्ता, मीडिया प्रभारी डा. रोहित कुमार, डा. महमूदुल हसन,ड संजीव कुमार, एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# मखदुमपुर में क्षत्रिय महासभा संघ का चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार क्षेत्र के केवटार मुहल्ले मे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रखंड इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासभा के पदाधिकारी का चुनाव सर्व समिति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामसरेक सिंह ने किया जबकि संचालन बलराम सिंह ने किया, चुने गए सदस्यों में उपाध्यक्ष के लिए पप्पू सिंह और रोशन सिंह, सचिन किशोरी सिंह, मुख्य संयोजक उमेश सिंह, उपसंयोजक विमल सिंह, प्रवक्ता संजीव सिंह, कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह, सचेतक रनेन्द्र सिंह को चुना गया। नई टीम अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह के साथ काम करेगी। इस अवसर पर समाज से जुड़े कई समस्याओं पर विचार किया गया। समाज के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर विधानसभा के लिए एक स्थाई कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया जिसका उद्घाटन 26 जनवरी को किया जाएगा। इस मौके पर अमोघ सिंह, बालेश्वर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तीन वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने अलग अलग गांव से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी विष्णुपुर पंचायत के देवपुरा के 43/06 के फिरोज उर्फ फिरवां मियां, अकबर मियां तथा हसनपुर बागर पंचायत के चक मुजफ्फर के ललन कुमार है। तीनों वारंटी मारपीट के मामले में नामजद थे। लंबे समय से वे कोर्ट में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबी अवधि से कोर्ट से अनुपस्थित रहने से कोर्ट ने इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त एस आई पुनम कुमारी साहा, रंजीत कुमार, विपिन कुमार ओझा, विश्वजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह, मो इसमाइल, युगल किशोर मंडल सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## तीन आरोपित गिरफ्तार

**बलिया।** थानाध्यक्ष ने देर रात अलग-अलग मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि सघन छापेमारी अभियान चलाकर दो आर्म्स एक्ट सहित तीन आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत तुलसीटोल निवासी संतोष यादव के पुत्र शीशम कुमार को थाना कांड संख्या 558/25 में गिरफ्तार किया गया। वही दूसरे आरोपित तुलसीटोल निवासी सागर यादव के पुत्र रजनीश कुमार को कांड संख्या 106\11 में कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया। वही रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट मामले में विशनपुर निवासी अन्नू महतों के पुत्र सुनील महतों को कांड संख्या 234/17 में गिरफ्तार किया गया है।

# बढ़ती ठंड से लोगों को नहीं मिल रही राहत, जिला प्रशासन ने अलाव के किए इंतजाम

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहरी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दिन-प्रतिदिन तापमान में गिरावट के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सुबह और रात के समय ठंड का प्रकोप अधिक देखा जा रहा है। जिससे गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल ठंड से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। इसी को देखते हुए मखदुमपुर के अंचलाधिकारी रंजीत कुमार उपाध्याय द्वारा ठंड से बचाव के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था कराई गई है। अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रखंड के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि आम जनता को ठंड से राहत मिल सके। नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख स्थानों जैसे ब्लॉक मोड़, स्टेशन मोड़, मखदुमपुर बाजार, पाईबीघा मोड़ सहित कई चौक-चौराहों पर लकड़ियां गिरवाकर अलाव जलाया जा रहा है। वहीं टेहटा बाजार मोड़, स्टेशन के समीप, मेला रोड मोड़ सहित अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था की गई है। अंचलाधिकारी ने बताया कि कड़ाके की ठंड में अलाव से लोगों को काफी राहत मिल रही है और प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर और स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे ठंड के मौसम में राहत देने वाला कदम बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रकाश पर्व पर चाय सेवा का आयोजन

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु गोविंद सिंह जी के 359 वी जयंती प्रकाश पर्व उत्सव नगर के सिख समुदाय के लोगों ने भव्य तरीके से मनाया। प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर के शहीद भगत सिंह चौक पर चाय सेवा की व्यवस्था की गई थी। इस सेवा भाव पूर्ण आयोजन में उपस्थित नगर सभा पति प्रतिनिधि नागेन्द्र साह ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी के त्याग, तपस्या, मानवता के संदेश को आत्मसात करते हुए ,आपसी भाईचारा व समरसता का अनुकरणीय आज का आयोजन रहा। इस अवसर पर पर हरविंदर सिंह, रिंकू सिंह, सुजल सिंह, ब्रांड एम्बेसडर सदाकांत शुक्ल, समाज सेवी विजय गुप्ता, रौनक सिंह, विरभद्र सिंह, बालक सिंह, प्रियम सिंह, शेखर सुमन, मंजय निराला, मयूरसेन, यादव, श्रीकांत गुप्ता, प्रदीप, पटेल, आशिष टीबडेवाल, मनोज अग्रवाल समेत आदि लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

### कम्बल दुकान में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर थाना क्षेत्र के इन्दरा नगर मुख्य सड़क के किनारे कम्बल दुकान में बीती रात कम्बल की चोरी हुई है। इस मामले यूपी थाना सेफनी निवासी दुकानदार अनिश अहमद ने चोरी की घटना के संबंध में थाना को आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि विगत कई महिना पूर्व से रामनगर नगर क्षेत्र के इंदिरा नगर कासिम खाँ के घर के सामने उनके भुमि पर किराए पर अपना कमवल का दुकान लगते है बीती रात्री लगभग 2 बजे मेरे दुकान से कम्पनी का छः कम्बल के साथ-साथ दस हजार की चोरी का आरोप अज्ञात चोरों पर लगाया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मामले की जांच आरंभ कर दिए गए है।

### इलाज के बाद रेफर महिला की मौत

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर के नेपाली टोला स्थित संजीवनी हेल्थ केयर अस्पताल में इलाज के बाद रेफर एक महिला मरीज की मौत से माहौल तनावपूर्ण हो गया। मृतका के परिजनों ने संजवनी केयर में पहुंचकर जमकर हंगामा किया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार समेत पुलिस बल पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया. मृतका की पहचान सोनखर गांव निवासी 22 वर्षीय सुनीता देवी, पति राणा साह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सुनीता का बीते दस दिनों से संजीवनी हेल्थ केयर में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे बेतिया रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर नंदलाल यादव ने बताया कि मरीज का ईलाज के बाद छुट्टी दे दी गई थी दोबरा मरीज के आने पर बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर किया गया था। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि परिजनों से आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रात्री प्रहरियों को मानदेय नहीं मिलने पर जताया आक्रोश

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी मध्य विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरियों को मानदेय नहीं मिलने पर उन्होंने सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्ति किया है। गांधी आश्रम परिसर में रात्रि प्रहरियों की एक बैठक सुग्रीव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। रात्री प्रहरियों ने सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी नाइट गार्ड पिछले करीब 2 वर्षों से विभिन्न विद्यालयों में नाइट गार्ड के पद पर नियोजित होकर कार्यरत हैं परंतु अभी तक हम लोगों को एक माह का भी मानदेय नहीं मिला है। आक्रोशित नाइट गार्ड ने इस संबंध में डीइओ को एक पत्र भेज कर शिकायत करने की बात बताई।बता दे कि रात्री प्रहरियों को इएसइपीएल व पीएसपी एजेंसी द्वारा 5,000 रूपए पर नियोजन किया गया है।इस मौके पर धीरज यादव,गोलू कुमार, शैलेश कुमार, प्रदीप बैठा,रूजीद मियां, मिथिलेश कुमार महतो सहित मैनाटाड़ व नरकटियागंज के नाइट गार्ड भी उपस्थित थे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ एक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चापा कल पर पानी भरने के दौरान एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। मामले में शिकारपूर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान चिंतावनपुर गांव निवासी संटू पटेल के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार लड़की गाव में ही चापा कल पर पानी भरने के लिए गयी थी। पानी भरने के दौरान आरोपित और उसका एक दोस्त हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगे। लड़की हाथ छुड़ाकर घर भाग गई और अपने परिजनों को सारी बात बताई। वहीं लड़की के परिवार वालो ने शिकायत लेकर आरोपित युवक के घर गए तो उसके घरवालों ने गाली गलौज व मारपीट किया। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि मामले में लड़की के बयान पर चार लोगों पर प्राथमिक दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी संटू पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मुखिया के पुत्र सहित पांच पियक्कड़ गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने अलग - अलग थाना क्षेत्र से एक हत्यारोपी पूर्व मुखिया पुत्र सहित पांच पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए हत्या के आरोपी अभियुक्त की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत खड़तरी मध्य पंचायत के पूर्व मुखिया व खड़तरी गांव निवासी परमहंस भगत के पुत्र शिवम कुमार उर्फ बंटी के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि आरोपी युवक हरसिध्दि थाना कांड संख्या 616/24 में हत्या के केस के वांछित अभियुक्त है। जिसे पुलिस ने चिरैया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसकी सूचना हरसिद्धि थाना प्रभारी को दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त से मामले की जांच एवं पूछताछ चिरैया कांड में भी की जा रही है। इनमें शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेई गांव निवासी रामलाल राय के पुत्र प्रमोद राय, सिरौना गांव निवासी स्व.राम अयोध्या मुखिया के पुत्र ज्योतिक मुखिया, अम्बरिया गांव निवासी बेचू दास के पुत्र सुनील दास, भागवतपुर भलूवाहिया गांव निवासी स्व. रामजतन मिश्र के पुत्र हरि मिश्र एवं पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के मठवा गांव निवासी बदरी मांझी के पुत्र निहाई मांझी को शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि इनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



### ठंड से ठिठुरते लोग, अलाव की व्यवस्था नहीं

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कई बाजारों में अंचल प्रशासन की ओर से अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। खासकर इनरवा, भंगहा व मानपुर आदि क्षेत्रों में बैंक से लेकर बस स्टैंड व सार्वजनिक स्थल पर भी अलाव की व्यवस्था नही की गई है। गरीब असहाय वर्ग ठिठुर रहे हैं। दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह से ही ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। लोग रद्दी कागज और फलों की पेटियों का जलाकर लोग ठंड भगाने का प्रयास कर रहे हैं। हालात हैं कि शाम ढलते ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है।

# रक्सौल में 83 किलो गांजा के साथ पिकअप जब्त, नेपाली चालक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतनेपाल सीमा से सटे रक्सौल शहर में पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल से गांजा की खेप लेकर आ रही एक पिकअप वाहन को धर दबोचा है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पिकअप में बने तहखाने से करीब 82.960 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 28/12/25 को समय करीब 3:10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नेपाल से गांजा की एक बड़ी खेप पिकअप वाहन में तहखाना बनाकर बाईपास रोड होते हुए भारत लाई जा रही है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।




गठित टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल मनीष आनंद, पंजीकरण अधिकारी रक्सौल आशीष कुमार अग्रवाल, हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान, अपर थानाध्यक्ष सोनालाल कुमार, पुअनि दयानंद पासवान, पुलिस बल दिनेश एवं विकास कुमार पटेल शामिल थे। टीम द्वारा बाईपास ओवरब्रिज पर नेपाल से आने वाले वाहनों की सघन जांच के दौरान पिकअप वाहन को रोका गया। तलाशी के क्रम में पिकअप में बने विशेष तहखाने से 08 बंडल गांजा बरामद किया गया, जिसका कुल वजन 82.960 किलोग्राम पाया गया। वाहन चालक की पहचान आसू कुमार कलवार उर्फ विकेश कलवार (उम्र 30 वर्ष), पिता ललन प्रसाद कलवार, निवासी वीरगंज रानीघाट वार्ड11, थाना वीरगंज, जिला पर्सा (नेपाल) के रूप में हुई है, जिसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।बरामद गांजा एवं पिकअप वाहन को विधिवत जब्त कर थाना लाया गया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस तस्करी के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा गांजा कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस की इस कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## बदमाशों ने की वृद्ध महिला की चाकू मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के धरोहरा गांव में अज्ञात बदमाशों ने शौच करने गई एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। साथ ही शरीर में पहने स्वणार्भूषण छीन लिए। घटना शनिवार की रात घटी है। घटना की खबर मिलते ही चिरैया पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी हरिलाल साह की पत्नी प्रभावती देवी (65) के रूप में हुई है। घटना के समय वह सरेह के तरफ शौच करने गई थी। इसी क्रम में पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही सिकरहना डीएसपी उदय शंकर भी घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच कर रहे है। वही डीएसपी की सूचना पर डॉग स्क्वायड व एफएसएल की टीम भी पहुंच कर



मामले की विधिवत जांच किया है तथा लेबोरेट्री जांच के लिए नमूना संग्रह किया है। घटना महिला के गौवास से महज चंद कदम की दूरी पर घटी है। उसके आस पास अन्य लोगों का आवासीय घर भी है। जो गहन जांच का विषय है। घटना के बाद से मृतका के परिजन सहित ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित लोग अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। एसडीपीओ उदय शंकर ने बताया कि मामले में अहम सुराग मिली है। शीघ्र ही संपूर्ण घटनाक्रम का उद्भेदन कर लिया जायेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में भाग लेने रांची रवाना हुए बिहार के 21 प्रतिभागी, सारण की तीन बालिकाएं भी शामिल

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 50वीं सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बिहार राज्य के कुल 21 प्रतिभागी झारखंड की राजधानी रांची के लिए रवाना हो गए हैं। इस राज्य स्तरीय दल में सारण जिले की तीन प्रतिभाशाली बालिकाओं का चयन होना जिले के लिए गौरव की बात है। इस संबंध में सारण जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता पारस नाथ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए एक संक्षिप्त विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। योग प्रशिक्षिका सलोनी कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में योग केवल एक खेल नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का अहम आधार बन चुका है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक संतुलन, एकाग्रता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। भागदौड़ भरी जिंदगी और डिजिटल निर्भरता के दौर में योग युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है। सारण निवासी सह राष्ट्रीय योग रेफरी चंद्र शेखर प्रसाद सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ी अंजली शाही, जुली शाही एवं रोशनी कुमारी लंबे समय से योग साधना में संलग्न हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेना उनके लिए गर्व का विषय है और पूरी उम्मीद है कि वे बेहतर प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगी। रांची के रतनलाल जैन स्मृति भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। एसोसिएशन की संरक्षिका डॉ. अंजू सिंह एवं डॉ. रंजिता प्रियदर्शिनी, अध्यक्ष पारसनाथ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, संयुक्त सचिव तरुण कुमार सिंह सहित जिलेवासियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।




## कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 140वी स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी आश्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय के द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।अपने अध्यक्षीय भाषण में इंजीनियर शशि भूषण राय ने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसने महात्मा गांधी ,पंडित नेहरू ,सुभाष चंद्र बोस ,सरदार पटेल ,मौलाना कलाम आजाद ,लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी। आज इस गौरवशाली इतिहास को आदरणीय राहुल गांधी जी आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। उस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा होना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य और गर्व की बात है । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना दिवस 28 दिसंबर को मनाया जाता है। ध्वजा रोहण के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्यों ने महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया उसके बाद शहीद स्मारक पर सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष इंजीनियर शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में गांधी आश्रम कांग्रेस कार्यालय से लेकर गांधी संग्रहालय मोतिहारी तक शहर से होते हुए पदयात्रा निकाली गई । बतादे कि 28 दिसंबर को पूरे देश में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष प्रोफेसर विजय शंकर पांडे ,संगठन प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह, सत्येंद्रनाथ तिवारी, रोमा खान, दिग्विजय सिंह,पप्पू रंजन मिश्रा,आबिद हुसैन, आबिद मुखिया ,अफरोज आलम बृजेंद्र तिवारी, अनिल सिंह आशीष रंजन सिंह, परशुराम पांडे ,मुनमुन जायसवाल ,अनवर आलम अंसारी हरेराम महतो ,यादवलाल पासवान,रमेश श्रीवास्तव, विश्वनाथ चौरसिया, नियाज खान, राजकुमार कुशवाहा,अजय कुमार झा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।



## अवैध नर्सिंग होम पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, पांच क्लिनिक किए गए सील

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तरैया थाना क्षेत्र के तरैया बाजार एवं आसपास के इलाकों में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम और क्लिनिकों के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को सख्त कार्रवाई करते हुए पांच क्लिनिकों को सील कर दिया। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर गठित जांच टीम के बाजार में पहुंचते ही फर्जी क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मच गया। कई संचालक अपनी-अपनी क्लिनिक बंद कर बोर्ड हटाकर मौके से फरार हो गए। जांच टीम में मजिस्ट्रेट के रूप में तरैया अंचलाधिकारी पंकज कुमार सिंह, रेफरल अस्पताल तरैया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आलोक बिहारी शरण तथा तरैया थाना की पुलिस शामिल थी। टीम ने कार्रवाई से पूर्व तरैया बाजार एवं आसपास एक किलोमीटर के दायरे में संचालित नर्सिंग होम और क्लिनिकों की सूची तैयार की थी। सूची में ब्रिम्स हॉस्पिटल, जीवनदान हॉस्पिटल, श्रीराम लेप्रोस्कोपिक सेंटर, त्रिमूर्ति सेवा सदन, शिवम क्लिनिक, मां अमरावती इमरजेंसी हॉस्पिटल, स्वस्तिक हॉस्पिटल, मां इमरजेंसी हॉस्पिटल, श्रागनी इमरजेंसी हॉस्पिटल, आशा की नई किरण, सूर्या मेडिकल हॉस्पिटल, बाबा सेवा सदन, आशीर्वाद सेवा सदन, जनता सेवा सदन, पीडी गिरि हॉस्पिटल, पवन अल्ट्रासाउंड एवं आरोग्य चाइल्ड केयर सहित कई संस्थान शामिल थे। जैसे ही जांच टीम देवरिया रोड, मुरलीपुर नहर और रामबाग क्षेत्र में पहुंची, कई क्लिनिक संचालक मौके से फरार पाए गए। उपलब्ध साक्ष्यों एवं दस्तावेजों की जांच के बाद आरोग्य चाइल्ड केयर, मां सेवा सदन, त्रिमूर्ति सेवा सदन, प्रतिमा सोनी क्लिनिक तथा पवन अल्ट्रासाउंड को मौके पर ही सील कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आलोक बिहारी शरण ने बताया कि यह कार्रवाई जिले से प्राप्त आदेशों के आलोक में की जा रही है। अन्य क्लिनिक संचालकों से चिकित्सकों की डिग्री, कर्मचारियों की सूची एवं निबंधन से संबंधित कागजात मांगे गए हैं। जो भी संस्थान निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरेंगे, उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## 'टीचर ऑफ द मंथ' अवार्ड से सम्मानित हुए नवाचारी शिक्षक पिंटू रंजन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के बनियापुर प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय धवरी में हिंदी विषय के शिक्षक के रूप में कार्यरत नवाचारी शिक्षक पिंटू रंजन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा नवंबर 2025 माह के लिए 'टीचर ऑफ द मंथ' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक माह ऐसे शिक्षकों का चयन किया जाता है, जिन्होंने नवाचार, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। इस सम्मान के तहत प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र पर विभाग के सर्वोच्च पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशक के संयुक्त हस्ताक्षर होते हैं, जो इस पुरस्कार की गरिमा को और बढ़ाता है। नवाचारी शिक्षक पिंटू रंजन अपनी विशिष्ट शिक्षण शैली, विषय को सरल एवं रुचिकर ढंग से प्रस्तुत करने तथा निरंतर शैक्षणिक नवाचारों के लिए जिले में विशेष पहचान रखते हैं। उनके कक्षा-कक्ष में शिक्षण केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न होकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, भाषा कौशल और आत्मविश्वास निर्माण पर केंद्रित रहता है। इस उपलब्धि पर पिंटू रंजन ने कहा कि यह सम्मान उन्हें अपने दायित्वों के प्रति और अधिक सजग रहने, कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि इसमें विद्यालय परिवार का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविचंद्र प्रकाश दास, शिक्षक कुमार मिथिलेश सिंह, परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह सहित कई शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने फोन एवं संदेश के माध्यम से बधाई दी। शिक्षक समुदाय में इस सम्मान को लेकर हर्ष और गौरव का माहौल है।



## ईश्वर शांति विधि महाविद्यालय में अभिभावक सम्मान समारोह

### रवि शरण का जन्मदिन मनाया गया

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौतन प्रखंड के झखरा स्थित ईश्वर शांति विधि महाविद्यालय में अम्मा ट्रस्ट, बेतिया के तत्वावधान में अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक सह वरीय अधिवक्ता रवि शरण का 89वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।मुख्य अतिथि आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने कहा कि अभिभावक समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं और उनका सम्मान हर संतान का कर्तव्य है। समारोह में भोजपुरी कलाहाट के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिन्हें मंत्री नारायण प्रसाद और संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में सत्येंद्र शरण, धीरेंद्र शरण, प्राचार्य शबा खानम, डा. दिवाकर राय, प्रशांत सौरभ, बलराम दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## रामकृष्ण मिशन आश्रम में 150 असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण

### शीतलहर से बचाव को लेकर रेड क्रॉस की मानवीय पहल

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के घोरहट पंचायत स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में शीतलहर को देखते हुए 150 असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और खुशी साफ झलकती दिखी। इस अवसर पर छपरा रेड क्रॉस सोसायटी की अध्यक्षा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा लगातार समाज के असहाय एवं जरूरतमंद वर्ग की सेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को कठिनाई न हो, इसके लिए चरणबद्ध तरीके से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 2 जनवरी को बनियापुर प्रखंड में भी असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। वहीं बिहार प्रदेश के प्रभारी जूनियर रेड क्रॉस ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकाल के दौरान कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जूनियर रेड क्रॉस की जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें गर्व और आत्मसंतोष की अनुभूति हो रही है तथा भविष्य में सेवा, सहयोग और मानवीय कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आश्रम के सचिव अति देवानंद महाराज, रेड क्रॉस सोसायटी की सचिव जीनत मसीह, कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह, डॉ. हरेन्द्र सिंह, डॉ. शहजाद आलम सहित रेड क्रॉस से जुड़े कई पदाधिकारी, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए रेड क्रॉस के सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।





## अंचल कर्मचारी बता की अवैध उगाही, शिकायत दर्ज

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामनगरी निवासी तपसी यादव ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी को ले मैनाटांड़ थाना मे आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।अपने दिए आवेदन में तपसी यादव ने बताया है कि 11 फरवरी को अपने पतोह की रजिस्ट्री हुई जमीन की दाखिल खारिज कराने हेतु अंचल कार्यालय गया था।अंचल कार्यालय पहुंच कर्मचारी की खोजबीन कर रहा था।उसी दरमियान अंचल परिसर में खड़े एक व्यक्ति ने आप को अंचल कर्मी बताते हुए दस हजार रूपए में दाखिल खारिज करा देने की बात कही। उसने अपना पता मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के पूर्वी पकुहवा निवासी गोरख पटेल का पुत्र हीरालाल पटेल बताया था। मैंने रजिस्ट्री हुई जमीन की फोटो कॉपी के साथ सात हजार रुपया नगद देने के साथ तीन हजार रुपया हीरालाल पटेल के पे फोन पर डलवा दिया।

## नियोजित शिक्षकों की लंबित मांगों की अनदेखी पर शिक्षक संघ आंदोलन के मूड में

### 20 वर्ष बीतने के बाद भी कालबद्ध प्रोन्नति नहीं मिलने से स्थानीय निकाय शिक्षक आक्रोशित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बिहार के पंचायतीराज स्थानीय निकाय अंतर्गत कार्यरत पंचायत एवं प्रखंड शिक्षकों को सेवा के 20 वर्ष पूर्ण हो जाने के बावजूद स्नातक ग्रेड में कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ नहीं दिया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मुद्दे को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति शिक्षकों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के शैक्षणिक विकास में स्थानीय निकाय के शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, इसके बावजूद 2020 की सेवाशर्त नियमावली में स्पष्ट रूप से वर्णित 8 वर्ष एवं 20 वर्ष की संतोषप्रद सेवा के उपरांत कालबद्ध प्रोन्नति के प्रावधानों की लगातार अनदेखी की जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा इस विषय पर चुप्पी साधे रखना शिक्षकों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि प्रोन्नति जैसे मूलभूत अधिकार पर विभागीय उदासीनता के कारण पंचायतीराज शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो नियोजित शिक्षकों के समक्ष आंदोलन के अतिरिक्त कोई विकल्प शेष नहीं बचेगा। इस संबंध में संघ की ओर से पूर्व में स्मार पत्र भी सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उदयशंकर गुड्डू ने आगे कहा कि विद्यालय अध्यापक, विशिष्ट शिक्षक, प्रधान शिक्षक सहित अन्य कोटि के शिक्षकों के समयबद्ध कार्यों का निष्पादन भी लंबित है।



CMYK

# पेड़- पौधे हमारे जीवन का आधार : डॉ. सुनील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 239 वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन पी.पी.एम. स्कूल के निदेशक डॉ.एस.के. सुनील के पिता स्व. सियाराम शर्मा के पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्हें गायत्री परिवार की ओर से श्रद्धांजलि भी अर्पित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. एस. के. सुनील के पैतृक गांव सदर प्रखंड के वसंतपुर गांव में आयोजित हुआ। पौधारोपण से पूर्व गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के युवाओं ने दिवंगत स्वर्गीय सियाराम शर्मा को गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ पुष्पांजलि अर्पित किए, इसके पश्चात शांति पाठ के बाद गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्वामी सहजानंद सरस्वती आई. टी. आई. बसंतपुर के परिसर में कई फलदार पौधे लगाए गए।



पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल डॉ. एस. के. सुनील ने कहा कि मेरे पिताजी के पुण्य स्मृति में लगाए गए पौधे कई पीढियों तक लोगों को फल, फूल और शुद्ध हवा प्रदान करने के साथ-साथ कुशल स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अनुपम उपहार है, जिसके ऊपर ही पूरी जैव पारिस्थितिकी और जैव संरचना निर्भर है। उन्होंने कहा कि किसी अपनों को समर्पित और उनके स्मृति में वृक्षारोपण करना एक बेहद शानदार कदम है साथ ही उनके लिए यह भावनात्मक भी है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अपने जन्मोत्सव, विवाहोत्सव सहित अन्य विशिष्ट अवसरों पर वृक्षारोपण जरूर करें और साथ ही उपहार स्वरूप भी लोगों को पौधा भेंट करे, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा इससे समाज में पौधरोपण और उसके संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे समाज में पर्यावरण के प्रति जनजागरुकता को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर उपस्थित स्व. सियाराम शर्मा के बड़े पुत्र इंजीनियर अनिल कुमार ने गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम को युगांतरकारी कदम बताते हुए कहा इससे हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान अपने पिताजी के उच्च विचार, आदर्श और नैतिक मूल्यों को याद करते हुए कहा कि पिताजी के स्मृति में लगे पौधे हमेशा उनके साथ होने का एहसास कराता रहेगा। गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे इस सतत वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर रंगेश कुमार, श्याम नारायण कुमार, प्रवीण कुमार, धर्मेन्द्र कुमार,नागेंद्र कुमार, राकेश कुमार, शिशुपाल कुमार, विकास कुमार, श्रीराम शर्मा, सौरभ कुमार समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# अतिक्रमण से जूझ रहा नबीनगर लोगों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। नबीनगर नगर पंचायत इन दिनों अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। नगर के प्रमुख मार्गो विशेषकर यात्री शेड के समीप स्थित मुख्य चौराहा और उसके आसपास के इलाकों में फैले अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई है। स्थिति यह है कि दिन के अधिकांश समय यहां जाम लगा रहता है जिससे आम नागरिकों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यात्री शेड के आसपास फुटपाथों और सड़क के किनारे अस्थायी दुकानों, ठेलों और अवैध कब्जों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर ही सामान फैलाकर रखने से सड़क की वास्तविक चौड़ाई कम हो गई है जिससे बड़े वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों और पैदल यात्रियों का आवागमन करने में परेशानी होती है। कई बार तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है और लोगों को सड़क के बीच से गुजरने को मजबूर होना पड़ता है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं सुबह व शाम के समय में हालात और भी बदतर हो जाती है। यहां तक कि कार्यालय जाने वाले कर्मचारी विद्यालय व कॉलेज के छात्र और रोजमर्रा के काम से निकलने वाले लोग जाम में फंसकर समय पर अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। यहां तक चार मिनट का सफर तय करने में आधा घंटा या उससे अधिक का समय लग जाता है। वहीं जाम का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, बुजुर्गो और मरीजों पर पड़ रहा है। वहीं जाम में एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह स्थिति किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है। लोगों का यह भी कहना है कि अतिक्रमण की समस्या को लेकर नगर पंचायत और संबंधित प्रशासन को कई बार शिकायत की गई है परंतु अबतक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। कभी-कभी तो अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान भी चलाया जाता है परंतु कुछ ही दिनों में स्थिति पुनः उत्पन्न हो जाती है। अधिकारियों को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने की जरूरत है।

# मन की बात में पीएम मोदी ने 2025 की गिनवाई उपलब्धियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। शहर के वार्ड नंबर 7 रामराज्य नगर में भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात के 129वें एपिसोड को सुना।



नरेंद्र मोदी ने 2025 की उपलब्धियों को साझा करते हुए देश की सुरक्षा के प्रति अडिग संकल्प, खेलों में ऐतिहासिक सफलताओं और युवाओं की ऊर्जा को नवाचार में बदलते भारत की तस्वीर सामने रखी। महाकुंभ, कच्छ रणोत्सव, लोक–शास्त्रीय परंपराएं और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्कृति की गूंज ने राष्ट्रीय गर्व को और सुदृढ़ किया। यह एपिसोड 2026 के लिए नई ऊर्जा, नए संकल्प और एकजुट भारत का संदेश देता है। 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र और नागरिकों के बीच सशक्त संवाद का माध्यम है, जो हमें सेवा, संकल्प और समर्पण की भावना से जोड़ता है। प्रधानमंत्री के विचार हमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और देशहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में संगठन को और सशक्त करने के संकल्प को दोहराया गया। आज प्रधानमंत्री इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में सुना गया। मन की बात कार्यक्रम में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार सिंह, रघुनाथ राम, टुना गुप्ता, रामानुज पांडेय, ललेंनदर शर्मा, अनिल सिंह, हरिओम, अमर उजाला, अनीश कुमार, जुगेश सिंह, उपेंद्र सिंह, भोला कुमार, रमेश राम सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना की पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के नटवाटीकर गांव के समीप से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त किया। इस कार्यवाही में ट्रैक्टर चालक छोटू कुमार की भी गिरफ्तारी हुई है। जो हरिहरगंज थाना क्षेत्र के रजवार गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में बालू तस्करों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान अवैध बालू लदे ट्रैक्टर का परिचालन करते चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# केसरवानी वैश्य सभा का आयोजन, संगठन को मजबूत करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के राजा बाजार क्षेत्र में केसरवानी वैश्य सभा की ओर से एक भव्य सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए और पूरे आयोजन में उत्साह व एकजुटता देखने को मिली। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में केसरवानी समाज के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना और उसके विस्तार को लेकर सामूहिक विचार–विमर्श करना रहा। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है जब केसरी समाज सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्रों में अपनी भूमिका को और अधिक मजबूत करे। इस दौरान जिले के सभी प्रखंडों में संगठन की इकाई गठित करने और एक सशक्त व सक्रिय मंच तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठित होकर ही समाज अपनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन और समाज के सामने रख सकता है। बैठक में यह भी कहा गया कि संगठन केवल औपचारिक न होकर कार्यशील होना चाहिए, जिसमें युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और विद्यार्थी सभी की सक्रिय भागीदारी हो। समाज के लोगों ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, एकता और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे। युवाओं ने संगठन को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने, सदस्यता अभियान चलाने और समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने की मांग की।कार्यक्रम में जहानाबाद नगर अध्यक्ष राजेश केशरी ने समाज को एकजुट रहने और संगठित प्रयास से आगे बढ़ने की अपील की। वहीं मनीष केशरी, प्रमोद केशरी, सत्येंद्र कुमार केशरी और इंदर केशरी सहित अन्य समाजसेवियों ने संगठन की रूपरेखा और भावी कार्ययोजना पर अपने विचार साझा किए। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि केसरवानी वैश्य सभा के माध्यम से समाज के अधिकार, सम्मान और हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। आयोजन का समापन आपसी सहयोग, संगठन विस्तार और समाज के समग्र विकास के संकल्प के साथ हुआ, जो जिले में सामाजिक एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।




## एक नजर

### घर में लाखो की चोरी के मामले में केस दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज वार्ड नंबर 16 के आरबीआर मैदान के समीप घर मे शुक्रवार की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा घर में चोरी कर लिया, इसमे मामले में शशि किशोर प्रसाद ने रफीगंज थाने में आवेदन देते हुए यह उल्लेख किया कि घर मे रखे जिसमें तीन कान सोने का झुमका, दो गले का चेन, तीन अंगूठी, मंगलसूत्र, जितिया,मांग टीका, चार पीस चांदी का पायल, चोर द्वारा चोरी कर ली गई। उसी रात में चंचल राज आरबीआर फील्ड के पास मकान का भी ताला तोड़कर समान तीतर बितर कर दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### पुत्री के लापता होने पर मां ने कराई प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीया नाबालिग लापता होने पर नाबालिक की मां ने रफीगंज थाने में आवेदन देते हुए यह उल्लेख किया कि मेरे पुत्री को मेरे ही गांव के एक लड़का साथ चल गई। 24 तारीख को दोपहर 12 बजे घर से निकल गई, लड़का के माता पिता भी साथ दिए हैं, घर से कुछ नकद और जेवर के साथ चली गई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### कांग्रेस पार्टी का मना स्थापना दिवस

**औरंगाबाद**। शहर स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की 141वीं स्थापना दिवस अनुग्रह स्मारक में जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव के अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में संगठन की मजबूती पर काम किया जाएगा। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा। जिसकी शुरूवात आने वाले मकर संक्रांति के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी जिला के किसी गांव में आमजनों के बीच मनाया जाएगा। बढ़ती ठंड को देखते हुए उसी गांव में कांग्रेस कमिटी द्वारा कंबल वितरण किया जाएगा। आज स्थापना दिवस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिह, अरविद सिह, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य गायत्री देवी, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिह, चुलबुल सिह, बारुण प्रखंड अध्यक्ष देवनती देवी, युवा नेता सूरज कुमार राय, वरिष्ट नेता अक्षय लाल पासवान, अधिवक्ता अनिल कुमार सिह, नवीन कुमार शर्मा, अंबिका पासवान, विजय पांडेय, राशिद अली खान, मो. श्ााहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, नागेन्द्र सिह सहित उपस्थित रहे।

### भदुकीकला को बलिगांव व कोटवारा को भदवा पैक्स में किया टैग




**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड के दो अक्रियाशील पैक्स का कार्य निर्बाध रूप से कराने हेतु क्रिया शील पैक्स में टैग किया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा पत्र निर्गत किया गया है। जिसमें अक्रियाशील पैक्स भदुकी कला को क्रियाशील पैक्स बलिगांव एवं अक्रियाशील पैक्स कोटवारा को क्रियाशील पैक्स भदवा में सम्बद्ध किया गया है। जिससे भदुकीकला एवं कोटवारा के किसान को सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान की खरीद किया जा सके।साथ ही इन पैक्स के किसानों को बिचौलियों से बचाया जा सके। इस सम्बंध में भदवा पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार एवं बलिगांव पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सभी किसानों से कहा है कि अपने पैक्स में ही धान की बिक्री करें ताकि आपको सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य मिले। बिचौलियों से सभी किसान सावधान रहें और अपनी गाढ़ी मेहनत को लूटने से बचायें।

### अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस ने की कार्यवाही

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने शराब निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी कर शराब कारोबारी तथा शराबियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। मामले में थाना क्षेत्र के धीराबीघा गांव में बबलू मांझी तथा विकास मांझी के घर छापेमारी कर देसी शराब बरामद किया है। वही मलाठी गांव में छापेमारी कर इंदल कुमार एवं जितेंद्र मांझी को शराब के नशे में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब कारोबार तथा शराबियों के विरुद्ध लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# 15 जनवरी से कुर्मा संस्कृति मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का होगा शुभारंभ

## स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ऐतिहासिक पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी और ऐतिहासिक पहल के तहत कुर्मा संस्कृति मेडिकल कॉलेज एंड मेडिकल हॉस्पिटल को लेकर रविवार को एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जहानाबाद एवं अरवल जिले के मेडिकल प्रैक्टिशनर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, मेडिकल स्टाफ सहित मेडिकल लाइन से जुड़े विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक के दौरान कुर्मा संस्कृति स्कूल के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि जहानाबाद में एक विशाल एवं अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसे आगामी 15 जनवरी 2026 से औपचारिक रूप से संचालित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल निजी क्षेत्र का होने के बावजूद आम लोगों को सरकारी अस्पतालों से भी कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि कुर्मा संस्कृति हॉस्पिटल में 650 बेड की सुविधा होगी, जो वर्तमान में जहानाबाद जिले में किसी भी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही यहां 250 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम 24×7 मरीजों की सेवा में तैनात रहेगी, जिससे गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज जिले में ही संभव हो सकेगा। अस्पताल की एक बड़ी खासियत यह है कि जहानाबाद जिले के किसी भी गांव या क्षेत्र से मरीजों के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, एमआरआई सहित सभी प्रकार की जांचें बाजार दर की तुलना में कम से कम 50 प्रतिशत कम शुल्क पर की जाएंगी। इसके अलावा अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा की भी सुविधा रहेगी।सबसे अहम बात यह है कि जहानाबाद जिले में अब तक ट्रॉमा सेंटर की सुविधा नहीं थी, जिसके कारण सड़क दुर्घटना या गंभीर मामलों में मरीजों को पटना रेफर करना पड़ता था। कुर्मा संस्कृति हॉस्पिटल में अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की सुविधा उपलब्ध होगी, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का इलाज करेगी। इससे मरीजों को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।




बताया गया कि अस्पताल परिसर में ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट, वेंटिलेटर, दवा एवं मेडिकल स्टोर जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल की एक और बड़ी विशेषता यह है कि यहां ओपीडी पूरी तरह निःशुल्क होगी। मरीजों को डॉक्टर से परामर्श के लिए एक भी रुपये खर्च नहीं करने होंगे, जबकि बड़े निजी अस्पतालों में ओपीडी के नाम पर हजारों रुपये वसूले जाते हैं। अस्पताल में विभिन्न रोगों के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ विभाग बनाए गए हैं। इनमें सामान्य रोग, हृदय रोग, हड्डी एवं नस रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, टीबी, शिशु रोग, नेफ्रोलॉजी, आंख, नाक-कान-गला, चर्म रोग, दंत रोग, मस्तिष्क रोग सहित कई विभाग शामिल हैं। इसके अलावा सामान्य सर्जरी के साथ-साथ लेप्रोस्कोपिक सर्जरी और प्लास्टिक सर्जरी की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मीडिया से बातचीत में कुर्मा संस्कृति के डायरेक्टर ने कहा कि इस अस्पताल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को ईमानदारी, पारदर्शिता और सस्ती दर पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है।उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमारा लक्ष्य मुनाफाखोरी नहीं, बल्कि मरीजों का सही और सस्ता इलाज है।

# सुपर किंग खिरियावां को पराजित कर क्वाटर फाइनल में पहुंचा जमुआईन

नवबिहार टाइम् संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। गांधी युवा क्लब क्रिकेट टुर्नामेन्ट पांचवां लीग मैच में जमुआईन की टीम ने सुपर किंग खिरियावां को छह विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गांधी युवा क्लब खिरियावां के द्वारा बेरी खेल के मैदान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवा लीग मैच जमुआइन बनाम सुपर किंग खिरियावां के बीच खेला गया। पांचवा लीग मैच का टॉस बेरी सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुशवाहा के द्वारा किया गया जिसमें जमुआइन के कैप्टन मनीष कुमार ने टॉस जीत कर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। सुपर किंग खिरियावां टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाएं जिसके जवाबी में पारी खेलते हुए जमुआइन की टीम ने निर्धारित 14.5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाकर 6 विकेट से जीत दर्ज कर क्वाटर फ़ाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर आयोजक उदय शिकारी, व्यवस्थापक अभय कुमार शिकारी, दीनानाथ यादव, गजेंद्र ठाकुर, राम केवल रजक, राहुल कुमार, रविरंजन कुमार,चन्दन कुमार राम सहित अन्य लोग शामिल रहे। अंपायर का प्रिंस कुमार, नफीस आलम गुड्डू कुमार तथा स्कोरिंग विपुल कुमार रौशन कुमार तथा कमेंट्री आफताब आलम इम्तेयाज अंसारी ने किया। विजेता टीम जमुआइन के खिलाडी विकास कुमार 20 रन बनाकर 4 विकेट लिए जिसे मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रधानाध्यापक सुरेंदर पासवान एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक कुश रजक के द्वारा दिया गया।



# पेंशनर दिवस पर अतिथियों व वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। हसपुरा शहर स्थित लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय के सभाकक्ष में रविवार को बिहार पेंशनर्स समाज की ओर से पेंशनर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदानंद लाल कर्ण ने की, जबकि संचालन के साथ वार्षिक प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण सचिव सुरेश प्रसाद सिंह एवं प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनर नंदमोहन मिश्रा एवं विश्वम्भर प्रसाद सहित अन्य आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पेंशनर समाज के ओबरा सचिव त्रिवेणी पाण्डेय, रामचंद्र सिंह, भरथ प्रसाद, रामलखन सिंह, धर्मजत सिंह, देवनारायण प्रसाद, बृजा राम, दशरथ भगत एवं अर्जुन भगत ने पेंशनर दिवस के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि पेंशन सेवा काल का अभिन्न हिस्सा है, जिसे सरकार प्रदान करती है। पेंशनर समाज के सदस्य अनुभवी एवं बुद्धिजीवी हैं और अपने अधिकारों के लिए संगठित संघर्ष के माध्यम से सदैव आगे रहे हैं। वक्ताओं ने पेंशनरों को बैंक से जुड़ी समस्याओं को गंभीर बताते हुए इसके समाधान के लिए संगठन को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। साथ ही, पेंशनरों के लिए बैंक में अलग एवं सीमित दिनों का भुगतान काउंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को अपने परिवार में संस्कृति और संस्कार का संचार करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुदृढ़ हो सके। लक्ष्मण प्रसाद एवं नागेश्वर राम ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में राजेश्वर शर्मा एवं प्रखंड कोषाध्यक्ष रामजीत प्रसाद की पत्नी मूर्ति देवी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# पुलिस टीम पर जानलेवा हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोल में शनिवार को पुलिस टीम पर जानलेवा हमला का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि शनिवार को थाना को लिखित आवेदन के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम ढोल में सरकारी नाली गली का निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस तत्क्षण घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने बुझाने के क्रम में कुछ लोगों के द्वारा उग्र होकर पुलिस टीम पर पत्थर बाजी करने लगे। जिसमें दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गए हैं। घायल पुलिसकर्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा गया। इस संबंध में कासमा थाना कांड संख्या 148/25 अंतर्गत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त पांच अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिसकी पहचान बृजकिशोर कुमार पिता विजय दास, ललिता देवी पति नंदलाल दास, रिंकी देवी पति जुगेंद्र दास, गुड़िया कुमारी पिता नंदलाल दास, पूजा कुमारी पिता नंदलाल दास के रूप में की गई।



# धान काटने को लेकर प्राथमिकी, एक गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज थाना क्षेत्र के खरोखर गांव में जमीन में लगे धान काटने को लेकर अर्जुन सिंह ने रफीगंज थाने में आवेदन देते हुए गांव के ही पुकार सिंह, सुधीर सिंह, संजीत कुमार उर्फ डब्बू, कौशल सिंह, भारत सिंह, लखन सिंह, संजीव सिंह को नामजद आरोपित बनाते हुए यह उल्लेख किया कि निर्मला कुमारी पिता स्वर्गीय बेचन सिंह खरोखर गांव निवासी हूं वर्तमान पता निर्मला कुमारी पति स्वर्गीय दीनानाथ सिंह,धनबाद में रहते हैं, अर्जुन सिंह पत्नी सोनम कुमारी के नाम से जमीन जमाबंदी लगान राशिद कायम है। इस वर्ष जमीन पर धान की फसल लगाकर अंचल कर्मचारियों द्वारा जांच भी की गई थी, आवेदन पहले भी उन लोगों के विरुद्ध आवेदन दे चुके हैं, उनका केस नंबर 498/25 है, इसके पहले भी तीन प्लॉट कटे थे, 23 तारीख को 5 एकड़ 7 डिसमिल फसल धान सभी उक्त व्यक्ति द्वारा काट ले गए। जिसमे 140 क्विंटल धान का मूल करीब 280000 रुपये के ले गए। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि नामजद कौशल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य लोगो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जा रही है, मामले की जांच की जा रही है।

# बदरपुर गांव जाने वाली सड़क जर्जर, ग्रामीण परेशान

**सड़क निर्माण के प्रति अधिकारी नहीं है गंभीर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज प्रखंड के सिमला मोड़ से बदरपुर गांव जाने वाली करीब 12 किमी की सड़क इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। बता दें कि सड़क का निर्माण करीब नौ वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत कराई गई थी। वर्षों से सड़क जर्जर अवस्था में है। इससे जहां आवागमन के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव स्थित विद्यालय में शिक्षा को ले आने जाने वाले छात्रों को झेलनी पड़ रही है। इतना ही नहीं सड़क जर्जर सड़क से स्कूली बच्चे जर्जर सड़क का शिकार होकर चोटिल हो रहे है परंतु लोगों की समस्या जस की तस है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। सड़क जर्जर होने से ग्रामीण ही नहीं गांव में आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं अब तो ग्रामीणों के रिश्तेदारों ने गांव भी आना छोड़ दिया है। वह कहते है कि ऐसी जर्जर सड़क से इंसान के साथ वाहन की हालत तक खराब हो जाती है। जब गांव की सड़क सही हो जाएगी उसके बाद ही वह उनके यहां आएंगे। जर्जर सड़क से होकर कियाखांप, मेघुआ, साहो कर्मा, कुम्हैनी, सिमला सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आवागमन होता है। दोपहिया व साइकिल सवार को सड़क से होकर आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्षा के दिनों में अधिक परेशानी होती है। ग्रामीण प्रतिदिन सड़क पर उभरे गड्ढों में गिरकर घायल होते रहते हैं। कुम्हैनी गांव के निरंजन सिह, इंद्रदेव दास, भीम यादव, युगेश्वर यादव, मंगेर यादव, धनंजय दांगी, मिकु सिह, सुदर्शन सिह ने बताया कि जर्जर सड़क से होकर छात्र प्रतिदिन विद्यालय कासमा पढ़ने जाते हैं लेकिन सड़क की हालत के कारण हम लोगों को चोटिल होकर शारीरिक नुकसान के साथ शिक्षा का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारी सड़क निर्माण के प्रति गंभीर नहीं हैं।

# सासाराम में मंत्री श्रवण कुमार का भव्य स्वागत

## कर्मनाशा चेक पोस्ट की कमियों पर सख्त रुख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** भभुआ से औरंगाबाद जाने के क्रम में सासाराम स्थित लेविस्ता होटल के पास ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार का भव्य स्वागत किया गया। जदयू के वरिष्ठ नेता एवं चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा सहित कई लोगों ने मंत्री को अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर होटल के मालिक आलोक कुमार सिंह, जदयू नेता बद्री भगत, पप्पू पटेल, बनारसी पटेल, उषा पटेल, गुड्डू पटेल, मुन्ना कुशवाहा, नारायण जी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने 'नवबिहार टाइम्स' से बातचीत में बताया कि भभुआ से लौटने के क्रम में उन्होंने कर्मनाशा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया जहां परिवहन विभाग से जुड़ी कई गंभीर कमियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि चेक पोस्ट पर माप-तौल की मशीन नहीं लगी होने के कारण ओवरलोडेड वाहनों पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है जिससे राज्य को मिलने वाला राजस्व प्रभावित हो रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इन कमियों की राज्यस्तर पर समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे। ताकि ओवरलोडिंग पर रोक लगे और राज्य को निर्धारित टैक्स की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में कई वाहन प्राइवेट निबंधन के बावजूद कमर्शियल उपयोग में चल रहे हैं जिससे सरकारी आय में कमी आ रही है। ग्रामीण विकास मंत्री ने ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर प्राइवेट निबंधन वाले वाहनों को कमर्शियल में परिवर्तित कराया जाए अन्यथा जांच में पकड़े जाने पर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के इस सख्त रुख से परिवहन व्यवस्था में सुधार और राज्य के राजस्व में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

## अज्ञात वाहन के धक्के से इ-रिक्शा चालक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** सोनहन थाना क्षेत्र के शखवा गांव के पास एक इ-रिक्शा को अनियंत्रित चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में इ-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाये और इस हादसे की सूचना उसके परिजनों को दी गयी। जानकारी के अनुसार सोनहन थाना क्षेत्र के शखवा गांव निवासी कामाख्या बिंद का पुत्र राजेश बिंद घायल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हादसे के संबंध में परिजनों ने बताया कि राजेश बिंद इ-रिक्शा चालक है जो रविवार की सुबह भभुआ से अपने गांव की ओर जा रहा था। शखवा गांव के पास एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने उसके इ-रिक्शा में टक्कर मार दी, इस हादसे में राजेश बिंद का दाहिना पैर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद सदर अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है।

# मारपीट एवं गोलीबारी मामले में हथियार सहित 12 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज(रोहतास)।** बीते 27 तारीख को नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लालाअतिमी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट एवं गोली कांड के मामले में हथियार सहित एक दर्जन लोगों की गिरफ्तारी हुई। विदित हो कि लालाअतिमी गांव में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद में कई राउंड गोलियां चली थी जिसमें अरविंद कुमार सिंह पिता स्वर्गीय कमल सिंह की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार के नेतृत्व में लगातार छापेमारी एवं कार्रवाई करते हुए दोनों पक्ष से 12 लोगों की गिरफ्तारी की गई तथा तीन देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, 6 खोखा, 12 एम एम का 8 जिंदा कारतूस बरामद की गई। बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि एक पक्ष से कांड संख्या 452/25 में राजकुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, बेबी देवी, शिल्पी कुमारी, मालती देवी सभी ग्राम लालाअतिमि के रहने वाले तथा कांड संख्या 453/25 में अजीत कुमार सिन्हा, मोतीलाल सिंह, रिन्तु सिंह, इंदु देवी, रामदुलारी कुंवर, उषा देवी, ममता कुमारी की गिरफ्तारी हुई। इस कांड में गिरफ्तार सभी अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी पता किया जा रहा है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया ने अन्य नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद और विधायक संजीव चौरसिया समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को तन्मयता से सुना। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव और मंत्री रामकृपाल यादव भी प्रदेश कार्यालय पहुंचे और पीएम मोदी के 'मन की बात' के प्रेरक प्रसंगों को सुना। इसके अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी आज पीएम के मन की बात को सुना। इस साल के अंतिम मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 की कई तस्वीरें, कई चर्चाएं और कई उपलब्धियों के बारे में बात की जिन्होंने पूरे देश को एक साथ जोड़ दिया। राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मन में पूरे एक साल की यादें घूम रही हैं। 2025 ने हमें ऐसे कई पल दिए जिस पर हर भारतीय को गर्व हुआ। उन्होंने अपने मन की बात में 'ऑपरेशन सिंदूर' की चर्चा की तो 2025 के खेलों में भारत की सफलता का भी जिक्र किया। पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी जीती और महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत की बेटियों ने 'ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप' जीतकर इतिहास रच दिया। 'मन की बात' सुनने वालों में प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रूंगटा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु, कार्यालय मंत्री प्रवीण पटेल, ज्ञान ओझा, सुबोध पासवान सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

# अखिल भारतीय बहुभाषीय लघु नाट्य प्रतियोगिता के तीसरे दिन आठ नाटकों का मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** इ. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब 34वें अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बहुभाषीय लघु नाट्य प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को देर रात तक आठ नाटकों का मंचन हुआ। ओड़िसा के गुंजाम की नाट्य संस्था प्रोग्रेसिव ड्रामा आर्गेनाईजेशन ने मोराबी नाटक का मंचन किया। नाटक में बदलते दौर के आज का इंसान अनुरूप खुद को ढालने को दर्शाया गया है। बिना काम किए, थोड़े ही समय में धन-दौलत जमा करके ऐशो-आराम की जिंदगी जीने की कोशिश करता है। आज भी ऐसे कई लोग हैं जिन्होंने सच्चाई और न्याय का मार्ग नहीं छोड़ा। वे खुद सच्चाई के मार्ग पर चलते हैं और दूसरों को भी इस मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके सामने कई बाधाएं आती हैं, पर वे उन्हें छू भी नहीं पाते। वे खुद उस मार्ग पर चलते हैं और उसी पर अपना परिवार बसाते हैं। नाटक 'मुराबी' ऐसे ही एक व्यक्ति की कहानी है। सरकारी नौकरी में रहते हुए उन्होंने कभी भी झूठ का सहारा लेकर धन नहीं कमाया। रिश्वतखोरी और झूठ का उन पर कोई असर नहीं हुआ। इसीलिए वे सबके चहेते हैं। वहीं मणिपुर के इम्फाल की नाट्य संस्था कल्चरल स्टार एकेडमी द्वारा महाभारत ता कर्णा का मंचन किया गया। यह नाटक 'महाभारत ता कर्णा' कर्ण के जीवन पर आधारित है जो महाभारत का एक प्रमुख पात्र है। नाटक में बताया गया है कि कर्ण को अपने जन्म के बारे में नहीं पता था, लेकिन उसने अपने जीवन में अच्छे कर्म करने का प्रयास किया। भगवान कृष्ण ने उसे समझाया कि अच्छे कर्मों से अच्छे परिणाम मिलते हैं जबकि बुरे कर्मों से बुरे परिणाम मिलते हैं। नाटक में कर्ण के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया है। नाटक का उद्देश्य यह दिखाना है कि धैर्य और परिश्रम से सफलता प्राप्त की जा सकती है। नाटक में कर्ण के जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि अच्छे कर्म और सही निर्णय लेने से जीवन में सफलता मिलती है जबकि महाराष्ट्र मुंबई की नाट्य संस्था समय एकैडमी 'यूं ही' नाटक का मंचन किया। इस नाटक में कलाकारों ने गीत संगीत का अध्ययन करने से हम अपनी भावनाओं को व्यक्त करने व अपने मनोरंजन के लिए उपयोग को दर्शाया गया है। कैसे गीत संगीत हमारे मनोरंजन और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए उपयोगी हो सकता है। संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह सचिव नन्दन कुमार के अनुसार दिन में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व सांसद व भाजपा नेता सुशील सिंह, स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, निर्मल कुशवाहा, अरुण शर्मा समेत भारी संख्या में मौजूद दर्शक आधी रात तक नाटकों का लुफ्त उठाते रहे।

# अलाव जलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 12 घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में शनिवार देर रात ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गयी। मामला शांत होने के बाद रविवार सुबह फिर से दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये और विवाद ने दोबारा हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडे चले में महिलाएं सहित लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घायलों में मुबारकपुर गांव निवासी रूप चंद्र राम के पुत्र उमाशंकर राम, स्वर्गीय गहन राम के पुत्र बबन राम, लाल कट्टू राम की पत्नी अवारी देवी, जियुत राम के पुत्र लकाठू राम, ललन राम की पत्नी कलावती देवी, लाल कट्टू राम के पुत्र पांडु राम व अजित कुमार व पुत्री संतरा कुमारी शामिल है, सभी मुबारकपुर गांव के निवासी बताये जाते हैं। जानकारी के अनुसार अलाव जलाने के विवाद को लेकर दो पक्ष के बीच हुआ विवाद देखते-देखते मारपीट में बदल गया जिसमें दोनों तरफ से चले लाठी-डंडे में करीब एक दर्जन घायल हो गये। सभी घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में स्कॉलरशिप परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर में स्कॉलरशिप सह प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर 11वीं तक के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में आरएसके पब्लिक स्कूल में नामांकन केवल उन्हीं विद्यार्थियों का किया जाएगा जो इस स्कॉलरशिप परीक्षा में सफल होंगे। प्रत्येक कक्षा में नामांकन की संख्या सीमित रखी गई है जिससे मेधावी विद्यार्थियों को ही प्रवेश का अवसर मिल सकेगा। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि सत्र 2026-27 से आरएसके ट्यूटोरियल्स की भी शुरुआत की जा रही है। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विशेष कक्षाओं के माध्यम से जेइइ और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक दक्षता के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत आधार और प्रेरणा विकसित करना है। निदेशक श्री सिंह ने यह भी कहा कि आरएसके ट्यूटोरियल्स के शुरू होने से अभिभावकों पर पड़ने वाला अतिरिक्त आर्थिक बोझ कम होगा क्योंकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कम खर्च में उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कॉलरशिप एवं प्रवेश परीक्षा का परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा जिसके बाद सभी सफल विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित कर दिया जाएगा। स्कॉलरशिप परीक्षा को लेकर अभिभावकों में भी हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। अभिभावकों का कहना है कि आरएसके पब्लिक स्कूल की यह पारदर्शी और मेरिट आधारित नामांकन प्रक्रिया मेधावी विद्यार्थियों को अपने करियर को सशक्त दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी।

# अवैध देसी महुआ पॉस किया विनष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुन बिगहा नहर एवं उगरा नहर के पास से बरामद लगभग 1000 लीटर अवैध देसी महुआ पॉस को अकोढ़ी गोला थाना की पुलिस ने विनष्ट किया। अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाने की पुलिस टीम ने नहर किनारे छापेमारी की जहां भारी मात्रा में छिपाकर रखी गई देसी महुआ शराब के पास को विनष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दें।

# स्काउट गाइड की सातवीं जिला रैली का समापन

## मंडल रेल प्रबंधक ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड, डीडीयू की ओर से पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज, डीडीयू में आयोजित सातवीं जिला रैली का समापन समारोह शनिवार की देर शाम आयोजित हुआ। इस अवसर पर आयोजित ग्रैंड कैंप फायर में स्काउट एवं गाइड द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस रैली में स्कूल ओपेन ग्रुप विजेता रहा जबकि यूरोपियन ग्रुप एवं मदर टेरेसा ग्रुप उप विजेता घोषित किए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने विजेता एवं उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। महिला कल्याण संगठन, डीडीयू मंडल की अध्यक्षा चित्रा सिंह की मौजूदगी में ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया। इसमें स्काउट, गाइड, रोवर्स एवं रेंजर्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सह मुख्य जिला आयुक्त दिलीप कुमार, जिला आयुक्त स्काउट सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद, जिला आयुक्त गाइड सह वरीय मंडल अभियंता स्वाति राज तथा विभिन्न शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए कैम्प साइट में आकर्षक गेट, कैम्प क्राफ्ट, फूड प्लाजा आदि ने दर्शकों का मन मोह लिया। पांच दिवसीय इस स्काउट गाइड जिला रैली की शुरुआत 24 दिसंबर को हुई थी। इसमें डीडीयू जिला संघ के पांच ग्रुपों से लगभग 400 से अधिक स्काउट, गाइड, रोवर्स एवं रेंजर्स ने भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागी टीमों ने मार्च पास्ट, कलर पार्टी, देशभक्ति गीत, लोक नृत्य, माइम शो, बैक वुड्समैन कुकिंग, रंगोली, वेशभूषा प्रदर्शन आदि विविध गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। सभी ग्रुपों ने हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रविवार को सुबह प्रार्थना के साथ रैली का विधिवत समापन हो गया।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के सिरबिट गांव के पास स्थानीय पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। इस दौरान कार्रवाई का नेतृत्व एसआइ राहुल कुमार ने किया। जानकारी के अनुसार पुलिस को देखते ही बाइक सवार दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार दोनों तस्करों की पहचान चांद थाना क्षेत्र के बहेरिया गांव निवासी हरिद्वार बिंद का पुत्र चंद्रमा कुमार (उम्र 21 वर्ष) तथा मुखिया बिंद का पुत्र नीरज कुमार (उम्र 18 वर्ष) के रूप में की गयी है। तलाशी के दौरान दोनों के पास 18 बोतल देसी शराब बरामद की गयी। पुलिस ने मौके से शराब तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

# संकुल स्तरीय पंचपदी आधारित एवं एन.इ.पी. 2020 पर प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**तिलौथू (रोहतास)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में आज पंचपदी आधारित शिक्षण पद्धति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एन.ई.पी. 2020) पर आधारित संकुल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे के कुशल मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विभिन्न चरणों में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे, संकुल अंतर्गत सभी सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्यों तथा सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे ने पंचपदी शिक्षण पद्धति के प्रत्येक चरण–भूमिका, प्रस्तुतीकरण, अभ्यास, मूल्यांकन एवं अनुप्रयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही एन.ई.पी. 2020 के अनुरूप पाठ योजना निर्माण के अद्यतन स्वरूप को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। पाठ योजना निर्माण एवं प्रस्तुति का विषयानुसार व्यावहारिक प्रदर्शन आचार्यों एवं दीदी जी द्वारा भी किया गया जिससे प्रशिक्षण और अधिक उपयोगी एवं व्यवहारिक बन सका। समापन सत्र में समीक्षा करते हुए श्री पांडे ने पाठ योजना बनाते समय आवश्यक प्रविष्टियों एवं सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से आभार व्यक्त किया गया जिसके पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सहित समिति सदस्य शशि भूषण की गरिमामयी उपस्थिति रही। संकुल अंतर्गत आने वाले समस्त सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य, आचार्य एवं दीदी जी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत शिक्षाप्रद, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। अंत में शांति मंत्र के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

# रेल यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के प्रति हमेशा रहे सेवारत : गांधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** रेल यात्रियों की सेवा और सहायता के प्रति आरपीएफ के अधिकारी और जवान हमेशा सजग रहें। साथ ही अपने कर्तव्य निष्ठा का महत्वपूर्ण परिचय दें। रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ ही रेल अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के अलावे रेल यात्रियों की सुरक्षा और सहायता का उत्तरदायित्व आरपीएफ के टीम के कंधे पर समाहित है। इसलिए वह हमेशा रेल यात्रियों की सेवा और सहायता के प्रति तत्पर रहें। पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ डीआईजी एसआर गांधी ने रविवार को मानपुर और गया जंक्शन का सुरक्षात्मक निरीक्षण के दौरान कहा। आरपीएफ डीआईजी एसआर गांधी ने मानपुर स्टेशन सहित फल्गु रेल ब्रिज, शहीद ईश्वर चौधरी हाल्ट सहित गया जंक्शन तथा सेक्टर 7-8 का सुरक्षात्मक जायजा लिया है। औचक निरीक्षण के दौरान सुरक्षा बल सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन लेते हुए उन्होंने रिकार्ड रजिस्टर, कार्यालय के क्रियाक्लाप का बारिकी से निरीक्षण व जांच किया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान आरपीएफ पोस्ट निरीक्षण बनारसी यादव सहित कई विभागीय अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# नये साल में जिलेवासियों को मिलेगी अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** नये साल में जिले वासियों को स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मोहनियां अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए पुराने अस्पताल भवन को तोड़ने का कार्य पूरा कर लिया गया है और अब भूमि की मापी के साथ प्लिंथ निर्माण के लिए मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार इस ट्रॉमा सेंटर का निर्माण नौ करोड़ एक लाख 59 हजार रुपये की लागत से किया जाना है। कयास लगाये जा रहे हैं कि आगामी वर्ष में इसका लाभ जिले वासियों को मिलने लगेगा जहां यह ट्रॉमा सेंटर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में ही तीन मंजिला भवन के रूप में तैयार किया जायेगा। गौरतलब है कि मोहनियां में ट्रॉमा सेंटर की मांग लंबे समय से की जा रही थी। स्थल चयन को लेकर विभाग द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी गयी थी जबकि मोहनियां विधायक संगीता कुमारी ने विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री व उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मोहनिया में ट्रॉमा सेंटर खोलने की मांग रखी थी, उनके प्रयासों के बाद अब यह सपना साकार होने जा रहा है। आठ साल पहले भी खुला था मिनी ट्रॉमा सेंटर मोहनियां अनुमंडलीय अस्पताल में इससे पहले 25 अप्रैल 2017 को लाखों रुपये की लागत से मिनी ट्रॉमा सेंटर की शुरुआत की गयी थी। तत्कालीन जिलाधिकारी राजेश्वर प्रसाद ने इसका उद्घाटन किया था। उस समय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार व सिविल सर्जन कृष्ण बल्ब प्रसाद सिंह थे। हालांकि छह विशेष बेड के साथ शुरू हुआ यह मिनी ट्रॉमा सेंटर विशेषज्ञ चिकित्सकों व बेहतर संसाधनों के अभाव में धीरे-धीरे निष्क्रिय हो गया जिससे गंभीर रूप से घायलों को कभी इसका कोई ठोस लाभ नहीं मिल सका। निविदा जारी होने के बाद क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## श्रीनिवास पांडेय की जयंती धूमधाम से मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कर्मनाशा।** दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र के कर्णपुरा स्थित इंटर स्तरीय विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय जगदीश सिंह व श्रीनिवास पांडे की जयंती रविवार को धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय बाबू जगदीश सिंह व जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान मौजूद रहे। आयोजकों द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय संस्थापक की जयंती के अवसर पर गरीबों के बीच करीब 300 कंबल वितरित किये गये।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर डीएम ने बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

## ओपीडी और ऑपरेशन की सुविधाएं मिलेंगी मरीजों को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने रविवार को गंगवाड़ा स्थित नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर का निरीक्षण कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, भवन की स्थिति एवं मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन, दरभंगा एवं डीपीएम, डैम (स्वास्थ्य) को निर्देश दिया कि नए भवन में स्वास्थ्य से संबंधित सभी मौलिक एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसकी जिम्मेदारी सिविल सर्जन द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। सिविल सर्जन डॉक्टर अरुण कुमार ने बताया कि ओपीडी और ऑपरेशन की सुविधा इस नए स्थल पर शुरू कर दी गई है। दो दिनों के अंदर सभी प्रकार के सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी, पैथोलॉजी कक्ष, दवा काउंटर सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। नए स्थल पर 100 बेड का फैब्रिकेटेड सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर के संचालन से आसपास के क्षेत्रों के आमजनों को काफी सुविधा प्राप्त होगी। स्थानीय नागरिक स्वास्थ्य सुविधा के उपलब्ध होने से काफी खुश हुए। सिविल सर्जन ने बताया कि पुराने स्थल (कबीर मठ) पर भी ओपीडी की सेवा बहाल रहेगी। स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को एनएनसी, प्रसव सेवा, महिला बंध्याकरण, टीकाकरण, नवजात शिशु देखभाल, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, पैथॉलाजी आदि स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में बेहतर सुधार होगा। निरीक्षण के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य प्रभात राजू, डीसीएम रवि कुमार, वसंत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर, दरभंगा के परिसर में जल जीवन हरियाली का प्रतीक पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को पौधा लगाना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध रहें और प्राप्त मात्रा में जीवन रक्षक ऑक्सीजन गैस मिल सके।

# मसौढ़ी के गांवों में जदयू ने चलाया सदस्यता अभियान, पचास हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

## विधान पार्षद रवीन्द्र सिंह ने चकिया पर गांव से की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** 2025 से 2028 तक के लिए जदयू का सदस्यता अभियान गांव गांव में शुरू किया गया है। ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड के बेर्रा गांव में विधान पार्षद रविंद्र सिंह की उपस्थिति मे सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया गया। सदस्यता अभियान के दौरान विधान पार्षद रवीन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता और जनविश्वास के कारण इस बार सदस्यता अभियान में निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक सदस्य बनाये जायेंगे। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2025-28 के सदस्यता अभियान में सिर्फ मसौढ़ी प्रखंड में लगभग पचास हजार सदस्य बनाकर पिछला रिकॉर्ड तोड़ेगा। प्रदेश नेतृत्व द्वारा पूरे बिहार में तय एक करोड़ से अधिक



सदस्यों और जिला मे पांच लाख के लक्ष्य में जिला प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। बताया गया कि प्राथमिक व क्रियाशील सदस्य बनने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तथा सदस्यता शुल्क सहित फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2026 निर्धारित है. नई सदस्य के रूप में सदस्य के रूप में सदस्यता दिलायी गयी। कहा कि मसौढ़ी प्रखंड में जदयू के नए सदस्य बनाने के दिशा और ईमानदारी के साथ काम करूंगा. कहा कि प्रखंड में सबसे अधिक जदयू के सदस्य बनाने का संकल्प लेकर जदयू की सदस्यता लिया है. मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, संतोष चौधरी, पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार, शिल्पी ठाकुर, रंजीत पटेल लालमोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नगर परिषद की बैठक में मीडिया के प्रवेश पर लगी रोक, पारदर्शिता पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया को मसौढ़ी नगर परिषद की बैठकों में प्रवेश से रोक दिए जाने की घटना ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह न केवल प्रेस की स्वतंत्रता पर चोट है, बल्कि नगर निकाय की कार्यवाही में पारदर्शिता और जनता के जानने के अधिकार को भी प्रभावित करता है। हाल ही में मसौढ़ी नगर परिषद की बैठकों में पत्रकारों को शामिल होने से रोक दिया गया है। अभी तक इस रोक के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। इस निर्णय को मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और स्थायी सशक्त समिति के इशारे पर लिया गया बताया जा रहा है। इससे मीडिया जगत में व्यापक नाराजगी है और मसौढ़ी बाजार में इसकी जोरदार चर्चा हो रही है। कई वार्ड पार्षदों ने इस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज पार्षदों में शामिल हैं वार्ड नंबर 5 उर्वशी कुमारी, वार्ड नंबर 14 कुमारी प्रितिलता, वार्ड नंबर 29 पिंकी देवी, वार्ड नंबर 32, कुमारी ज्योति, वार्ड नंबर 9, मधुपाल, वार्ड नंबर 3 कमला देवी, वार्ड नंबर 6 कृपाल राम आदी है। समाजसेवियों ने भी इस निर्णय को अनुचित करार देते हुए कहा कि यह जनता के अधिकारों का हनन है। मीडिया की मौजूदगी से प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही बढ़ती है और भ्रष्टाचार या अनियमितताओं पर अंकुश लगता है। लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर मीडिया को दूर रखने का उद्देश्य क्या है? क्या इससे कोई छिपाने वाली बात है। बिहार म्यूनिसिपैलिटी डिस्क्लोजर एक्ट, 2008 यह अधिनियम नगर निकायों में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। इसमें भी बोर्ड/समितियों की बैठकों और मिनट्स की पहुंच का उल्लेख है। इसके अलावा अनुच्छेद 19 (1) (थ) प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। सुप्रीम कोर्ट ने कई फैसलों में कहा है कि सूचना का अधिकार अभिव्यक्ति का हिस्सा है। बिना ठोस कारण के मीडिया पर रोक लगाना इस अधिकार का हनन है। मीडिया की अनुपस्थिति से नगर परिषद की कार्यवाही गोपनीय हो जाती है, जिससे अनियमितताएं या निर्णयों में पक्षपात छिपाया जा सकता है। यह कदम साबित करता है कि प्रशासन जनता की निगरानी से बचना चाहता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने का खतरा बढ़ जाता है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दरभंगा आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी

## हजारों कार्यकर्ता करेंगे शिरकत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के दायित्व ग्रहण के उपरांत प्रथम बार दरभंगा आगमन के अवसर पर सोमवार को आयोजित होने वाले भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह की तैयारी को लेकर रविवार को दरभंगा भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना के अध्यक्षता में आयोजित की गयी। सोमवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जिले के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के संयोजक, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में कार्यक्रम की



रूपरेखा, स्वागत व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि संजय सरावगी जी का यह प्रथम दरभंगा आगमन संगठन के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आगामी चुनावों में पार्टी ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि दरभंगा के कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है कि दरभंगा शहर के लगातार 6 बार के विधायक,बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संजय सरावगी जी को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री संतोष पोद्दार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जी दोपहर 2:00 बजे एकमी चौक पर पहुंचेंगे जहां से कार्यकर्ता ढोल, नगाड़ा, बाजा गाजे के साथ उनका स्वागत करेगा। एकमी चौक से सैदनगर, लोहिया चौक, पालीराम चौक, बाकरगंज, लाईट हाउस, नाका 6, रहमगंज, मौलागंज, मोगलपुरा, नाका 5, खानका चौक, मिर्ज़ापुर चौक, भगत सिंह चौक, दरभंगा टावर, हसन चौक, पॉलिटेक्निक चौक, परमेश्वर चौक, बापू चौक सुंदरपुर, अलीनगर एनएच होते हुए बद्रीनगर मे बद्री पूर्व जी के निवास स्थान पर भव्य स्वागत किया जाएगा। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाएं। बैठक को वर्चुअल माध्यम से राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशीला गुप्ता, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री हरी साहनी, केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, हायाघाट के विधायक डॉ रामचंद्र प्रसाद, बिहार विधान परिषद के सदस्य सुनील चौधरी ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष, राजेश रंजन,राजू तिवारी, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, संतोष पोद्दार, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, जिला प्रवक्ता लक्ष्मण कांस्यकार,मंडल अध्यक्ष श्रवण महतो, निशांत चौधरी, श्याम पंसारी, देवेन्द्र झा, कार्तिकेय कुमार, प्रदीप चौधरी, रमण महतो, प्रदीप महतो,दीपक खर्गा सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मसौढ़ी में अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण, उठे दुआ के लिए हाथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** खबरों की दुनिया में मशगुल रहने वाले पत्रकार, जिसे कलम का सिपाही कहा जाता है और वह प्रशासन और जनता के बीच का सेतु का काम करते हैं। लेकिन इसी व्यस्ततम समय में सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाने की पहली कोशिश मसौढ़ी में देखी गई है। जहां अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन के बैनर तले जरूरतमंद असहाय वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को दाउदपुर में किया गया है। जो समाज में एक नया आयाम लिखने की कोशिश की जा रही है। साथ ही यह बता रहे है की पत्रकार समुदाय न केवल समाचार रिपोर्टिंग में संलग्न है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग लेता है। बहरहाल बढ़ते ठंड को देखते हुए असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच पत्रकार यूनियन के बैनर तले रविवार को



दाउदपुर के स्लम बस्ती में कंबल वितरण किया, जहाँ दाउदपुर, पुरानी बाजार, संघतपर, कुकुहीया टोला आदि मोहल्ले के जरूरतमंद लोगों को बीच कंबल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जिसमें मीडिया पार्टनर के रूप में जिओ बीपी मोबिलिटी पेट्रोल पंप ने सहयोगी के रूप में अपना योगदान दिया है और उनके सहयोग से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर यूनियन के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र सिन्हा, महासचिव अरुण कुमार, सचिव शशि तुलस्यान, संयुक्त सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष अजय कुमार बबलू, सह कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज अहमद के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ता जिसमें धर्मेंद्र रंगकर्मी, शंकर कुमार, महेश प्रसाद आदि लोगों ने सहयोग किया। पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार सिंह ने पत्रकार युनियन के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना पत्रकार युनियन की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह कामना करते हैं कि इसी तरह से जरूरतमंद लोगों की आवाज बनते रहें।

# नगर पुलिस अधीक्षक ने थाने की जांच में व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** रविवार को नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना भानूप्रताप सिंह ने खीरीमोड़ थाना एवं सिंगोड़ी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली और अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस व्यवस्था, CCTNS प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों के साथ-साथ विभिन्न लंबित मामलों के अनुसंधान की समीक्षा की गई। नगर पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के संधारण और कार्य निष्पादन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करने, निर्धारित समय सीमा में मामलों का निष्पादन करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा आम



जनता को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि गश्ती एवं वाहन जांच को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### एसडीपीओ ने इमामगंज थाने का किया निरीक्षण

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 द्वारा ईमामगंज थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना परिसर के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के आवास का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने आवासों के उचित रखरखाव, साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मती कार्यों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में थाना के वायरलेस सिस्टम की जांच की गई। साथ ही थाने में संधारित विभिन्न पंजी एवं अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। अनुसंधानकर्ताओं को CCTNS, दर्पण पोर्टल एवं ई-साक्ष्य ऐप का नियमित उपयोग करने की हिदायत दी गई। कांड दैनिकी, चार्जशीट एवं अन्य अभिलेखों को एएट्ठगट्ट एवं ईमेल के माध्यम से समय पर भेजने का भी निर्देश दिया गया। लंबित कांडों के शीघ्र प्रभार ग्रहण करने, गुंडा पंजी एवं दागी पंजी को अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जेल से छूटे एवं जमानत पर बाहर आए अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान डायल 112 पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा बल की भी जांच की गई। रात्रि गश्ती को और अधिक मुस्तैदी से करने तथा कांडों में वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

# ड्यूटी जाने के दौरान कर्मचारी लापता, पुलिस ने किया बरामद

## अंबाला यार्ड में कार्यरत था कर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अंबाला यार्ड में ग्रुप डी के पद पर काम करने वाले लापता कर्मचारियों को केवड़ा थाने की पुलिस ने बरामद कर लिया है। दरअसल यह मामला पुनपुन केवड़ा ओपी क्षेत्र के निर्माण चक गांव की है, जहां पर बीते 03.11.25 को अपने घर निर्माणचक से अंबाला यार्ड ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था लेकिन ड्यूटी पर पहुंचने के बाद वह लापता हो गया था, लापता युवक का नाम धर्मपाल पिता उमेश पाल बताया जाता है। इस संबंध में लापता हुए धर्मपाल की मां चिंता देवी पति उमेश पाल के बयान पर केवड़ा थाना क्षेत्र में केवड़ा थाना कांड संख्या 365 25 के तहत गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। ऐसे में खोजबीन जांच अभियान के दौरान केवड़ा थाने के पुलिस ने रविवार को पोठही रेलवे स्टेशन के समीप भटकते हुए इसे बरामद किया है और इसकी परिजनों को सूचना दी है।

### पांच फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** धनरूआ पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटी के धर पकड़ अभियान के तहत पांच इश्तेहार वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसमें रंजीत रविदास, विष्णु देव रविदास दोनों नदपुरा गांव एवं भरत यादव ओलीपुर के अलावा पिंटू यादव और कमलेश यादव धनरूआ से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इन गिरफ्तार पांचो पर कोर्ट के द्वारा इश्तेहार निकाला गया था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने इन सबों को गिरफ्तार कर लिया है। और जेल भेजने की अग्रेतर कार्रवाई कर रही है यह सभी बहुत ही पुराने मामले के वांछित रहे हैं 2008 के दौरान के ही इन सबों पर मामला है। जो न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार वारंटी को लेकर गिरफ्तार की गई है।

# पुनपुन में देसी शराब को लेकर सघन छापेमारी, एक हजार लीटर जावा महुआ घोल नष्ट, 70 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** न्यू ईयर आने से पहले लगातार विभिन्न थानों की पुलिस ऑपरेशन देसी शराब अभियान चलाकर तबातोड़ शराब छापेमारी करने में जुटी हैं। ऐसे में रविवार को पुनपुन थाने की पुलिस श्रीपालपुर ठेका पर बस्ती में शराब की सघन छापेमारी की गई, इस दौरान तकरीबन 1000 जावा महुआ घोल को नष्ट किया गया है। वहीं तकरीबन 70 लीटर देसी शराब को जप्त करते हुए दो दर्जन से अधिक शराब की भठ्ठीयां ध्वस्त की है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि नया साल आने पर लोग शराब के साथ काफी जश्न मनाते हैं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर लगातार विभिन्न मुसहरी एवं चिन्हित शराब जोन पर तबातोड़ छापेमारी करते हुए भठ्ठीयां ध्वस्त की जा रही है और शराब माफियाओं पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि छापेमारी के दौरान शराब बनाने वाले धंधेबाज भागने में सफल रहे।



### छापेमारी में देसी कट्टा दो कारतूस जब्त

मसौढ़ी अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान रविवार को भगवानगंज पुलिस को एक घर में गांजा रखने की सूचना मिली थी, सूचना को सत्यापन करते हुए टीम गठित करते हुए भगवानगंज थाना क्षेत्र के काजीचक टीटीबिगहा गांव में छापेमारी की, जहां पर घर में पलंग के नीचे 410 ग्राम गांजा जप्त की गई है। वहीं सर्च अभियान के दौरान कुकर में छुपा कर रखे गए एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस को भी मौके पर से ही जप्त किया गया है। जांच पदाधिकारी ने बताया कि काजीचक टीटीबिगहा के विकास कुमार उम्र 25 वर्ष पिता स्व. डोमन यादव के घर में गांजा रखे जाने की सूचना मिली थी उसी को लेकर छापेमारी के दौरान देसी कट्टा और कारतूस बरामद की गई है। हालांकि आरोपी विकास कुमार को सूचना मिलते ही वह भागने में सफल रहा है जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

# अनधिकृत निर्माण और अवैध व्यवसाय पर नगर निगम सख्त, कई भवनों की जांच नोटिस जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** शहर में अनाधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और बिना वैधानिक अनुमति संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ रांची नगर निगम ने सख्ती तेज कर दी है। प्रशासक के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को वार्ड संख्या- 01 के कांके रोड, जवाहर नगर और मिशन गली क्षेत्र में तीन भवनों का भौतिक निरीक्षण किया गया, जहां नियमों के उल्लंघन के गंभीर मामले सामने आए। निगम ने कहा कि बिना नक्शा पारित कराए किसी भी प्रकार का भवन निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके साथ ही रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन भी नियमों के विरुद्ध है। इसके बावजूद कई स्थानों पर नियमों को दरकिनार कर निर्माण और व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं, जिस पर अब नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। निरीक्षण के दौरान पहले भवन में इनोवेटिव रिटेल कॉन्सेप्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन पाया गया। लेकिन जांच के दौरान स्वीकृत भवन प्लान प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि संबंधित भवन वैधानिक अनुमति के आधार पर संचालित है या नहीं। दूसरे भवन में हीरामनी देवी द्वारा सड़क मार्ग पर अतिक्रमण कर निर्माण किए जाने का मामला सामने आया। जांच में यह भी पाया गया कि उक्त निर्माण के लिए कोई वैध नक्शा या अन्य आवश्यक वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। नगर निगम ने इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना है, क्योंकि अतिक्रमण से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा भी प्रभावित होती है। तीसरा भवन लेक कैसल बिल्डिंग में बिना किसी वैधानिक दस्तावेज के होटल का संचालन किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान यहां भी स्वीकृत भवन प्लान और वैध ट्रेड लाइसेंस उपलब्ध नहीं कराया गया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति होटल या किसी भी प्रकार का व्यावसायिक संचालन पूरी तरह गैरकानूनी है। नगर निगम की टीम ने जांच के दौरान यह स्पष्ट किया कि संबंधित भवनों में संचालित गतिविधियां कमर्शियल होल्डिंग, स्वीकृत भवन प्लान और वैध ट्रेड लाइसेंस के आधार पर हैं या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। इसको लेकर सभी संबंधित व्यक्तियों और संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में 24 घंटे के भीतर सभी आवश्यक वैधानिक दस्तावेजों के साथ रांची नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम ने साफ किया है कि दस्तावेजों की विस्तृत जांच के बाद यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है या आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं। झारखंड नगरपालिका अधिनियम- 2011 और झारखंड भवन उपविधि-2016 के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत संबंधित भवनों को सील करने तक की कार्रवाई की जा सकती है। रांची नगर निगम ने अवैध निर्माण, अतिक्रमण और गैरकानूनी व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने की बात दोहराई है।

# विशुनपुर कैनाल से होगी 2059 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई

## जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्थल निरीक्षण कर दिया कार्य में तेजी लाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड अंतर्गत सोन नदी से उद्वह सिंचाई के माध्यम से विशुनपुर उपवितरणी के शेष कमांड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संचालित कार्य योजना का स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्य की भौतिक प्रगति, तकनीकी पहलुओं, गुणवत्ता मानकों तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में औरंगाबाद जिलान्तर्गत ल्लसोन नदी से उद्वह सिंचाई के माध्यम से विशुनपुर उपवितरणी के शेष कमांड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करानेङ्क की कार्य योजना की परिकल्पना की गई है। इस योजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिला के नवीनगर एवं बारून



प्रखंड के कुल 2059 हेक्टेयर असिंचित कृषि क्षेत्र को उद्वह सिंचाई के माध्यम से सिंचाई सुविधा से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के तहत सोन नदी में इनटेक वेल-सह-पम्प हाउस का निर्माण कर 51 घनसेक जलश्राव का उद्वह किया जाएगा, जिसे विशुनपुर उपवितरणी के 19.82 किलोमीटर भाग तथा इससे निकलने वाली नरारीकला लघु नहर में फीड किए जाने का प्रावधान है। योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के उपरांत नवीनगर प्रखंड अंतर्गत नरारीकला, बेनीबिगहा, ससना सहित अन्य ग्रामों तथा बारून प्रखंड अंतर्गत तेंदुआ, विशुनपुर, बाधा, सहसपुर, दरियाबाद, महदी, अम्बा, लखैपुर, जंगीबिगहा, सदुरी सहित अन्य गाँवों के कुल 2059 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्र के कृषकों को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बारून एवं नवीनगर को इस कार्य योजना की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ताकि कार्य के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न हो और योजना का लाभ समय पर लक्षित कृषकों तक पहुंच सके।

# ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ट्रैक्टर की टक्कर से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। घटना ओबरा थाना अंतर्गत बेल गांव की है। मृतक की पहचान बेल गांव निवासी स्व. मुंशी राम के पुत्र विशुनदेव राम के रूप में की गई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार विशुनदेव राम गांव से बाहर शौच के लिए गए हुए थे। इसी दौरान धान झरनी लगा हुआ एक ट्रैक्टर पीछे की ओर बैक कर रहा था। ट्रैक्टर चालक को पीछे मौजूद बुजुर्ग दिखाई नहीं दिया और लापरवाही के दौरान ट्रैक्टर सीधे विशुनदेव राम के ऊपर चढ़ गया। ट्रैक्टर से कुचलने के कारण बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंचे थानाध्यक्ष नीतीश कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटनास्थल से ट्रैक्टर एवं उसमें लगा धान झरनी को जब्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। मृतक के पुत्र कारु राम ने बताया कि शनिवार की शाम उसके पिता शौच के लिए बधार की ओर गए थे। आधे घंटे के बाद उनके मौत की सूचना मिली। मृतक विशुनदेव राम अपने परिवार के मुखिया थे। उनके परिवार में एक पुत्र कारु राम एवं दो पुत्रियां पनवा देवी और मुटरी देवी हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन गहरे सदमे में हैं और बार-बार बेसध हो जा रहे हैं। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर से दबने के कारण बुजुर्ग की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा ट्रैक्टर और धान झरनी को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# औरंगाबाद में आठवीं तक के सभी स्कूलों को 31 दिसंबर तक बंद रखने का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में पिछले कई दिनों से ठंड एवं शीत लहर की स्थिति बनी हुई है, जो विशेष रूप से बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती है। इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत स्कूल संचालकों के लिए आदेश निर्गत किया गया है। आदेश के अनुसार औरंगाबाद जिला अंतर्गत सभी निजी/ सरकारी विद्यालयों एवं निजी कोचिंग संस्थानों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में कक्षा 8वीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां 29 से 31 दिसंबर तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। साथ ही, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों एवं निजी कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियां इस अवधि में पूर्वाह्न 11:00 बजे से पहले तथा अपराह्न 03:30 बजे के पश्चात संचालित नहीं की जाएंगी। परीक्षा हेतु संचालित की जाने वाली विशेष कक्षाओं को इस आदेश से मुक्त रखा गया है। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। ठंड एवं मौसम की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा परिस्थितियों के अनुरूप अग्रेतर निर्णय लिया जाएगा।

# एनटीपीसी में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन से अर्थव्यवस्था को मिलेगी सकारात्मक गति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी में संचालित विकासात्मक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित कार्यों का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य एनटीपीसी के माध्यम से जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लेना तथा भविष्य में प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा करना था। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी को एनटीपीसी अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि एनटीपीसी द्वारा नवीनगर एवं बारून प्रखंड के कुल 11 गांवों में सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नवीनगर स्टेडियम का निर्माण, मंझियावां एवं तेतरहट में खेल मैदानों का विकास किया जा रहा है। सामुदायिक आधारभूत संरचना के तहत महुआवां एवं बड़ेम में सामुदायिक भवन तथा शिवनपुर, अंकोरहा एवं बाघी में विभिन्न केंद्रों का निर्माण कराया गया है। वहीं रघुनाथपुर एवं सलैया में विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य भी एनटीपीसी द्वारा कराया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अंकोरहा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, जिले के 24 गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन तथा औरंगाबाद जिले में टीबी रोगियों के लिए पोषण आहार (फूड बास्केट) उपलब्ध कराया जा रहा है। जल एवं प्रकाश व्यवस्था के अंतर्गत आसपास के



गांवों में चापाकल अधिष्ठापन का कार्य किया गया है, जिनमें 220 चापाकल अधिष्ठापनाधीन हैं। साथ ही 4 हाई मास्ट लाइट्स का अधिष्ठापन कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त 22 गांवों में 419 सोलर स्ट्रीट लाइट्स तथा 21 हाई मास्ट लाइट्स अधिष्ठापन की योजना प्रस्तावित है। शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में ग्रामीण विद्यालयों में बेंच-डेस्क एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई है। 17 विद्यालयों के 375 छात्रों के लिए ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसके अलावा विगत दो वर्षों से 40 बालिकाओं के लिए 'जीएएम' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एनटीपीसी द्वारा अब तक सामुदायिक विकास एवं सीएसआर मद में 72 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की जा चुकी है। एनटीपीसी द्वारा संचालित सीएसआर कार्यों के अतिरिक्त नवीनगर स्टेज-द्यद्य परियोजना से स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को सकारात्मक गति मिलेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एनटीपीसी की वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजनाओं से जिले में उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा एनटीपीसी अधिकारियों के साथ जिले के युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के विषय पर गहन विचार-विमर्श किया। जिलाधिकारी ने एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं ताकि क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी द्वारा संचालित विकासात्मक एवं औद्योगिक गतिविधियों का लाभ जिले के आम नागरिकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन के साथ सतत समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। अंत में जिलाधिकारी ने एनटीपीसी द्वारा जिले में किए जा रहे विकासात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में और भी व्यापक स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा जिससे औरंगाबाद जिले के समग्र एवं संतुलित विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कुटुंबा और अंबा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात अलग-अलग कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किये हैं। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान एनएच-139 पथ स्थित एरका सिंचाई कॉलोनी के समीप से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। इधर, कुटुंबा थाना क्षेत्र में विशेष समकालीन अभियान के तहत दारोगा प्रशांत त्रिवेदी ने नटवां टीकर गांव के समीप से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने चालक छोटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# गुप्तेश्वर बाबू ने बिहार की शिक्षा को दिया नया आयाम, चरित्र निर्माण पर रहा विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के चंद्रगढ़ गांव के निवासी तथा बिहार इंटरमीडिएट काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉक्टर गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को एक नया आयाम दिया। यह बात उनके पैतृक गांव स्थित गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह-नंद किशोर नारायण सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता सुनील सिंह ने जबकि संचालन कॉलेज के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि गुप्तेश्वर बाबू शिक्षा के क्षेत्र में सदैव सक्रिय रहे और उन्होंने चरित्र निर्माण करने वाली शिक्षा पर विशेष जोर दिया। बिहार इंटरमीडिएट काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कई ऐसे प्रतिमान स्थापित किए, जिनका पालन आज भी किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि उनकी



सकारात्मक सोच का ही परिणाम था कि चंद्रगढ़ जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बीएड कॉलेज और इंटर कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना संभव हो सकी। गुप्तेश्वर बाबू का मानना था कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है और एक शिक्षित व्यक्ति ही एक योग्य नागरिक बन सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य सच्चिदानंद सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर उदय प्रताप सिंह और युगल किशोर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभय वैद्य, श्याम बिहारी सिंह, राजेश कुमार सिंह, ललित राम, अर्जुन कुमार, सर्जन कुमार, आंचल नारायण सिंह, पैक्स अध्यक्ष सर्वेश सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष कृष्णा सिंह सहित कई प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे। कॉलेज के सचिव पंकज कुमार सिंह ने इस मौके पर भेजे अपने संदेश में स्वर्गीय गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह के शिक्षा के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन और कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

# ग्रामवासियों ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फेसर पंचायत के बसडीहा गांव में रविवार को ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 129वीं कड़ी सामूहिक रूप से सुनी। कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग निर्धारित समय से पहले ही एकत्र हो गए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के गौरवशाली पलों की चर्चा करते हुए खेल, विज्ञान, कला, युवाशक्ति और कौशल विकास जैसे विषयों पर प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को आशा की दृष्टि से देख रही है और इसकी सबसे बड़ी वजह देश की युवा शक्ति है। विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों और नई-नई खोजों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे विश्व के अनेक देश प्रभावित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं में कुछ नया करने के जुनून और उनकी जागरूकता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहने के प्रयास केवल भारत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दुनिया के अलग-अलग कोनों में बसे भारतीय भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए देश की सामूहिक चेतना और संकल्प को रेखांकित किया। कार्यक्रम में देश को प्रेरित करने वाले व्यक्तियों और उनके कार्यों का भी जिक्र किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, गौतम शर्मा, अविनाश कुमार, शैलेश कुमार शर्मा, हरिओम कुमार, प्रिंस कुमार, शशिरंजन कुमार, श्रीकांत पाठक, टिंकू मिश्र, उदय कुमार, उज्ज्वल सिंह, गंगा साव, गिरिधर शर्मा, पंकज कुमार और आलोक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महाबोधि महाविहार मुक्ति को लेकर जनसंपर्क यात्रा शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विश्व प्रसिद्ध महाबोधि महाविहार की मुक्ति और उसके पूर्ण बौद्ध प्रबंधन की मांग को लेकर बिहार में व्यापक स्तर पर धर्म प्रचार जनसंपर्क यात्रा शुरू की जा रही है। इसी के मद्देनजर रविवार को शहर के गांधी मैदान से रमेश चौक तक ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम एवं ऑल बुद्धिष्ट ऑर्गेनाइजेशन्स द्वारा पैदल मार्च निकाला गया। यह यात्रा रविवार यानी 28 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसकी शुरुआत औरंगाबाद से की गई है और बोधगया में समापन होगा। इस दौरान भीखू सुनील पाल थेरो ने बताया कि महाबोधि महाविहार केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि बौद्धों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और



आध्यात्मिक पहचान का केंद्र है। बावजूद बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 के तहत महाविहार का प्रबंधन आज भी पूरी तरह बौद्धों के हाथ में नहीं है। इसे बौद्ध समाज के संवैधानिक और मौलिक अधिकारों के खिलाफ बताया गया है। यात्रा के माध्यम से राज्यभर में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा जिसमें बताया जाएगा कि किस प्रकार ऐतिहासिक रूप से समृद्ध बिहार को सामाजिक भेदभाव, जातीय विभाजन और धार्मिक उपेक्षा का शिकार बनाया गया। भगवान बुद्ध ने इसी भूमि से करुणा, शांति और समानता का संदेश दिया था, जिसे आज पुनः मजबूत करने की आवश्यकता है। यात्रा के समापन पर एक फरवरी 2026 को बोधगया में विशाल महाजुटान आयोजित किया जाएगा, जिसमें बिहार सहित देशभर से लगभग एक लाख बौद्ध अनुयायियों के शामिल होने की संभावना है। इसी अवसर पर माघ पूर्णिमा महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम, प्रशिक्षण शिविर और 8 फरवरी को बौद्ध सामूहिक विवाह का भी आयोजन प्रस्तावित है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# मदरसा इस्लामिया परिसर में एक-दूजे के हुए दस जोड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रविवार को मदरसा इस्लामिया मैदान में इस्लामी बढ़ते कदम की ओर से 10 जोड़े का निकाह कराया गया। इस सामूहिक निकाह में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के जोड़ों का निकाह कराया गया। सामूहिक निकाह के दौरान नव वर वधू को कमेटी की ओर से जरूरत का सामान गिफ्ट के रूप में दिया गया। इस अवसर पर मौलाना ने सभी जोड़े को निकाह पढ़ाया। इस मौके पर लोगों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र ने बताया कि इस्लामी बढ़ते कदम के सदस्यों द्वारा सामूहिक निकाह का आयोजन किया गया जिसमें 10 जोड़े एक-




दूजे के हुए। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि दहेज प्रथा खत्म हो। कमेटी की ओर से यह सराहनीय प्रयास है। बेटी के जन्म लेने के बाद से ही वर्तमान समय में बेटी की शादी में दहेज के लिए लड़की के माता पिता परेशान होने लगते हैं, ऐसे में संस्था का यह प्रयास सराहनीय है। कमेटी की ओर से पहले दोनों परिवारों के सदस्यों से इसके लिए बातचीत की जाती है। फिर तैयार हो जाने के बाद जोड़ों का निकाह कराया जाता है और कमेटी की ओर से ही जरूरत की समान गिफ्ट के तौर पर दिया जाता है। नगर परिषद के चेयरमैन उदय गुप्ता, रेडक्रास चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में आपसी सद्भाव बढ़ता है। सामूहिक निकाह में शामिल वर-वधु का नाम गोपनीय रखा गया। सैयर मो. दायम ने बताया कि गरीब बच्चियों का सामूहिक निकाह 13 वर्षों से कराया जा रहा है। शादी के सभी खर्चे संस्था के द्वारा वहन किया जा रहा है। प्रबंधक निदेशक मो. अतहर हुसैन मंटू ने बताया कि पहली बार सामूहिक निकाह 2012 में आयोजित किया गया था। निकाह संपन्न होने के बाद दुल्हन को अपने साथ दूल्हा अपने घर लेकर गये। इस अवसर पर विवेकानंद स्कूल के संचालक डॉ शंभू शरण सिंह, जहीर अहसन आजाद सहित अन्य मौजूद रहे।


